# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, बुधवार 2 अप्रैल 2025


### नई परिवहन सेवा
## में न्यूनतम किराया 7 रुपए व प्रति किमी किराया करीब 1.50 रुपए संभावित




भोपाल। नई परिवहन सेवा नीति में सरकार न्यूनतम 7 रुपए किराया तय करने जा रही है। इसके बाद दूरी के आधार पर 1.25 रुपए या 1.50 रुपए प्रति किमी की दर से न्यूनतम किराया तय होगा। इस पर विस्तृत विचार विमर्श चल रहा है। अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के साथ बैठक में ली जाएगी। इसके साथ ही मप्र मोटरयान नियम 1994 के नियमों में आवश्यक संशोधन एवं वांछित प्रावधान करने की सैद्धांतिक स्वीकृति भी कैबिनेट की बैठक में दी गई है। कैबिनेट ने मंगलवार को नई परिवहन नीति (मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा) को मंजूरी दे दी। इसके तहत सबसे पहले उज्जैन व इंदौर संभाग में परिवहन सेवा संचालित किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश के बाकी संभागों में बारी-बारी से क्रियान्वित होगा। सरकार पीपीपी मोड पर निजी बसों से ही अनुबंध करेगी। ऐसी करीब 35 से 40 हजार बसों का संचालन कराएगी। इसके साथ ही राज्य स्तर व संभाग स्तर की सातों कंपनियों की भी अपने-अपने क्षेत्रों में परिवहन सेवा का संचालन किया जाएगा। सरकार केंद्र सरकार से मिलने वाली 500 ई-बसों का संचालन भी उसी आधार पर करेगी।

---

## मप्र के करीब साढ़े पांच लाख शासकीय सेवकों को तोहफा

# 9 वर्षों बाद शासकीय सेवकों के वाहन भत्ते मील भत्ते और ठहरने की पात्रता में बढ़ोतरी

### इससे सरकार पर करीब 1500 करोड़ रुपए से अधिक का अतिरिक्त भार आएगा

**मोहन कैबिनेट बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के करीब साढ़े पांच लाख शासकीय सेवकों को सरकार करीब 9 वर्षों बाद दैनिक भत्ता, वाहन भत्ता, मील भत्ता, ठहरने की पात्रता, प्रदेश के बाहर यात्रा के दौरान स्थानीय परिवहन, स्थानांतरण पर घरेलू सामान का परिवहन, अनुदान तथा स्थायी यात्रा भत्ते में बढ़ोतरी करने जा रही है। इस मसौदे को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई है। इससे सरकार पर करीब 1500 करोड़ रुपए से अधिक का अतिरिक्त ▶▶ शेष पेज 4 पर



### वाहन भत्ते में यह निर्णय लिया गया

कैबिनेट ने दैनिक भत्ता, वाहन भत्ता, मील भत्ता, ठहरने की पात्रता, प्रदेश के बाहर यात्रा के दौरान स्थानीय परिवहन, स्थानांतरण पर घरेलू समान का परिवहन एवं स्थानांतरण अनुदान, स्थायी यात्रा भत्ता में मूल्य सूचकांक के आधार पर वृद्धि की जाएगी। इसके साथ ही अतिरिक्त कार्य के लिए दोहरा भत्ता, राज्य शासन के पात्र चिकित्सकों और चिकित्सा शिक्षकों को दिए जाने वाला अव्यवसायिक भत्ता, सचिवालयीन भत्ता एवं मंत्रालयीन अधिकारियों के लिए विशेष भत्ता की स्वीकृति दी गई है। इस अनुसार यदि किसी कर्मचारी को यदि 350 रुपए वाहन भत्ता मिलता था तो वह बढ़कर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शासकीय सेवकों को देय विभिन्न भत्तों के पुनरीक्षण का निर्णय

शासकीय सेवकों के लिए सातवें वेतनमान में देय मूल वेतन के आधार पर ए श्रेणी के नगरों के लिए 10 फीसदी, बी श्रेणी के नगरों के लिए 7 फीसदी, सी एवं डी श्रेणी के नगरों के लिए 5 फीसदी के आधार पर गृह भाड़ा भत्ता प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही शासकीय सेवकों की मृत्यु पर परिवार को देय अनुग्रह अनुदान वर्तमान में निर्धारित पात्रता का 2.57 गुणक के आधार पर अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपए तक दिया जाएगा। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

---


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु - गुजरात
शाम 7.30 बजे से


**चतुर्थः मां कूष्मांडा**



सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

---

**खबर संक्षेप**

### एसबीआई की सेवाएं रहीं ठप! बैंकिंग, एटीएम का उपयोग नहीं कर पाए




**भोपाल।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सेवाएं मंगलवार को अचानक ठप पड़ गई हैं और इस बैंक को बड़े आउटेज का सामना करना पड़ा है। अचानक आई इस दिक्कत के चलते यूजर्स को पैसे ट्रांसफर करने, मोबाइल बैंकिंग करने और एटीएम तक की सेवाएं यूज करने में दिक्कत आई। कंपनी ने इस मामले में बयान जारी किया है। एसबीआईं ने एक्स पर अपने अकाउंट पर बताया कि एनुअल क्लोजिंग ऐक्टिविटीज के चलते इसकी सेवाएं दोपहर 1 बजे से लेकर शाम के 4 बजे तक प्रभावित रहेंगी। बता दें, नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने भी लिखा कि वित्तीय वर्ष खत्म होने और क्लोजिंग के चलते कई बैंकों की वित्तीय सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

---

*वक्फ पर आए सुझावों पर विचार के लिए जगदंबिका पाल के नेतृत्व में संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था*

भाजपा ने अपने सभी लोकसभा सांसदों के लिए व्हिप जारी किया

# विपक्ष के विरोध के बीच आज पेश होगा वक्फ बिल, 8 घंटे होगी चर्चा

विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करना है, ताकि वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में मुद्दों और चुनौतियों का निवारण किया जा सके। संशोधन विधेयक भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार करना चाहता है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा। बिल लोकसभा में दोपहर 12 बजे पेश होगा। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में विधेयक को पेश करने की जानकारी दी गई। बिल पर 8 घंटे तक चर्चा होगी। यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश होने से पहले भारतीय जनता पार्टी ने सभी लोकसभा सांसदों को बुधवार को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

इधर, विपक्ष ने इस बिल पर चर्चा के लिए 12 घंटे के समय की मांग की है। केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि कल प्रश्नकाल के बाद विधेयक को विचार और पारित करने के लिए पेश किया जाएगा और उसके बाद 8 घंटे की चर्चा होगी, जिसे बढ़ाया भी जा सकता है। रिजिजू ने विधेयक का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, ▶▶ शेष पेज 4 पर

**प्रश्नकाल के बाद विधेयक को विचार और पारित करने के लिए पेश किया जाएगा**

**विधेयक को इससे पहले पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था**

### विपक्ष ने इस बिल पर चर्चा के लिए 12 घंटे के समय की मांग की




दिल्ली में हुआ प्रदर्शन

### सरकार का दावा: यह विधेयक धार्मिक संस्थानों की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं करता

किरेन रिजिजू ने जोर देकर कहा कि यह विधेयक धार्मिक संस्थानों की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं करता है और इसे उन लोगों को अधिकार देने के लिए बनाया गया है, जिन्हें पहले ये अधिकार नहीं थे। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ प्रबंधन में सुधार, पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ाना है।

### नया वक्फ बिल क्यों लाया गया?

इसका उद्देश्य पिछले अधिनियम की कमियों को दूर करना और अधिनियम का नाम बदलने, वक्फ की परिभाषाओं को अपडेट करने, पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार और वक्फ रिकॉर्ड के प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका बढ़ाने जैसे बदलाव लाकर वक्फ बोर्डों की दक्षता को बढ़ाना है। वक्फ संपत्तियों को विनियमित करने के लिए अधिनियमित 1995 का वक्फ अधिनियम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तेलुगु देशम पार्टी के तीन संशोधनों को सरकार ने स्वीकारा

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने अपनी मुहर लगा दी है। पार्टी द्वारा सुझाए गए तीनों संशोधनों को सरकार ने स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद अब टीडीपी पूरी तरह से बिल का समर्थन करेगी। लोकसभा में होने वाले मतदान में चंद्रबाबू नायडू की पार्टी बिल के पक्ष में वोट करेगी। तेलुगु देशम पार्टी ने वक्फ बाय यूजर से जुड़े प्रावधान में संशोधन का प्रस्ताव रखा था, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है। नए संशोधन के तहत वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के लागू होने से पहले जो भी वक्फ बाय यूजर संपत्तियां पंजीकृत हो चुकी हैं, वे वक्फ संपत्तियां बनी रहेंगी। हालांकि, अगर कोई संपत्ति विवादित है या सरकारी संपत्ति में आती है, तो वह वक्फ संपत्ति नहीं मानी जाएगी। इसके अलावा वक्फ मामलों में कलेक्टर को अंतिम प्राधिकारी न मानने के टीडीपी के प्रस्ताव को भी विधेयक में शामिल कर लिया गया है। इसके तहत राज्य सरकार एक अधिसूचना जारी कर कलेक्टर से ऊंचे पद के अधिकारी को जांच के लिए नामित कर सकती है। इससे वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच संभव होगी। टीडीपी द्वारा सुझाए गए तीसरे प्रमुख संशोधन के तहत वक्फ ट्रिब्यूनल को ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

**सीएम डॉ. यादव ने जताया शोक, मदद का ऐलान**

## बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग, 21 की मौत



### मरने वालों में 8 हरदा तो 9 देवास के मजदूर, गोदाम में चल रही थी फैक्ट्री

**दो दिन पहले ही रोजगार की तलाश में वहां पहुंचे थे मजदूर** | **पुलिस की एक टीम हरदा से बनासकांठा रवाना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/हरदा/देवास

गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग हादसे में 21 श्रमिकों की मौत हो गई है। हादसे में मृतक श्रमिकों में सभी मप्र के मजदूर बताए जा रहे हैं। इसमें हरदा जिले के हंडिया के रहने वाले 8 और 9 देवास के मजदूरों की पहचान हुई है। मृतकों में बाकी लोगों की अभी पहचान होना बाकी है। ये मजदूर दो दिन ▶▶ शेष पेज 4 पर

- गुजरात सरकार के संपर्क में है मोहन सरकार

### हादसे वाली जगह सिर्फ भंडारण की अनुमति थी

मंगलवार को बनासकांठा जिले के डीसा औद्योगिक क्षेत्र में पटाखा बनाने की फैक्ट्री में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। यहां सिलसिलेवार विस्फोट होने से फैक्ट्री के कुछ हिस्से ढह जाने से अंदर कुछ श्रमिक फंस गए। इस हादसे में 21 मजदूरों की मौत की जानकारी है। वहीं, जानकारी के अनुसार हादसे वाली जगह सिर्फ भंडारण की अनुमति थी, लेकिन उसकी आड़ में गोदाम की जगह पटाखा फैक्ट्री चलाई जा रही थी।

---

*कैश कांडः सुप्रीम कोर्ट के पूछे गए सवालों के जवाब में जस्टिस वर्मा ने कहा*

**मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की समिति कर रही**

## मुझे नहीं मालूम कि कैश कहां से आया...और उसे किसने हटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में कैश कांड का रहस्य बरकरार है। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर लगी रहस्यमयी आग और कथित नोटों के जलने को लेकर जांच जारी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने जज यशवंत वर्मा से सीधे तौर पर तीन सवालों के जवाब तलब किए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने सवालों में सीधे तौर पर घर में लगी आग



और कथित नोटों के जलने को लेकर सवाल पूछा। जस्टिस वर्मा के घर 14 मार्च यानी होली वाली रात को आग लगी थी। आग पर काबू पाने के दौरान ही कैश कांड का खुलासा हुआ था।

### जस्टिस वर्मा से सुप्रीम कोर्ट के ये थे तीन सवाल

पहला सवाल था कि जस्टिस वर्मा के घर में स्थित कमरे में मौजूद धन/कैश की उपस्थिति का हिसाब वह कैसे देते हैं? दूसरा सवाल था कि उक्त कमरे में पाए गए कैश का सोर्स बताएं? तीसरा अहम सवाल था कि वह व्यक्ति कौन है, जिसने 15 मार्च 2025 की सुबह कमरे से जले हुए नोट निकाले थे? अन्य हिदायतें भी सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा से यह भी कहा कि आप अपने मोबाइल फोन को नष्ट न करें। अपने मोबाइल फोन से किसी भी बातचीत संदेश या डेटा को न हटाए ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

**हिंदू संगठनों का क्रिश्चियन स्कूल में हंगामा**

## भगवान राम पर विवादित स्टेटस से भड़के, तोड़फोड़ कर कीचड़ फेंका

### थाने में फादर पहुंचे तो उनको पीटा, विरोध में ईसाई समुदाय ने भी घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

स्कूल संचालक के स्टेटस पर भगवान राम को लेकर की गई टिप्पणी के बाद हिंदूवादी संगठन भड़क गए। कार्यकर्ताओं ने स्कूल में घुसकर हंगामा कर दिया। पोस्टर फाड़े, तोड़फोड़ भी की।

खिड़कियों के कांच भी तोड़ दिए। प्रदर्शनकारियों ने कीचड़ से भरी पॉलीथिन स्कूल के अंदर फेंकी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल की दीवार पर भी कालिख पोतकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि स्कूल संचालक माफी मांगे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन स्कूल संचालक के खिलाफ जब




तक कार्रवाई नहीं करेगा तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। 3 घंटे बाद पुलिस की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। दरअसल, सोमवार की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ईसाई समुदाय ने एसपी ऑफिस में दो घंटे तक डाला डेरा

इससे पहले रांझी थाना परिसर में फादर जार्ज डेविस को पीटने के मामले में ईसाई समुदाय के लोगों ने मंगलवार को एसपी ऑफिस का घेराव कर दिया। दो घंटे तक हंगामा चला। हंगामे की सूचना पर ओमती समेत सिविल लाइन, बेलबाग की थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जिन लोगों ने फादर के साथ मारपीट की थी उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें तुरंत ही गिरफ्तार किया जाए।

---

**घटना कब की... किसी को नहीं मालूम**

## भगवान की बनी रंगोली को पैर से बिगाड़ने वाले सहायक प्राध्यापक पर मामला दर्ज

वीडियो करीब 10 दिन पहले वायरल हुआ था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

अंचल के कन्नौद के शासकीय महाविद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान पिछले दिनों उकेरी गई भगवान राधा-कृष्ण की आकृति वाली रंगोली को पैर से बिगाड़ने के मामले में सहायक प्राध्यापक पर जांच के बाद प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके पहले रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक जुजेर अली रंगवाला द्वारा रंगोली को पैर से बिगाड़ने का एक वीडियो सोशल मीडियो पर वायरल हुआ था। हालांकि हरिभूमि में इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। इस मामले में भोपाल तक शिकायत हुई थी जिस पर मंत्री विश्वास सारंग ने कड़ी कार्रवाई की बात कही थी। कन्नौद पुलिस के मुताबिक मामले में शिकायती आवेदन मिलने के बाद जांच शुरू की गई। प्रभारी प्राचार्य द्वारा उनके स्तर से की गई जांच में घटनास्थल उनके कॉलेज का ही होना पाया गया। इसके बाद उनके आवेदन के आधार पर आरोपित सहायक प्राध्यापक पर दो दिन पहले भारतीय न्याय संहिता की धारा 298, 196 के तहत केस दर्ज किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

**ओटीटी पर अयोध्या से एक विशेष लाइव स्ट्रीमिंग होगी**

उत्सव में राम के जन्म, रामायण के सात कांड और राम जन्मभूमि से जुड़ी कथा लाइव स्ट्रीम पर चलेगी

## रामनवमी पर राम कथा सुनाएंगे अमिताभ बच्चन राम जन्मभूमि से आरती व अनुष्ठान होगा प्रसारित

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनवमी के अवसर पर जियो-हॉटस्टार दर्शकों के लिए अयोध्या से एक विशेष लाइव स्ट्रीमिंग करेगा। इस दौरान अमिताभ बच्चन भगवान राम की प्रेरक कथा सुनाएंगे। साथ ही राम जन्मभूमि पर होने वाले सभी विशेष धार्मिक कार्यक्रमों को भी इस पर प्रसारित किया जाएगा। 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक यह स्ट्रीमिंग चलेगी। स्ट्रीमिंग के दौरान अमिताभ बच्चन राम के मूल्यों पर चर्चा करेंगे। उत्सव में राम के जन्म, रामायण के सात कांडों और राम जन्मभूमि से जुड़ी कथा लाइव स्ट्रीम पर चलेगी।

इसके अलावा अमिताभ बच्चन बच्चों के साथ एक इंटरैक्टिव सेशन भी करेंगे। जिसमें रामायण के कांडों की चुनिंदा कहानियों और दोहों को भी दिखाया जाएगा।



### अयोध्या से क्या-क्या देख सकेंगे स्ट्रीमिंग में

इस स्ट्रीमिंग के माध्यम से अयोध्या में की जाने वाली विशेष पूजा से लेकर, मंदिरों में पवित्र अनुष्ठान, भद्राचलम, पंचवटी, चित्रकूट और अयोध्या की लाइव आरती का आनंद दर्शक उठा पाएंगे। वहीं कैलाश खेर और मालिनी अवस्थी सहित मशहूर कलाकारों द्वारा मंत्रमुग्ध करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रसारित होंगी।

**प्रोजेक्ट को लेकर बोले अमिताभ**

### पवित्र अवसर का हिस्सा बनना बड़ा सम्मान

इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने पर अमिताभ बच्चन ने आभार जताया। बिग बी ने कहा कि ऐसे पवित्र अवसर का हिस्सा बनना बड़ा सम्मान है। रामनवमी एक त्योहार से कहीं बढ़कर है। यह भगवान राम द्वारा बताए गए धर्म, भक्ति और धार्मिकता के आदर्शों को अपनाने का समय है। ओटीटी प्लेटफॉर्म द्वारा दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभव देने का यह एक प्रयास है।

# कर्फ्यू के दौरान हुई माता रानी की स्थापना, भक्तों ने नाम दिया कर्फ्यू वाली माता



## करीब चार दशक पूर्व बना भवानी मां का मंदिर, रक्षा सूत्र बांधने से होती है मनोकामना पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




पुराने शहर का पीरगेट सोमवारा चौक आस्था का प्रमुख स्थल है। यह मंदिर कर्फ्यू वाली माता मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। करीब चार दशक पूर्व यहां भवानी मंदिर बना, तब से यहां पर माता के जयकारे गूंज रहे हैं। वैसे तो सालभर यहां दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगाता है।

मंदिर के नाम के पीछे ऐतिहासिक महत्व भी है। यह मंदिर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की तर्ज पर विकसित किया गया। इसलिए यह राजधानी के रहवासियों के बीच स्वर्ण मंदिर के नाम से पहचाने जाने लगा है। पीरगेट इलाके में स्थित कर्फ्यू वाली माता रानी के दरबार की अपनी महिमा है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु माता रानी के दर्शन को आते हैं।



### 50 रुपए से अधिक का दान देने पर दी जाती है रसीद

मंदिर समिति के अध्यक्ष आशीष सैनी ने बताया कि एक तरफ जहां देश के अन्य मंदिरों में अकूत धन चढ़ता है, जिसका अधिकांश मंदिर समितियां, ट्रस्ट कोई रिकॉर्ड नहीं रखती हैं, लेकिन इस मंदिर में 50 रुपए से अधिक का दान देने पर रसीद दी जाती है। पेटी में जो दान किया जाता, वह गुप्तदान रहता है। इसी पैसे से मंदिर का संचालन व वर्षभर के सभी बड़े त्यौहार मनाए जाते हैं।

### मां के आशीर्वाद से पूरी हुई सभी मुरादें



*श्रद्धालु राम बाबू मेहरा ने बताया कि वे कई सालों से मां के दरबार में आ रहे है। जब भी कोई कष्ट या परेशानी आई तो माता रानी ने दूर की। मातारानी के इस दरबार में मन्नत के लिए रक्षासूत्र बांधते हैं। मैं व घर-परिवार के लोग सालों से माता रानी के दरबार में आ रहे हैं। माता रानी के दरबार में अर्जी लगाने पर मनोकामना पूरी होती हैं।*

### ऐसे पड़ा कर्फ्यू वाली माता नाम

इस मंदिर का नाम कर्फ्यू वाली माता पड़ने के पीछे बड़ी कहानी है। मंदिर के पुजारी रमेश चौबे ने बताया कि 1982 में जब मंदिर का निर्माण हो रहा था, तो राजधानी में खासकर पुराने भोपाल इलाके में साम्प्रदायिक तनाव



के हालात पैदा हो गए थे और स्थिति पर नियंत्रण के लिए इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया था। प्रशासन ने रातों-रात मूर्ति हटवाकर शीतलदास की बगिया में रखवा दी थी। इस बात से भोपालवासी खासा नाराज हो गए थे और तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा था। कर्फ्यू करीब एक महीने तक रहा और आखिरकार प्रशासन को हार मानकर मंदिर में मां की प्रतिमा को स्थापित करना पड़ा था। तब से इस मंदिर का नाम कर्फ्यू वाली माता पड़ा। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इस दौरान तात्कालीन मुख्य मंत्री अर्जुन सिंह की मां की तबीयत अचानक बिगड़ गई। दिन पर दिन उनकी तबीयत खराब होती जा रही है। इस दौरान उनको एहसास हुआ कि माता रानी की मूर्ति हटाने के कारण यह परेशानी हो रही है, तब उन्होंने अपने आदेश को वापिस लिया और माता रानी का आशीर्वाद लेते हुए, माता की मूर्ति वहीं पर स्थापित करने के आदेश प्रशासन को दिए थे।

---

## राजधानी में निकलेगा चल समारोह, मंदिरों सहित चौक-चौराहों में होगा प्रसाद वितरण

# पुष्य नक्षत्र, लक्ष्मी नारायण व सुकर्मा योग में 6 अप्रैल को मनाई जाएगी रामनवमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार 6 अप्रैल को चैत्र नवरात्रि का अंतिम दिन रहेगा। इस दिन श्री राम का प्रकट उत्सव भी मनाया जाएगा। त्रेतायुग में चैत्र शुक्ल नवमी पर भगवान विष्णु अयोध्या में राजा दशरथ के यहां पुत्र बनकर राम अवतार लिए थे। इस बार रामनवमी 6 अप्रैल को मनाई जाएगी। 5 अप्रैल को 12.5 बजे रात में नवमी तिथि प्रवेश करेगी और 6 अप्रैल को 11.15 बजे रात में समाप्त होगी।



मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि रामनवमी के दिन पुष्य नक्षत्र सुबह 9.42 बजे प्रवेश करेगा, वहीं दोपहर 2.16 बजे तक कर्क लग्न रहेगा। इसी लग्न में भगवान राम की पूजा शुभ फलदायक है। पुष्य नक्षत्र, लक्ष्मी नारायण व सुकर्मा योग में रामनवमी मनाई जाएगी। इस शुभ संयोग में आने वाला विशेष त्यौहार बहुत ही शुभ माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ था। इसलिए उस दिन श्री रामनवमी का त्यौहार मनाते हैं।

### गुरुबख्श की तलैया में होगा सुंदरकांड

रामनवमी पर सभी मंदिरों में विशेष आयोजन होगा। राजधानी की धार्मिक व सामाजिक समीतिया चल समारोह शोभायात्रा निकालेगी। मंदिरों सहित चौक चौराहों में प्रसाद वितरित किया जाएगा। गुरुबख्श की तलैया स्थित श्रीराम मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। भगवान का पंचामृत स्नान,भक्ति संगीत और दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म पर विशेष आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## कई क्षेत्रों में दूसरे दिन भी महिलाओं ने गणगौर व्रत रखकर की सामूहिक रूप से माता रानी की पूजा, किया भजन-कीर्तन

गणगौर तीज व्रत व पूजन को लेकर तिथि के क्षय होने की वजह से असमंजस की स्थिति देखने को मिली। इसके चलते जहां कुछ महिलाओं ने सोमवार को पूजन कर लिया था। तो वहीं मंगलवार को भी कई महिलाओं ने व्रत रखकर सामूहिक रूप से गणगौर माता की पूजा की और पति की लंबी आयु की कामना की। कई महिलाओं ने माता रानी से अपने पति व बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आशीर्वाद मांगा।



राजधानी में रोशनपुरा चौराहे से अग्रवाल समाज की महिलाओं ने निकाला गणगौर माता की शोभायात्रा।

### मारवाड़ी रोड स्थित पंचायत मंदिर में हुई पूजा

मंगलवार को मारवाड़ी रोड स्थित पंचायत मंदिर में ईसर-गणगौर की विधि-विधान से पूजा की। सोलह श्रृंगार कर पारंपरिक परिधान पहने महिलाएं बाग-बगीचों से हरी दूब, फूल-पत्ती चुनते हुए ताजा पानी भरा कलश सिर पर रख गणगौर माता के गीत गाते घर लौटी। मंदिर में विराजमान ईसर-गणगौर के समक्ष 'गोर गोर गोमती ईसर पूजे पार्वती' गीत गाते अखंड सुहाग की कामना की। युवतियों ने अच्छे वर की कामना के लिए पूजन किया।



माहेश्वरी समाज की रितु माहेश्वरी ने बताया कि होली के अगले दिन धूलंडी से चैत्र शुक्ल तृतीया तक 16 दिन गणगौर पूजन किया जाता है। महिलाएं पति की दीर्घायु होने की कामना करते पार्वती और भगवान शिव स्वरूप ईसर-गणगौर का पूजन करती हैं। माता गौरी के समक्ष सुहाग की सामग्री चढ़ाई जाती है। फिर गोर-गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती गीत गाते दूब और पानी से गणगौर माता को छींटे लगाकर पूजन करती हैं।



## नवरात्रि पर्व पर मंदिरों में उमड़ रहे श्रद्धालु घरों में भक्त कर रहे हवन-पूजन और पाठ

### *नवरात्रि के चौथे दिन भक्तों ने की मां कुष्मांडा की पूजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर चहूं ओर माता के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। श्रद्धालु सुबह से ही माता रानी को जल अर्पित कर पूजा करने मंदिरों में पहुंच रहे हैं। कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की लाइन भी देखी गई है।

वहीं चौथे दिन मंगलवार को माता कुष्मांडा की पूजाकर भोग लगाया। श्रद्धालु माता का आशीर्वाद पाने के लिए व्रत, पूजा, सप्तशती पाठ कर रहे हैं। माता की पूजा करने से सारे रुके काम पूरे हो जाते हैं। नगर में भी अलग-अलग धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। महापौर मालती राय सेमरा कलां में मां शारदा उत्सव समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित भव्य चुनरी यात्रा में सम्मिलित हुईं।



### नवरात्रि पर माता रानी की पूजा के साथ महिला शक्ति के सम्मान करने का ले संकल्प



नवरात्रि पर्व पर जहां माता रानी की पूजा करना चाहिए। इस दौरान पूरी अस्था व मन की शुद्धि का विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। सभी लोगों सिर्फ देवी मां की पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि ये नारी शक्ति के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा का प्रतीक भी है। इस पावन पर्व के अवसर पर कन्या पूजन तो करें हीं, साथ ही समाज में महिलाओं के सम्मान का भी संकल्प लें, जिससे देवी की आराधना सार्थक हो सके।

**पुजारी पंडित श्रीहरि जोशी**, शीतला माता मंदिर, टीला जमालपुरा

## श्रीमद् भागवत कथा 7 से: महिलाओं को वितरित किए कलश और श्रीफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां शीतला माता मंदिर जनता नगर पर आयोजित होने वाली संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर सात अप्रैल को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के पदाधिकारियों द्वारा कथा वाचक पंडित सुशील महाराज के नेतृत्व में मंगलवार से कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं को कलश और श्रीफल वितरित किए गए। पंडित सुशील महाराज ने बताया कि कलश शोभायात्रा में सभी महिलाएं पीले रंग की साड़ी पहने 251 कलश लेकर चलेंगी। कलश यात्रा मां शीलता मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न स्थानों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। कलश यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालु फूल बरसाकर स्वागत करेंगे। समिति के संरक्षक विजय सिंह ने बताया कि महिलाएं अपने घर से कलश में गंगाजल या मां नर्मदा जल भरकर कलश यात्रा में शामिल होगी। श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन सात अप्रैल को कथावाचक पं सुशील महाराज भक्तों को निःशुल्क श्रीहरि रक्षा कवच का वितरण करेंगे।



## आनंदधाम में वृद्धजनों की सेवा कर मनाएंगे निषादराज जयंती

**भोपाल**। निषादराज जयंती आनंदधाम स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों की सेवा कर मनाई जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि निषादवंशीय माझी, कीर, कहार, केवट, ढीमर, भोई, मल्लाह, मझवार कल्याण समिति (रजि.) की ओर से मछुआ समाज के आराध्य देव भगवान निषादराज केवटराज ने त्रेता युग में भगवान श्रीराम, माता सीता को अपनी नाव से गंगा पार कराकर उनके पैर धोकर सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त किया था, इसी प्रकार समाज जन वृद्ध जनों की सेवा कर मानव सेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की दृष्टि से जयंती पर्व को वृद्ध जनों के बीच में मनाएंगे।

इस अवसर पर समिति के मुकेश केवट, अनिल रायकवार, संजय माझी, अनिल कश्यप, कमलेश खरे, सीताराम बाथम, जमुना प्रसाद सोंधिया, शांता रायकवार, ममता रायकवार, सपना रायकवार, वीर सिंह रायकवार, चंदन बाथम आदि अनेक सदस्य भगवान निषादराज का पूजन अर्चन कर वृद्ध जनों को भोजन कराएंगे।

## एनएलआईयू सीएलटी: पहली बार अंतरिक्ष कानून पर वर्कशॉप

**अंतरिक्ष स्थिति जागरुकता कंपनी दिगंतरा बेंगलुरु में कानूनी और नीति की प्रबंधक ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनएलआईयू-सेल फॉर लॉ एंड टेक्नोलॉजी ने अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए कानूनी और नियामक ढांचे विषय पर अंतरिक्ष कानून को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया। विधि और प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ की स्थापना वर्ष 2019 में राष्ट्रीय विधि संस्थान विवि, भोपाल में की गई है।

यह विधि और तकनीकी शिक्षा के एकीकरण में उत्कृष्टता प्राप्त करने के उद्देश्य से हुई थी। पहली बार प्रकोष्ठ ने अंतरिक्ष कानून पर



इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता कंपनी दिगंतरा, बेंगलुरु में कानूनी और नीति की प्रबंधक गीतांजलि कामत ने भाग लिया। उन्होंने अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी के प्रमुख कानूनी और नियामक पहलुओं के संबंध में जानकारी दी। इसमें प्रमुख राष्ट्रीय नीतियों, विधायी विकास और वाणिज्यिक अंतरिक्ष संचालन में चुनौतियों को लेकर चर्चा की गई।

कार्यशाला में विधि और प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ ने प्रतिभागियों को अंतरिक्ष अवलोकन और खगोलीय अध्ययन के माध्यम से एक व्यावहारिक अनुभव के लिए विज्ञान केंद्र भोपाल में एक अंतरिक्ष वेधशाला सत्र का आयोजन भी किया है।

## सीएम राइज स्कूल योजना का नाम बदलने पर नेता प्रतिपक्ष बोले-भाजपा की यह विकास की परिभाषा

**भोपाल**। सीएम राइज स्कूल का नाम बदलने पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मोहन यादव सरकार को घेरा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पाहले बेरोजगारों को आकांक्षी नाम दिया, अब मोहन सरकार ने शिवराज सरकार में जारी सीएम राइज स्कूल योजना का नाम बदलकर 'सांदीपनि' रख दिया है। क्या ये बदलाव शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए है या सिर्फ नाम बदलकर दिखावे की राजनीति को चमकाने और नया रंग बनाने के लिए है? जब शिक्षा के असली मुद्दों पर काम करने की जरूरत थी, तब सरकार ने नाम बदलने की दिशा में कदम उठाया। जनता अब मूर्ख नहीं है, ये सब नाम बदलने की सस्ती राजनीति है। हमें असली सुधार चाहिए, दिखावा नहीं।

### 3 से शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला व्रत

## भोजपुरी समाज का चार दिवसीय चैती छठ पूजा शुरू, खरना आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपुरी एकता मंच अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि भोजपुरी समाज का लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा का प्रथम दिन का शुभारंभ नहाए खाए के साथ हुआ। 2 अप्रैल पंचमी को पूरे दिन निर्जला उपवास रखने के उपरांत शाम को पूजा अर्चना करने के बाद रोटी गुड़ से निर्मित खीर, ऋतु फल इत्यादि का सेवन किया जाता है, जिसे खरना कहते हैं। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। 3 अप्रैल को स्थान शीतल दास की बगिया कमला पार्क पर शाम 5 बजे पहुंचेंगे सभी श्रद्धालु डूबते हुए सूर्य भगवान को ठेकुआ पकवान, ऋतु फल, अक्षत, दीप सभी सामान सूपा में सजाकर कमर तक पानी में खड़े होकर सामूहिक रूप से शाम 6:36 पर डूबते हुए सूरज भगवान को अर्घ्य अर्पित करेंगे। 4 अप्रैल को प्रातः 6:10 पर उगते हुए सूर्य भगवान को पकवान, ऋतु फल, इत्यादि सुप में सजाकर कच्चे गाय के दूध से अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन या पारण करेंगे।

## ग्राहक बनकर आई महिलाओं ने चुराए कंगन

**भोपाल**। राजधानी के मालवीय नगर में राज श्री ज्वेलर्स शोरूम से ग्राहक बनकर आई दो महिलाओं ने लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर लिए। उनके साथ एक मासूम बच्चा भी था। घटना के सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। अरेरा हिल्स पुलिस ने अज्ञात महिलाओं पर एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। अरेरा हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक रोशनपुरा चौराहे के नजदीक राज श्री ज्वेलर्स शो रूम है। 28 मार्च को दुकान में दो महिलाएं आईं, उनके साथ एक बच्चा भी था। उन्होंने सोने की चूड़ी दिखाने के लिए बोला। दुकान पर मौजूद सेल्स मेन राजेश अग्रवाल ने उन्हें कई तरह की चूड़ियां दिखाई। करीब आधा घंटा तक उन्होंने सामान देखा। इसके बाद सामान पसंद न आने का बहाना बनकर महिलाएं चली गईं। उनके जाने के बाद सेल्स मैन वापस जेवरातों को बॉक्स में रखकर शोकेस में जमाने लगा। इसी दौरान उसे अहसास हुआ कि गोल्ड का एक चूड़ी का सेट नहीं हैं।

### डीआइजी बंगला क्षेत्र के रहवासियों ने कलेक्टर से की शिकायत

# फैक्ट्रियों से निकलने वाला हानिकारक धुआं व जहरीले पानी से हो रहीं लोगों में बीमारियां

**जनसुनवाई में पहुंची 75 आवेदकों ने की शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के डीआईजी बंगला क्षेत्र में संचालित हो रहीं फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले पानी और धुएं ने रहवासियों का सुख-चैन छीन लिया है। शक्तिनगर, रिसालदार कॉलोनी सहित आसपास क्षेत्र के रहवासियों का गंदगी की वजह से जीना मुश्किल हो गया है। इससे परेशान होकर रहवासियों ने कलेक्टर जनसुनवाई में गुहार लगाई है। कलेक्टर जनसुनवाई में 75 आवेदकों ने अपनी समस्याएं बताईं, जिनको कलेक्टर सहित एडीएम व अन्य अधिकारियों ने सुनते हुए निराकरण किया।



पुराने शहर के डीआइजी बंगला क्षेत्र में स्थित रिसालदार, शक्ति नगर और अटल अय्यूब नगर कॉलोनी के करीब 15 से अधिक रहवासी मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। रहवासियों ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को बताया कि काली परेड स्थित फैक्ट्रियों से निकलने वाला हानिकारक धुआं, जहरीला पानी लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। कई तरह की बीमारियों से रहवासी पीड़ित हो रहे हैं, सांस लेने में परेशानी होती है। पानी का निकास यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में कर रखा है जहां पहले से जहरीले तालाब मौजूद हैं। जिनमें मच्छर सहित अन्य खतरनाक वायरस उत्पन्न हो गए हैं। इसकी शिकायत फैक्ट्री संचालकों से कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समधान नहीं किया गया है। इतना ही नहीं रहवासी गंदे पानी से भरी एक प्लास्टिक की कैन भी दिखाने लाए थे। एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एसडीएम ने रहवासियों को दिए फर्जी पट्टे

बरखेड़ी कला निवासी कुलदीप साल्वे ने शिकायत दर्ज कराई है कि शिवनगर बस्ती टीटीनगर में एसडीएम द्वारा वर्ष 2008 में फर्जी पट्टे दिए गए हैं। लोगों को ऐसे पट्टे दिलाए हैं जो कभी शिवनगर में न रहते हैं और न ही उनकी झुग्गी है। कई लोगों के पिता के नाम ही नहीं हैं। उन्होंने जिन लोगों को पट्टे दिए गए थे, उनकी नाम सहित सूची भी कलेक्टर जनसुनवाई में दी है। जिसकी जांच कलेक्टर ने टीटीनगर एसडीएम को सौंपी है।

## बीयू: यूजी वार्षिक पद्धति की परीक्षाएं शुरू, केंद्रों पर तैनात रहेंगे उड़नदस्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षा पद्धति के तहत अकादमिक कैलेंडर के अनुसार यूजी (स्नातक) की पहले से तीसरे वर्ष की परीक्षाओं का कार्यक्रम शुरू कर दिया है।

इन परीक्षाओं में इस साल करीब दो लाख परीक्षार्थियों के शामिल हो रहे हैं। परीक्षार्थियों की आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कुछ परीक्षाएं एक अप्रैल से शुरू की गई है। वहीं, बीए, बीएससी, बीकाम, बीएससी (होम साइंस), बीए मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, बीपीईएस के प्रथम वर्ष और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं भी शुरू हो रही हैं। बीयू से संबद्ध कॉलेजों के लिए इस बार परीक्षाओं के दौरान नकल पर रोक के लिए बीयू ने कई उड़नदस्ते तैयार किए हैं। यह टीमें परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने के लिए जांच करेंगी। बीयू प्रशासन ने इसके लिए प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। इस बार परीक्षा के दौरान हर बार से अधिक सख्ती बरते जाने की उम्मीद है।

भोपाल
बुधवार, 2 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-04
वर्ष : 12, अंक : 01
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 36
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## जीएसटी कलेक्शन 9.9 प्रतिशत बढ़ा
### सरकार के खजाने में आए 1.96 लाख करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन के मोर्चे पर अच्छी खबर है। मार्च महीने में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 9.9 प्रतिशत बढ़ गया और यह 1.96 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। यह जानकारी मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में दी गई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का घरेलू लेनदेन से रेवेन्यू 8.8 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि इम्पोर्टेड शेष पेज 4 पर

देशभर में अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग दरों से बढ़ोतरी की गई

# हाईवे-एक्सप्रेसवे पर सफर हुआ महंगा, टोल दरों में 4-5 प्रतिशत की 'बढ़ोतरी'

## 855 टोल प्लाजा पर लागू हुईं नई दरें

देशभर में कुल 855 टोल प्लाजा हैं, जहां से टोल वसूला जाता है। इनमें से 675 टोल प्लाजा सरकार द्वारा संचालित होते हैं, जबकि 180 टोल प्लाजा निजी कंपनियों द्वारा संचालित किए जाते हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर सफर करने वाले यात्रियों को अब जेब और ढीली करनी होगी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडियाने देशभर में टोल दरों में औसतन 4 से 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। एनएचएआई द्वारा बढ़ाए गए टोल शुल्क की नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं। परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, हर साल अप्रैल में टोल दरों में बदलाव किया जाता है, जो थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर से जुड़ा होता है। एनएचएआई हर हाईवे और एक्सप्रेसवे के लिए अलग-अलग टोल दरों में संशोधन करता है। इस बार भी देशभर में अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग दरों से बढ़ोतरी की गई है।




हर साल अप्रैल में टोल दरों में बदलाव किया जाता है, जो थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर से जुड़ा होता है

### 675 सार्वजनिक वित्त पोषित शुल्क प्लाजा

नेशनल हाईवे नेटवर्क पर लगभग 855 यूजर फीस प्लाजा (उपयोगकर्ता शुल्क प्लाजा) हैं, जिन पर राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 के अनुसार उपयोगकर्ता शुल्क लगाया जाता है। इनमें से लगभग 675 सार्वजनिक वित्त पोषित शुल्क प्लाजा हैं और 180 रियायतकर्ता द्वारा संचालित टोल प्लाजा हैं। नई टोल दरों का असर कई अहम हाईवे और एक्सप्रेसवे पर देखने को मिलेगा। जिनमें दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल शेष पेज 4 पर

### 64 टोलः बैतूल, ग्वालियर में 5 रुपए बढ़े

*भोपाल। मप्र के 6 स्टेट और 4 नेशनल हाईवे पर 1 से 7.5% तक अधिक टोल टैक्स चुकाना होगा। मध्य प्रदेश में एनएचएआइ के 64 टोल प्लाजा हैं। जिन स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स बढ़ा है, उनमें मटकुली-तामिया-छिंदवाड़ा मार्ग, जावरा-नयागांव, चांदपुर-आलीराजपुर और मंदसौर-सीतामऊ मार्ग शामिल हैं। मनगवां से एमपी-यूपी बॉर्डर, ब्यावरा एमपी-राजस्थान बॉर्डर, ग्वालियर-भिंड एमपी-यूपी बॉर्डर जैसे नेशनल हाईवे भी शामिल हैं। कार से इंदौर बायपास से देवास की ओर जाने पर पहले 65 रुपए लगते थे। अब 100 रुपए देने होंगे। टैक्सी, मिनी बस और अन्य हल्के माल वाहनों को 105 की जगह 160 रुपए देने पड़ेंगे। बस* शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### झाबुआ में तैनात ट्रैफिक टीआई पर रेप का केस



**भोपाल।** महिला थाना पुलिस भोपाल ने झाबुआ जिले में यातायात टीआई राजकुमार कुंसारिया पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। उनके खिलाफ 32 वर्षीय एक होटल संचालिका ने दुष्कर्म करने की शिकायत की थी। शिकायत में नशीली दवा देकर शोषण किए जाने के आरोप है। आरोपी 2019 से शारीरिक शोषण कर रहा था।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास की हालत नाजुक



**अहमदाबाद।** कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास की हालत नाजुक है। पूजन के दौरान वह 90 प्रतिशत झुलस गईं। डॉक्टर ने कहा- ब्रेन हेमरेज भी हुआ। फिलहाल उन्हें अहमदाबाद एक निजी अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है। गिरने से सिर में चोट के कारण ब्रेन हेमरेज भी हुआ है। उनकी हालत गंभीर है।

### रिटायर्ड आईएफएस बेलवाल पर एफआईआर



**भोपाल।** आजीविका मिशन में हुई गड़बड़ी के मामले में पूर्व सीईओ ललित मोहन बेलवाल की मुश्किलें बढ़ गई है। ईओडब्ल्यू ने रिटायर्ड आईएफएस अफसर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उन पर आजीविका मिशन में नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोप लगे हैं। बता दें ललित मोहन बेलवाल, पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के करीबी हैं।

मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय 'स्कूल चलें हम' अभियान-2025 का शुभारंभ और किया ऐलान

# मप्र के सीएम राइज स्कूल अब कहलाएंगे 'सांदीपनि विद्यालय'

नवप्रवेशी विद्यार्थियों का माला पहनाकर किया अभिनंदन उपहार भी दिए

डॉ. यादव और अन्य अतिथियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया

*सीएम ने कहा कि प्रदेश में सर्वसुविधा युक्त सीएम राइज स्कूल हैं, लेकिन एक नाम खटकता है, इसका नाम सीएम राइज-सीएम राइज, अंग्रेज तो चले गए, लेकिन ये मानसिकता तकलीफ दे जाती है।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में सर्वसुविधा युक्त सीएम राइज स्कूल हैं, लेकिन एक नाम खटकता है, इसका नाम सीएम राइज-सीएम राइज, अंग्रेज तो चले गए, लेकिन ये मानसिकता तकलीफ दे जाती है। इसलिए अब सीएम राइज स्कूलों का नाम बदलने की इच्छा है,भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा सांदीपनि आश्रम में ग्रहण की तो अब प्रदेश के समस्त निर्मित और निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूलों का नाम सांदीपनि विद्यालय होगा।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। राजधानी के अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड कैंपियन) में मंगलवार को 'स्कूल शेष पेज 4 पर

### पोर्टल 3.0 का शुभारंभ भी किया

सीएम ने समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम से किए जाने और इस पोर्टल में सभी कार्यों को शामिल किए जाने की प्रशंसा की।






### सीएम ने विद्यार्थियों को दिए टिप्स

- विद्यार्थी समय का पूर्ण सदुपयोग करें।
- विद्यार्थी खूब पढ़ें भी और खेलें भी।
- विद्यार्थी मित्रता का भी सम्मान करें।
- श्रीकृष्ण और सुदामा की मैत्री से सीखें।
- विद्यार्थी शासन द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का लाभ लें।
- सभी विद्यार्थी अपनी बहुमुखी प्रतिभा से राष्ट्र और प्रदेश का नाम रोशन करें।

### भगवान श्रीकृष्ण ने ही यह अभियान प्रारंभ किया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा तो उस समय की परिस्थितियों में उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा। वह प्रथम स्कूल चलें हम अभियान था। भगवान श्रीकृष्ण ने ही यह अभियान प्रारंभ किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के कुशासन का अंत कर शिक्षा का महत्व प्रतिपादित किया। उस युग के ऋषि मुनियों ने निर्णय लिया कि श्रीकृष्ण को शिक्षा के लिए गोकुल भेजा जाए जो सांदीपनि आश्रम था।*

### प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष कार्य हो रहा

*डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष कार्य हो रहा है। जहां संभाग स्तर पर बच्चों को शिक्षण-सत्र शुरू होते ही अप्रैल महीने में पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है। कक्षा-एक से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 5 करोड़ 60 लाख पुस्तकें, एक करोड़ से अधिक फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमरेसी अभ्यास पुस्तिकाएं और 26 लाख से अधिक ब्रिज कोर्स की पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं।* पढ़ें पेज 03 भी

प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पर सीएम योगी का बड़ा बयान

# मैं योगी हूं, हमेशा के लिए राजनीति में नहीं

मैं कब तक राजनीति में रहूंगा इसकी समय सीमा

एजेंसी ⏭ लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं।

मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं निभा रहा हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं कब तक राजनीति में रहूंगा इसकी समय सीमा है। मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं हूं। इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं काफी तेज हैं और योगी को उनके समर्थकों के द्वारा प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। ये चर्चाएं प्रधानमंत्री मोदी के 30 मार्च को संघ मुख्यालय जाने के बाद और शेष पेज 4 पर

### राजनीति और धर्म का मिलन गलत नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति में धर्म का मिलन गलत नहीं है। ये हमारी गलती है कि हम धर्म को कुछ स्थानों के लिए सीमित कर देते हैं और राजनीति को कुछ लोगों के लिए छोड़ देते हैं। इससे समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राजनीति का उद्देश्य स्वार्थों की पूर्ति करना नहीं है बल्कि समाज की भलाई करना है। इसी तरह धर्म का उद्देश्य भी परमार्थ होता है। जब धर्म का प्रयोग स्वार्थ की पूर्ति के लिए होता है तो मुश्किल आती है लेकिन परमार्थ का उद्देश्य होने पर धर्म प्रगति के मार्ग खोलता है।

मप्र फर्जी नर्सिंग कॉलेज घोटाला केस में हाईकोर्ट बोला

# छात्रों को पात्र कॉलेजों में 30 दिन में करें ट्रांसफर



सीबीआई जांच में अपात्र कॉलेजों का हुआ था खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने मप्र के फर्जी नर्सिंग घोटाले मामले में सुनवाई करते हुए अपात्र कॉलेजों के छात्रों को पात्र कॉलेजों में 30 दिन में ट्रांसफर करने के निर्देश दिए हैं ताकि उनका भविष्य खराब न हो।

जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल ने याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिए। साथ ही कहा कि सीबीआई जांच में जिन कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्र नहीं पाए गए, वे परीक्षा में बैठने के लिए अपात्र नहीं हैं। याचिकाकर्ता शेष पेज 4 पर

### दो लोडिंग ऑटो से लाई गईं थी 600 फाइलें

*दरअसल, शुक्रवार को सरकार की ओर से बहुचर्चित फर्जी नर्सिंग कॉलेज घोटाले के मामले में नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता संबंधित 600 ओरिजनल फाइलें हाईकोर्ट में पेश की गई थीं। फाइलों को दो लोडिंग ऑटो में कोर्ट लाया गया था। हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच रिपोर्ट और सरकार की रिपोर्ट को देखकर कई निर्देश जारी किए थे। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता वकील को 15 दिन में फाइलों का अवलोकन कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। रिपोर्ट में यह बताना होगा कि किन परिस्थितियों में और किन अधिकारियों ने अपात्र कॉलेजों को अनुमति दी। तत्कालीन अधिकारियों द्वारा मान्यता नियम 2018 में 3 बार संशोधन किए गए। फर्जी कॉलेजों को लाभ पहुंचाया गया।*

झारखंड के बरहेट में मालगाड़ियां टकराईं

# दोनों ट्रेनों के इंजन में आग लगी, 2 की मौके पर मौत

एजेंसी ⏭ साहेबगंज

झारखंड के बरहेट में एक दुखद घटना हुई है। यहां कोयला ढोने वाली दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। यह हादसा मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे हुआ। इस दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई। दोनों गाड़ियां गलती से एक ही पटरी पर आ गईं, जिसके कारण यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, फरक्का से ललमटिया जा रही एक मालगाड़ी बरहेट में खड़ी थी। तभी ललमटिया से एनटीपीसी का कोयला लेकर फरक्का जा रही दूसरी मालगाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों इंजन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें आग लग गई। दुर्घटना के बाद तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर शेष पेज 4 पर



मोहाली कोर्ट का बड़ा फैसला

# यौन उत्पीड़न केस में पादरी बजिंदर सिंह को हुई उम्रकैद

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़



कोर्ट ने उसे 28 मार्च को दोषी करार दिया था

पंजाब के चर्चित पादरी बजिंदर सिंह को मोहाली कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। उसे यौन उत्पीड़न में दोषी पाए जाने के बाद कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुना दी है। बजिंदर सिंह पर साल 2018 में एक महिला ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था जिस पर लंबी सुनवाई और ट्रायल के कोर्ट ने उसे 28 मार्च को दोषी करार दिया था। मूलरूप से हरियाणा के यमुनानगर का रहने वाला बजिंदर सिंह जालंधर में चर्च ऑफ शेष पेज 4 पर

785 सायंकालीन अदालतों की योजना

# अब शाम में भी लगेंगी अदालतें 5 से रात 9 बजे तक होगा काम

मामूली आपराध के मामले, मामूली संपत्ति विवाद के मामले और चेक विवाद के मामलों की सुनवाई होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश भर की जिला अदालतों में लंबित मामलों के भारी बोझ को कम करने के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय देश में 785 सायंकालीन अदालतों के काम करने की योजना बना रहा है। योजना के मुताबिक, मौजूदा अदालत परिसरों में ही शाम के समय ये सायंकालीन अदालतें काम करेंगी। इसके अधीन मामूली आपराध के मामले, मामूली संपत्ति विवाद के मामले और चेक विवाद के मामलों समेत ऐसे संक्षिप्त सुनवाई वाले मामले होंगे अधिकतम



तीन साल की सजा का प्रावधान है। इस संबंध में विधि मंत्रालय ने एक कॉन्सेप्ट नोट तैयार किया है, जिसे पिछले महीने सभी राज्यों को भेजा गया था। इस नोट में कहा गया है कि ऐसे सायंकालीन अदालतों में पिछले तीन वर्षों के भीतर रिटायर हुए जिला न्यायाधीशों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त करने का प्रस्ताव है। इस काम के बदले उन्हें देय भत्तों के साथ-साथ उनके अंतिम वेतन का 50% राशि बतौर पारिश्रमिक मिलेगी।

नोट में यह भी कहा गया है कि ऐसी सायंकालीन अदालतें सभी कार्य दिवसों में शाम 5 बजे से रात 9 बजे के बीच काम करेंगी। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 21 फरवरी तक कुल 4.60 करोड़ मामले लंबित थे, जिनमें से 1.09 करोड़ सिविल मामले और 3.5 करोड़ आपराधिक मामले थे।

सिवनी में सर्वाधिक 7.8 डिग्री गिरकर सामान्य से 6.5 डिग्री कम रहा पारा

# राजधानी सहित कई जिलों में बारिश व ओले-बिजली, तीन दिन रहेगा दौर जारी

भोपाल में दो डिग्री की बढ़त, 5 अप्रैल के बाद प्रदेश में मौसम होगा साफ, बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को दिनभर मौसम बदला रहा। बादलों के साथ तेज हवाएं और कुछ जिलों में बारिश, कहीं ओले और बिजली की गरज-चमक रही। इस बीच अधिकतर जिलों में दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री की गिरावट। सर्वाधिक कमी सिवनी में 7.8 डिग्री की दर्ज की गई। यहां दिन का पारा 30.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 6.5 डिग्री कम है। इसके अलावा मंडला और मलाजखंड में भी पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरा है। भोपाल में अधिकतम पारा 1.8 शेष पेज 4 पर

### आज यहां बारिश, बिजली का अलर्ट


गांधी नगर रोड

नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा जिलों के साथ ही भोपाल, रायसेन, सीहोर, खरगौन, बड़वानी, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, सिवनी, मंडला, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, मैहर जिलों में गरज चमक के साथ तेज हवाएं और बारिश होगी। एक दो स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं।

### सुबह से रात तक यहां हुई बारिश

मंगलवार सुबह से देर शाम तक बड़वानी, खरगोन और खंडवा में बारिश के साथ कुछ जगह ओले गिरे। भोपाल,सीहोर, रायसेन, सागर, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा, बैतूल, हरदा और बुरहानपुर में तेज आंधी के साथ कुछ जगह बारिश हुई। भोपाल में शाम 6 बजे के करीब शहर के आसपास के हिस्सों में बौछारें पड़ीं, जबकि शहर के अधिकांश हिस्सों में बौछारों का दौर देर शाम शुरू हुआ, जो शहर के अलग अलग हिस्सों में रुक-रुकर देर रात तक चला।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 10वीं बैठक ली

# भोपाल, इंदौर की भावी जरूरतों के लिए अच्छे शहर नियोजकों को जोड़ा जाएगा, नगर नियोजन में सड़क, परिवहन एवं सीवरेज ट्रीटमेंट के विशेषज्ञों की भी ली जाएंगी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरों में चल रहे सीवरेज प्रोजेक्ट्स जल्द से जल्द पूरे किए जाएं। सीवरेज के लिए स्थाई प्रकृति के काम हों। शहरों के वेस्ट वाटर का नदियों में निस्तारण (डिस्पोजल) न होने पाए। उन्होंने कहा कि सॉलिड वेस्ट के साथ लिक्विड वेस्ट (गंदा पानी) के समुचित निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देकर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 10वीं बैठक की अध्यक्षता कर संबोधित कर रहे थे। बैठक में मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं संचालक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव एवं मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं संचालक अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एवं कंपनी के संचालक डॉ. राजेश राजौरा आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम डॉ. मोहन ने कहा, सभी नगरों में सीवरेज प्रोजेक्ट्स जल्द से जल्द पूरा करें सॉलिड वेस्ट के साथ लिक्विड वेस्ट के समुचित निदान पर भी ध्यान देने के निर्देश

### भोपाल और इंदौर जल्द ही मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने की ओर




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल और इंदौर जल्द ही मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने की ओर बढ़ रहे हैं। इसलिए अपने कार्य में महारत हासिल करने वाले अच्छे शहर नियोजकों को अर्बन कंपनी से जोड़ें। दोनों शहरों की भावी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इनकी सिस्टमेटिक प्लानिंग करें। सड़क, लोक परिवहन एवं सीवरेज ट्रीटमेंट में विशेषज्ञता रखने वाले विशेषज्ञ व्यक्तियों को भी इस कंपनी से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की बैठक कंपनी लॉ के मुताबिक नियमित रूप से कराई जाएं। इससे लंबित कार्य प्रस्तावों का समय-समय पर अनुमोदन किया जा सकेगा। साथ ही कंपनी के कार्यों में नियमितता आएगी और निर्माण कार्यों की लागत भी नहीं बढ़ेगी।

### सभी निर्माणाधीन कार्य तय समय-सीमा में ही पूरे किए जाएं, एक्शन प्लान बनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी निर्माणाधीन कार्य तय समय-सीमा में ही पूरे किए जाएं। सभी कामों के लिए एक्शन प्लान बना कर कार्रवाई की जाए। प्रदेश में नर्मदा नदी के आसपास करीब 12 सीवरेज निर्माण कार्य जारी है, इनमें से 10 कार्य पूरे हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनी यह तय करें कि शहरों के वेस्ट से नदियां प्रदूषित न होने पाए। नदियां हमें जीवन देती हैं और उन्हें अविरल प्रवाहमान बनाए रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में क्षिप्रा नदी में किसी भी सूरत में प्रदूषण न होने पाए इसके लिए सीवरेज प्रबंधन के समुचित उपाय किए जाएं। संचालक मंडल ने रखे गए सभी कार्य प्रस्तावों एवं भावी आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी में पद सृजन प्रस्ताव को अनुमोदन दिया। बैठक में संचालक मंडल के स्वतंत्र संचालकों के रूप में केके सिंह व श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव के पूरे हो चुके कार्यकाल के विस्तार का अनुमोदन किया गया। साथ ही अन्य प्रशासनिक प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

### कार्यों और इनकी उपयोगिता का प्रेजेंटेशन दिया

नगरीय प्रशासन आयुक्त एवं कंपनी के प्रबंध संचालक चक्रवर्ती ने मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के गठन से लेकर अब तक किए गए कार्यों और इनकी उपयोगिता का प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि कंपनी का गठन एक जनवरी 2015 को किया गया था। कंपनी ने प्रदेश के सभी नगरों में नागरिकों की बेहतरी एवं सुविधा विस्तार के लिए शहरी विकास एवं नियोजन से जुड़े सभी श्रेणी के कार्य कराए जा रहे हैं। वर्तमान में कंपनी द्वारा शहरी नियोजन के लिए करीब 8000 करोड़ रुपए का दीर्घकालीक ऋण लेकर कार्य कराए जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 में 76 निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं, वर्तमान में 86 निर्माण कार्य तेजी से जारी हैं।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त आईएफएस बेलवाल के खिलाफ केस

**भोपाल।** रिटायर आईएफएस और राज्य आजीविका मिशन (एसएलएम) में सीईओ रहे ललित मोहन बेलवाल के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने एफआईआर दर्ज कर ली है। बेलवाल के अलावा विकास अवस्थी और सुषमा शुक्ला को भी इस केस में आरोपी बनाते हुए तीनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 468, 471, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7(सी) के तहत केस दर्ज किया गया है। ईओडब्ल्यू ने सीजेएम कोर्ट द्वारा पारित आदेश, तत्कालीन एडिशनल सीईओ और आईएएस अफसर नेहा मारव्या के जांच प्रतिवेदन और कैग की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए 17 फरवरी को प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज करते हुए तफ्तीश शुरू की थी।

### राकेश बने हिंदी विवि में साधारण परिषद सदस्य

**भोपाल।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति मध्यप्रदेश मंगूभाई पटेल ने ख्यात कवि राकेश दांगी को अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल का सर्वोच्च साधारण परिषद का पुनः सदस्य मनोनीत किया है। सर्वोच्च साधारण परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं। उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्यक्ष इंदर सिंह परमार हैं। परिषद के पदेन सदस्य वित तमंत्री, सरकारी विश्वविद्यालय के सभी कुलगुरु हैं। दांगी का यह दूसरा कार्यकाल अगले 4 वर्षों तक रहेगा।



### बागरी के प्रमाण पत्र की जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** मप्र सरकार की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र की जांच कराए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल के साथ अनुसूचित जाति कल्याण विकास विभाग छानबीन समिति के आयुक्त के नाम संबोधित शिकायती पत्र विभाग के सहायक आयुक्त को सौंपते हुए जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस ने जल्द निर्णय लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने बाध्य होगा।

यात्रियों एवं अनुबंधित ऑपरेटर्स के लिए एप एवं एमआईएस, डैशबोर्ड का संचालन करेगी होल्डिंग कंपनी

# मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को मिली मंजूरी संचालन में कार्गो सेवा को भी लागू किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने मप्र में नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साधारण और ग्रामीण मार्गों में संगठित, सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्री परिवहन बस सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू करने की मंजूरी दे दी। इसके तहत प्रदेश में ग्रामीण एवं साधारण मार्गों का ट्रैफिक एवं मार्ग सर्व तथा बसों की फ्रीक्वेन्सी निर्धारित करते हुए एक व्यवस्थित प्लानिंग अनुसार यात्री बसों को चलाया जाएगा। कैबिनेट ने मप्र राज्य में सुगम सुरक्षित एवं विनियमित यात्री परिवहन सुविधा, निजी क्षेत्र के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा बसों के संचालन में कार्गो सेवा को भी लागू किया जाएगा। इसके जरिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर कार्गो को आसानी से पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में हुई। इसमें 12 मसौदों को मंजूरी दी गई। ज्यादातर मामले कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधा तहत विभिन्न अस्पतालों में इलाज को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा संचालन के लिए बस परिवहन अधोसंरचना के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) प्रक्रिया से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं मापदण्डों का यात्री एवं बस ऑपरेटर के लिए सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। बस संचालन एवं संधारण के लिए पीपीपी मोड प्रक्रिया से, निजी बस ऑपरेटर्स को, संगठित रूप से एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत, दक्ष आईटी प्लेटफार्म के माध्यम से विनियमित किया जाएगा।

**खास बातें**

- कैबिनेट की बैठक में 12 मसौदों को दी गई मंजूरी
- कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधा के तहत अस्पतालों में इलाज को स्वीकृति दी

### नवीन सहायक कंपनियां यथावत काम करती रहेंगी



वर्तमान सिटी बस कंपनियों के कार्यालय भवन का उपयोग नवीन सहायक कंपनियां यथावत करती रहेंगी। कार्यालय की ऐसी अचल सपंतियां, जो नगरीय निकाय निधि से अर्जित या निर्मित हैं, उनका मूल्यांकन पृथक से किया जाकर, राशि की प्रतिपूर्ति परिवहन विभाग की ओर से की जाएगी। नवीन गठित होने वाली राज्य स्तरीय कंपनी को नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पुर्नघनत्वीकरण नीति 2022 के तहत पर्यवेक्षण एजेंसी के रूप में शामिल किया जाएगा।

### नोटीफाइड रूट अनुसार निजी बस ऑपरेटर्स अनुबंधित किए जाएंगे

होल्डिंग कंपनी की ओ रसे एक कुशल आईटी प्लेटफार्म स्थापित करते हुए उस पर नोटीफाइड रुट अनुसार निजी बस ऑपरेटर्स को अनुबंधित किया जाएगा। होल्डिंग कंपनी मुख्यतः आईटी प्लेटफार्म के माध्यम से यात्रियों एवं अनुबंधित ऑपरेटर्स के लिए सुविधाजनक एप एवं एमआईएस, डैशबोर्ड आदि का संचालन करेगी तथा साथ ही राज्य एवं क्षेत्रीय सहायक कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल एवं कमांड सेन्टर का संचालन सुनिश्चित करेगी। यात्रियों की लास्ट माईल कनेक्टिविटी के लिए मल्टी मोडल ट्रान्सपोर्ट उपलब्ध कराना, उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं मापदण्डों की अधोसंरचना का निर्माण कराना एवं दैनिंदिनी बस संचालन पर प्रभावी नियंत्रण भी इस नवगठित कंपनी के प्रमुख दायित्वों में रहेगा।

### टिकटों से लेकर बसों की टाइमिंग में आईटी का उपयोग

आईटी टेक्नोलॉजी सॉल्युशन के माध्यम से यात्रियों के लिए ई-टिकिट, मोबाइल एप जिससे बसों की ट्रेकिंग, आक्युपेंसी तथा यात्रा प्लानिंग हो सकेगी। साथ ही यात्रियों के लिए कैशलेस, टेपऑन-टेपऑफ सुविधा, एप के माध्यम से पैसेंजर इन्फोर्मेशन सिस्टम आदि उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अनुबंधित ऑपरेटर्स के लिए ऑपरेटर एप, वीडियो ऑडिट सॉफ्टवेयर (किसी भी समय बसों में यात्रियों की संख्या के लिए) फील्ड ऑडिट एप, एमआईएस/ डैशबोर्ड की सुविधा (रिर्पोट सहित), ऑपरेटर स्टाफ का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही राज्य एवं क्षेत्रीय सहायक कंपनी के लिए कंट्रोल एवं कमांड सेंटर सॉफ्टवेयर, बस, ऑटो, टैक्सी, मेट्रो के लिए एक बुकिंग प्लेटफार्म की सुविधा (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स प्लेटफार्म), ऑनलाइन

### बसों के यात्रियों के लिए यह सुविधाएं

यात्रियों की लास्ट माईल कनेक्टिविटी एवं मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए ट्रेवल एप तैयार किया जाना, जिसमें बस, ऑटो, टेक्सी, ई-स्कूटर, मेट्रो आदि संकलित हो। पैसेंजर इन्फोर्मेशन सिस्टम की स्थापना भी बस स्टैण्ड, यात्री बसों पर रीयल टाइम बेसिस पर की जा सकती है। यह जानकारी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सीधे यात्रियों को मोबाईल पर मुहैया कराई जाएगी ।

## पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखकर ही किया जाएगा पर्यटन विकास




- राज्य मंत्रालय में वेटलैंड प्राधिकरण की हुई बैठक

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पर्यटन विकास के प्रयासों में पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रकृति और पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बिना ही पर्यटन विकास के सभी प्रकल्प क्रियान्वित किए जाएंगे। इस संबंध में समुचित परीक्षण के बाद आवश्यक निर्णय लिए जाएं। डॉ. यादव मध्यप्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की मंगलवार को मंत्रालय में पांचवीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार उपस्थित थे। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि पर्यावरण विभाग के स्तर पर वेटलैण्ड के भौतिक सत्यापन और सीमांकन कार्य की नियमित समीक्षा की जाए।

### सीएम ने दिए सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में प्रदेश में वेटलैण्ड्स के भौतिक सत्यापन और सीमांकन कार्य की जानकारी प्राप्त कर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इसरो-एसएसी-2021 (इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र) एटलस के अनुसार प्रदेश में भौतिक सत्यापन और सीमांकन का कार्य पर्यावरण विभाग के राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। यह वेटलैण्ड्स 2.25 हैक्टेयर क्षेत्रफल से अधिक के हैं। यह कार्य राजस्व विभाग और वन विभाग के सहयोग और संबंधित जिला प्रशासन के नेतृत्व में करवाया जा रहा है। प्रदेश में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में 13 हजार 454 वेटलैण्ड्स का जमीनी सत्यापन और 12 हजार 741 वेटलैण्ड्स के सीमांकन का कार्य पूरा हो चुका है। प्रदेश में कुछ ही वेटलैण्ड्स शेष हैं, जहां यह कार्य अभी चल रहा है। एक नया मोबाइल एप भी तैयार किया गया है।

## भाजपा के स्थापना दिवस और आंबेडकर जयंती की तैयारियों में जुट जाएं कार्यकर्ता



विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले की बैठक में कहा कि बूथ के वाट्सएप और लाभार्थी प्रमुख 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों को जोड़ें। कार्यकर्ता 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की तैयारियों में जुट जाएं। मंडल समितियों में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। पार्टी का स्थापना दिवस मनाने के लिए विशेष तैयारियां करें और अपने निवास और पार्टी कार्यालय पर पार्टी का ध्वज लगाकर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएं। कार्यालय की सजावट कर रंगोली सजाएं,मिठाई बांटें। सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर ''हैशटैग बीजेपी फॉर विकसित भारत'' के साथ पोस्ट करें।

### हितानंद ने दी कार्यक्रमों की जानकारी

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर नए प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करना सुनिश्चित करें। 7 से 12 अप्रैल के बीच जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि व मंडल अध्यक्ष दिन में 8 घंटे 'बस्ती चलो अभियान' के तहत सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल व गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लें। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत करें।

विधायक जयर्वधन ने लगाया आरोप

## 33 माह में जय अंबे सर्विस को किया अरबों का पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधायक जयवर्धन सिंह ने 108 एंबुलेंस इमरजेंसी सेवा के संचालन को लेकर विधानसभा में प्रश्न लगाया। प्रश्न के उत्तर में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने लिखित जवाब में बताया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा मप्र में 108 एंबुलेंस का संचालन करने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस को (मई 22 से जनवरी 25 तक) 33 माह में 9,47,29,20,716 रुपए भुगतान किया गया।

सिंह ने बताया है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस से लगभग 2052 वाहनों का अनुबंध किया गया था, जबकि जमीनी स्तर पर अनुबंध के हिसाब से वाहनों की उपलब्धता नहीं है।

### अनुबंधों का पालन नहीं कर रही एंबुलेंस कंपनी

सिंह ने बताया कि अनुबंध में जिन आवश्यक सेवा शर्तों का पालन करते हुए वाहन संचालित किए जाने थे, उनका उल्लंघन जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस कर रही है। बीते दिनों 108 एंबुलेंस में गुना जिले से एक बच्चे को ऑक्सीजन सिलेंडर में ऑक्सीजन खत्म होने के चलते जान गंवानी पड़ी। 33 माह में हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी। बावजूद एनएचएएम द्वारा जय अम्बे इमरजेंसी सर्विसेस के विरूद्ध कठोर कार्रवाई नहीं कर उन्हें उपकृत करते हुए अरबों का भुगतान किया जाना एक बड़े भ्रष्टाचार की ओर इंगित करता है।



## केंद्रीय गृह मंत्री शाह 13 को नीमच में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में होंगे शामिल

- दुग्ध उत्पादन में सहकारिता बढ़ाएं, दुग्ध उत्पादक समितियों और संघों को भी प्रोत्साहन देने के दिए निर्देश
- मुख्यमंत्री ने नीमच में होने वाले सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए दुग्ध उत्पादन में सहकारिता बढ़ाएं। इस काम के लिए गांव-गांव में उपलब्ध दुग्ध उत्पादक समितियों और दुग्ध उत्पादकों संघों को भी जोड़कर प्रोत्साहन दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 13 अप्रैल को नीमच में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक (गोपाल) सम्मेलन भाग लेंगे। इस सम्मेलन में राज्य शासन एमपीसीडीएफ, दुग्ध संघों एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंधों का निष्पादन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में 13 अप्रैल को नीमच में होने वाले सम्मेलन की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

### दुग्ध उत्पादन पर पांच रुपए प्रति लीटर बोनस

डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए स्व-सहायता समूहों के फेडरेशन, दुग्ध महासंघ, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड व दूध उत्पादन से जुड़ी अन्य संस्थाओं को एक मंच में लाकर इनसे मार्गदर्शन लेकर आगे बढ़ें। सरकार की ओर से दुग्ध उत्पादन पर पांच रुपए प्रति लीटर बोनस राशि का वितरण दुग्ध उत्पादक समितियों, दुग्ध उत्पादक संघों को देने पर विचार-विमर्श किया गया। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पटेल ने बताया कि सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीवदया (गौसेवा) सम्मान योजना के तहत राज्य स्तरीय चयनित तीन गौशालाओं को संस्थागत श्रेणी के तीन पुरस्कार एवं चार संस्थाओं को सांत्वना पुरस्कार सहित गौसेवा के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के तीन पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

### प्रदेश स्तरीय दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में लगेगी प्रदर्शनी

प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव ने बताया कि प्रदेश स्तरीय दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी में ब्रीडिंग की नवीन तकनीकों का प्रदर्शन होगा। इसमें सार्टेड सीमन, एम्ब्रियों ट्रांसफर टेक्नोलॉजी (इटीटी) एवं गौ-चिप जैसी नई तकनीकों का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा पंचगव्य (दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र) आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी में बायोगैस, जैविक खाद, गौ-शिल्प, दैनिक उत्पाद की सामग्री, फिनाइल एवं पेंट आदि भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रियों को दी जानकारी

# वृहद इकाइयों को दिया गया 3100 करोड़ का लंबित इन्सेन्टिव, कोई भुगतान लंबित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र उद्योग क्षेत्र को प्रोत्साहन देने वाला ऐसा राज्य है, जहां औद्योगिक इकाइयों को राशि के भुगतान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ऐसा कोई भी भुगतान लंबित नहीं है, जो औद्योगिक इकाइयों को देय था। ऐसा कार्य करने वाला मप्र प्रथम राज्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक के पहले मंत्रियों को राज्य शासन की प्राथमिकताओं और गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि वृहद इकाइयों को 3100 करोड़ का लंबित इन्सेन्टिव दिया गया। कोई भुगतान लंबित नहीं है। सीएम ने कहा कि मंत्री स्कूल चले हम अभियान में अपने जिलों में हर हाल में दौरे कर निरीक्षण करें। इसके साथ ही वे यह भी देखे कि जिले में गेहूं की खरीदी की स्थित क्या है। उन्होंने कहा कि किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 2600 रुपए प्रति क्विंटल की जा रही है। जिले के प्रभारी मंत्री और जनप्रतिनिधि तोल कांटे आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन कर इस कार्य के सुचारू संचालन में सहयोग करें। प्रदेश में 14.76 लाख किसानों की ओर से पंजीयन करवाया गया है।



### औद्योगिक इकाइयों को राशि का भुगतान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र ऐसा एकमात्र राज्य है, जहां वृहद और लघु सूक्ष्म, मध्यम उद्योगों के समस्त देयकों का भुगतान पूर्ण हो चुका है। शासन औद्योगिकीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। एमएसएमई विभाग के तहत औद्योगिक इकाइयों को 1075 करोड़ रुपए के लम्बित इन्सेन्टिव का भुगतान किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में एमएसएमई इकाइयों को कुल 2162 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह राज्य सरकार डीबीटी के माध्यम से एमएसएमई और वृहद इकाइयों के लिए 1777 करोड़ रुपए की देय इन्सेन्टिव राशि का भुगतान कर रही है।

### 85 लाख विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें दी जाएंगी

#### विक्रम संवत-2082 की बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्वप्रथम सभी मंत्रियों को भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत-2082 प्रारंभ होने की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा का अपना महत्व है। प्रदेश में गुड़ी पड़वा पर्व का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। यह सौभाग्य की बात है कि सम्राट विक्रमादित्य मप्र से हैं।

#### स्कूल चलें हम अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत एक अप्रैल से प्रवेशोत्सव शुरूहुआ है। मंत्री अपने प्रभार के जिले में एक से चार अप्रैल तक प्रवेश उत्सव को सफल बनाने का प्रयास करें। राज्य में लगभग 85 लाख विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें प्रदान करने का निर्णय लिया गया। प्रवेशोत्सव में इसी माह स्कूल की किताबें बांटी जानी हैं।

संविदा कर्मचारियों को छह माह से नहीं मिला वेतन

## चेतावनी: सात दिन में मांगें नहीं मानी तो करेंगे काम बंद प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के सरकारी अस्पताल में पदस्थ संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने शासन को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि अगर सात दिन में उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो वह काम बंद प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि भोपाल सहित प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी जैसे डाटा एंट्री ऑपरेटर, सफाई कर्मचारी, एंबुलेंस ड्राइवर, वार्डबाय, सुरक्षा गार्ड, आया और अन्य तकनीकी स्टाफ को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा। जेपी अस्पताल में संविदा कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिला। जिला धार और पाली में कई कर्मचारियों को छह माह से वेतन नहीं दिया गया। संघ की मांगें

### कर्मचारियों की मांगें

- कर्मचारियों का बकाया वेतन तुरंत जारी किया जाए।
- सभी संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए।
- आउटसोर्सिंग कंपनियों की जवाबदेही तय की जाए।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 2 अप्रैल 2025

7 सीएम राइज स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव... विधायक पटवा...



8 हास्य और ठहाकों के बीच दिखा समाज का विरोध...







राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम साथ ही प्रदेशभर के स्कूलों में आयोजित हुए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

# रंगोली-गुब्बारों से सजे स्कूल, तिलक-फूलमाला से स्वागत, पुस्तकें मिली तो बच्चों के खिले चेहरे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम साथ ही प्रदेशभर के स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि भी शामिल हुए। स्कूलों में पहले दिन विशेष साज-सज्जा नजर आई। रांगोली और गुब्बारों से स्कूलों सजाया गया। विद्यार्थियों को फूलों की माला पहनाई गई और तिलक लगाकर, आरती उतारकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें भी वितरित की गई। जिसके बाद बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों का भी शाला स्तर पर स्वागत किया गया। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में बालसभा का आयोजन किया गया।

## उद्योग हितैषी वातावरण 'भविष्य' के लिए: मंत्री काश्यप

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि प्रदेश में जो उद्योग हितैषी वातावरण बना है, वह विद्यार्थियों के भविष्य के लिए है। मध्यप्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में सांस्कृतिक परंपराओं के निर्वहन, पर्व त्यौहार मनाने और शिक्षा में गुणात्मक सुधार के प्रयास किए हैं। महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवझिरी पंडा में स्कूल चलें हम अभियान के तहत बच्चों को तिलक लगाकर और पुष्प-माला पहनाकर शाला प्रवेश करवाया।

### साइकिल सहित अन्य सुविधाएं भी समय पर मिलेंगी: मंत्री उदय प्रताप

स्कूल चलें हम राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम-2025 को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि 1 अप्रैल से बच्चे स्कूल पहुंचने लगेंगे तो शासन द्वारा दी गई किताब बच्चों के बैग में होगी। इसी महीने यह कार्य पूरा किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि साइकिल सहित अन्य सुविधाएं भी विद्यार्थियों को समय पर मिलेंगी।

### सीएम राइज उमा विद्यालय, निशातपुरा



निशातपुरा क्षेत्र स्थित शास. सीएम राइज उमा विद्यालय में पहले दिन विद्यार्थी पूर्ण गणवेश में पहुंचे। स्कूल को गुब्बारे, रांगोली से सजाया गया था। विद्यार्थियों को जैसे ही पुस्तकें मिली, उनके चेहरे खिल गए।

### शासकीय नवीन उमा विद्यालय, बागसेवनिया

बागसेवनिया स्थित शासकीय नवीन उमा विद्यालय में पहले दिन रांगोली और फूलों से स्कूल को सजाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।






### संस्कार भारती विद्यापीठ, कटारा हिल्स

कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ में विद्यार्थियों का स्वागत फूलों और तिलक लगाकर किया गया। इस दौरान स्कूल को गुब्बारों से सजाया गया था।





### कैंपियन स्कूल, अरेरा कॉलोनी

अरेरा कॉलोनी स्थित कैंपियन स्कूल में प्रबंधन द्वारा पहले दिन कार्यक्रम के साथ विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। प्रेयर सॉन्ग एवं वेलकम सॉन्ग गाकर टीचर्स ने किया बच्चों का स्वागत किया।





## विद्यार्थियों ने कहा, पहला दिन रहा विशेष, रोज आएंगे स्कूल

### तिलक से स्वागत



पहले दिन स्कूल में शिक्षकों ने हमारा तिलक लगाकर स्वागत किया। बहुत अच्छा लग रहा है।

**सोनाक्षी डहरिया**, विद्यार्थी

### बेसब्री से इंतजार था



आज हमारा स्कूल में पहला दिन था। हमें स्कूल खुलने का बेसब्री से इंतजार था। बहुत अच्छा लग रहा है।

**मानव ठाकुर**, विद्यार्थी

### विशेष दिन रहा



इसका हमें इतजार था। पहला दिन बहुत विशेष रहा, हमारा स्वागत हुआ, अच्छा लगा।

**ज्योति कुशवाहा** विद्यार्थी

### स्कूल में स्वागत



स्कूल में आकर और शिक्षकों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमारा स्कूल में स्वागत किया गया।

**राधा कुमारी**, विद्यार्थी

### फूलों से स्वागत



हमारा स्कूल में फूलों से स्वागत हुआ। बहुत ही अच्छा लग रहा है, आज फिर सभी दोस्त मिल गए।

**अमन गोस्वामी**, छात्र

### हमें बहुत अच्छा लगा



स्कूल का हमारा पहला दिन था। शिक्षकों से मिलकर अच्छा लगा, हमारा स्वागत हुआ, बहुत अच्छा लगा।

**प्रियांशी पालकर** विद्यार्थी

---

मजदूरी करने दूसरे राज्य से आया पीड़ित परिवार

# पांच साल की मासूम को फ्रूटी पिलाने के बहाने निर्माणाधीन मकान में बुलाकर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में 5 साल की मासूम के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने निर्माणाधीन मकान में वारदात को अंजाम दिया। बच्ची की चीख सुनकर माता पिता पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्त में ले लिया। घटना अवधपुरी इलाके में सोमवार रात करीब 11.30 बजे की है। थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार के मुताबिक इलाके में स्थित एक कवर्ड कैंपस में कई मजदूर रहते हैं।

डिंडोरी का रहने वाला एक मजदूर परिवार भी झुग्गी बनाकर रहता है। सामने सिवनी का रहने वाला एक और मजदूर रोहित वर्मन रहता है। उसने सोमवार रात बाहर खेल रही 5 साल की बच्ची को निर्माणाधीन मकान में बुलाया और फ्रूटी पिलाने का झांसा देकर अपने पास बैठा लिया। इसके बाद बच्ची के साथ ज्यादती करने लगा।

### बच्ची ने शोर मचाया तो माता पिता पहुंचे

*बच्ची आरोपी से बचने के लिए चीखने चिल्लाने लगी तो उसके माता-पिता आ गए। उन्होंने देखा कि आरोपी बच्ची के साथ गलत काम कर रहा है। परिजनों को देखकर वह भाग खड़ा हुआ। इसके बाद मामले की सूचना डायल 100 को दी गई। मौके पर एफआरवी पहुंची और अवधपुरी थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा। वहीं आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। आरोपी को पुलिस ने बीडीए की टंकी के पास से गिरफ्तार किया है। अब पुलिस उसका आपराधिक रिकार्ड निकाल रही है कि उसने कहीं और बच्चियों के साथ तो इस तरह की वारदात को अंजाम नहीं दिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।*

---

सौरभ, शरद और चेतन को मिली जमानत

ईडी केस में जमानत तक फिलहाल जेल में ही रहेंगे तीनों

# 60 दिनों में चालान पेश नहीं कर पाई लोकायुक्त



सौरभ शर्मा | चेतन सिंह गौर | शरद जायसवाल

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

करोड़ों रुपए की नगदी और सोना बरामद होने के मामले में आरटीओ के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा उसके सहयोगी चेतन गौर एवं शरद जायसवाल को लोकायुक्त के विशेष न्यायालय से जमानत मिल गई।

मंगलवार को विशेष न्यायाधीश आरपी मिश्र ने एक-एक लाख रुपए की जमानत और इतनी ही राशि के बंधपत्र पर तीनों आरोपियों को जमानत पर रिहा किए जाने के आदेश दिए हैं।

### लोकायुक्त के विशेष न्यायालय में सुनवाई

*आरोपियों के वकीलों ने लोकायुक्त के विशेष न्यायालय में जमानत आवेदन प्रस्तुत कर 60 दिवस की समय अवधि में नियम के अनुसार विवेचना पूर्ण करने के बाद चालान पेश नहीं किए जाने के आधार पर आरोपियों को जमानत दिए जाने की प्रार्थना की थी। हालांकि लोकायुक्त के विशेष न्यायालय से जमानत आवेदन स्वीकार होने के बावजूद ईडी के प्रकरण में तीनों आरोपी जेल में ही रहेंगें। ईडी के प्रकरण में जमानत स्वीकार होने के बाद ही अब आरोपी जेल से बाहर आ पाएंगें। बता दें कि लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी शरद जायसवाल तथा चेतन गौर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था।*

### 28 जनवरी को किया था गिरफ्तार

28 जनवरी को सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर को गिरफ्तार कर लोकायुक्त के विशेष न्यायालय में पेश कर पूछताछ करने के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था। लोकायुक्त संगठन पुलिस ने 29 जनवरी को शरद जायसवाल को भी गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था।

---

स्कूल-कॉलेजों की छुट्टियां होगी शुरू, लोग घूमने की बना रहे प्लानिंग

# एडवांस टिकट बुकिंग रुल्स में बदलाव और समर सीजन के कारण ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट, काउंटरों पर बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी की छुट्टियां शुरू होने में अभी करीब 25 से 29 दिन का समय बाकी है, लेकिन ट्रेनों में लंबी वेटिंग शुरू हो गई है। इसके पीछे एक वजह यह भी सामने आई है, कि रेलवे की ओर से एक नवंबर से एडवांस बुकिंग नियमों में बदलाव कर 120 की यानी चार माह की जगह 60 दिन यानी दो माह कर दिया है। इस वजह से लोग कंफर्म टिकट के लिए जल्द से जल्द बुकिंग कराने में जुट गए हैं। इस वजह से रेलवे काउंटरों पर भीड़ देखने को मिल रही है।

हालांकि रेलवे की ओर से इस साल पिछले साल की तुलना में करीब 30 से 40 फीसदी अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना है। इसके चलते इस साल 500 से 600 समर स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना है। यात्री अभी से कंफर्म टिकट पाने के चलते परेशान न हों।



### पर्यटन व धार्मिक स्थालों पर जाने का बना रहे प्लान

*इस साल छुट्टियां मनाने के लिए राजधानी सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोगों पर्यटन व धार्मिक स्थलों पर जाने का प्लान बना रहे हैं। साथ ही ट्रेनों में बुकिंग करा रहे हैं। इसके चलते लंबी दूरी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट की स्थिति देखने को मिल रही है।*

### भोपाल से पुणे के लिए

| | | |
|---|---|---|
| गोवा एक्सप्रेस | 88 से 123 | 46 से 51 तक वेटिंग |
| झेलम एक्सप्रेस | 78 से 144 | 34 से 44 तक वेटिंग |

### भोपाल से मुंबई की ओर

| | | |
|---|---|---|
| पंजाब मेल | 123-135 तक वेटिंग | वेटिंग 42 से 58 तक |

### भोपाल से दिल्ली की ओर

| | | |
|---|---|---|
| श्रीधाम एक्सप्रेस | 133 से 156 | 42 से 66 तक |
| कर्नाटक एक्सप्रेस\ | 63 से 82 | वेटिंग 24 से 39 तक |

### भोपाल से वाराणसी की ओर

| ट्रेन का नाम | स्लीपर | एसी-3 में स्थिति |
|---|---|---|
| कामायनी एक्सप्रेस | 68 से 90 तक वेटिंग | 26 से 38 तक वेटिंग |



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## जैकेट का शेष...

### 9 वर्षों बाद शासकीय...

भार आएगा। मप्र सरकार ने शासकीय सेवकों को 5 नवंबर 2016 को दैनिक भत्ता, वाहन भत्ता, मील भत्ता, ठहरने की पात्रता अनुसार भत्ता, प्रदेश के बाहर यात्रा के दौरान स्थानीय परिवहन, तबादले पर घरेलू सामान के परिवहन एवं तबादला अनुदान में मूल्य सूचकांक के आधार पर बढ़ोतरी की गई थी। इसका आदेश वित्त विभाग ने जारी किया था। इसके बाद शासकीय सेवकों को कोई राहत नहीं दी गई और उसी आधार पर दैनिक भत्ता आदि जारी होते रहे। अब जाकर शासकीय सेवकों की मांगों को मानते हुए कैबिनेट की बैठक में उक्त निर्णय को मंजूरी दी गई है। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि चूंकि मंत्रालय भवन में संचालित वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली संचालनालय एवं राज्य सत्कार अधिकारी कार्यालय सीधे शासन के वित्त एवं सामान्य प्रशासन विभाग के नियंत्रण में काम करते हैं। इसके साथ ही राज्य शासन स्तर के कार्यों का संपादन करते हैं। इन कार्यालयों में पदस्थ शासकीय सेवकों को भी मंत्रालय के समकक्ष अधिकारियों के समतुल्य मंत्रालय भत्ता देने का निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया है।

### वाहन भत्ते में यह...

अब 672 रुपए हो जाएगा। जबकि बाकी कर्मचारियों के लिए वाहन भत्ता 200 रुपए से बढ़कर 384 रुपए मिलेगा।

### विपक्ष के विरोध...

जिसमें मुस्लिम समुदाय के लिए इसके लाभों पर प्रकाश डाला गया। विधेयक को इससे पहले पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था, जिसके बाद आगे के विचार के लिए जगदंबिका पाल के नेतृत्व में एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था। विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करना है, ताकि वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में मुद्दों और चुनौतियों का निवारण किया जा सके। संशोधन विधेयक भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार करना चाहता है।

**संशोधन विधेयक की विपक्ष ने की कड़ी आलोचना...कहा- यह वक्फ बरबाद विधेयक:** वहीं, दूसरी ओर संशोधन विधेयक की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है, जिसने बार-बार इसे असंवैधानिक कहा और भाजपा पर मुसलमानों के अधिकारों को छीनने का प्रयास करने का आरोप लगाया। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह विधेयक असंवैधानिक है और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 25, 26 और 29 का गंभीर उल्लंघन है। ओवैसी ने कहा कि यह वक्फ विधेयक नहीं है, बल्कि यह वक्फ बरबाद विधेयक है। एआईएमआईएम प्रमुख ने एनडीए के सहयोगी नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान और जयंत चौधरी से वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन के पीछे के कारणों पर सवाल उठाया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पर नियंत्रण हासिल करने के लिए हर चीज में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया।

### नया वक्फ बिल...

लंबे समय से कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना का शिकार रहा है।

### तेलुगु देशम पार्टी...

डिजिटल दस्तावेज जमा करने की समय-सीमा को 6 महीने तक बढ़ाने की सुविधा दी गई है। यदि ट्रिब्यूनल को देरी का उचित कारण संतोषजनक लगता है, तो वक्फ को अतिरिक्त 6 महीने का समय दिया जा सकेगा। इससे डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन में सुधार होगा और विवादित संपत्तियों पर निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो सकेगी। टीडीपी के साथ-साथ जनता दल (यूनाइटेड) के सुझावों को भी विधेयक में जगह दी गई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि नीतीश कुमार की पार्टी भी लोकसभा में इस विधेयक का समर्थन कर सकती है।

### मरने वालों में 8 हरदा ...

पहले ही रोजगार की तलाश में वहां पहुंचे थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। हरदा जिला प्रशासन ने एडीएम के नेतृत्व में एक टीम गठित की है। प्रशासन और पुलिस की एक टीम को हरदा से बनासकांठा रवाना कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से श्रमिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार का गुजरात सरकार से घटना के संबंध में लगातार संपर्क बना हुआ है। डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से असमय दिवंगत श्रमिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। साथ ही मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तथा घायल श्रमिकों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता का ऐलान किया।

**हरदा जिले के इन मजदूरों की मौत:** सूचना के अनुसार हरदा जिले के हंडिया निवासी श्रीमती गुड्डी बाई पति भगवान सिंह नायक (30), विजय भगवान सिंह नायक (17), अजय भगवान सिंह नायक (16), कृष्णा भगवान सिंह नायक (12), विष्णु पुत्र सत्य नारायण नायक (18), सुरेश पुत्र अमर सिंह नायक (25), बबीता पति संतोष नायक (30) तथा धनराज बैन (18) की मृत्यु हो गई है। यह सभी हंडिया निवासी हैं। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि इसके अलावा राजेश पुत्र सत्यनारायण नायक (22) निवासी हंडिया, बिट्टू पुत्र सत्यनारायण नायक निवासी हंडिया (14) तथा विजय पुत्र रामदीन काजवे निवासी मालपौन (23) वर्ष के घायल होने की खबर है। इस दुर्घटना में 2 व्यक्तियों संजय नायक (12) वर्ष तथा लक्ष्मी (50) अभी तक लापता हैं। जिला प्रशासन बनासकांठा से अद्यतन जानकारी प्राप्त होने पर जानकारी परिवर्तित हो सकती है। घटना की जानकारी प्राप्त होने पर संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासन का दल घटना स्थल के लिए रवाना किया गया है। जिला बनासकांठा के साथ प्रशासन लगातार समन्वय कर रहा है।

**नेता प्रतिपक्ष ने पूछा-पलायन रोके सरकार:** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट को दुखद बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की। सिंघार ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि रोज रोजगार का दावा करने वाली सरकार इतनी अक्षम हो चुकी है कि मजदूरों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है, जहां उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ती है।

**नेता प्रतिपक्ष ने पूछा- पलायन रोके सरकार:**नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट को दुखद बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की। सिंघार ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि रोज रोजगार का दावा करने वाली सरकार इतनी अक्षम हो चुकी है कि मजदूरों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है, जहां उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ती है।

### जस्टिस यशवंत वर्मा से ...

*और न ही संशोधित करें। दूसरे सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस वर्मा ने कहा कि पहले प्रश्न के जवाब से साफ तौर पर जाहिर है कि दूसरे प्रश्न का जवाब यानी कैश का सोर्स को स्पष्ट करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। तीसरे प्रश्न का जवाब देते हुए जस्टिस वर्मा ने कहा कि मैं इस आरोप को पूरी तरह से नकारता हूं कि हमने स्टोर रूम से नोट निकाले हैं। जैसा कि मैंने ऊपर वाले सवाल में बताया है कि हमें जले हुए नोटों की बोरियां न तो दिखाई गईं और न ही सौंपी गईं। कमरे के अंदर आग से लगे जिस सीमित मलबे को बचाने की कोशिश की गई वह अभी भी आवास के एक हिस्से में मौजूद है। सवाल के जवाब में आगे लिखते हुए जस्टिस वर्मा ने कहा कि जैसा कि मैंने बताया कि मैं और मेरी पत्नी 15 मार्च 2025 की शाम को ही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 2303 से भोपाल से लौटे थे। इसलिए इसके कथित रूप से हटाए जाने का सवाल हमें ज्ञात नहीं है। किसी भी घटना में मेरे किसी भी कर्मचारी ने किसी भी रूप में कोई वस्तु मुद्रा या नकदी नहीं निकाली।*

### भगवान राम पर...

दोपहर को धर्मांतरण की आशंका में हिंदूवादी संगठनों ने मंडला से भंवरताल पार्क से आए कुछ महिलाओं और बच्चों को रोककर उन्हें जबरन बस में बैठाया और फिर वापस भेजने लगे। इस दौरान कुछ हिंदूवादी संगठनों ने रांझी के पास बस में बैठे यात्रियों को उतारकर थाने पहुंचा दिया। करीब तीन घंटे तक हंगामा चला। इसके बाद जब बातचीत करने के लिए ईसाई धर्मगुरु फादर जार्ज डेविस पहुंचे तो थाने में मौजूद लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन ने थाने में हुए हंगामे का वीडियो अपने मोबाइल स्टेटस पर लिखते हुए...भगवान राम को लेकर टिप्पणी की थी। सोशल मीडिया के जरिए जब हिंदू संगठनों तक यह जानकारी पहुंची तो उन्होंने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया। विजय नगर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार ने बताया कि अखिलेश मेबन के द्वारा भगवान राम पर टिप्पणी करते हुए स्टेटस को फेसबुक में लगाया गया था।

### भगवान की बनी रंगोली...

गया है। थाना कन्नौद टीआई तहजीब काजी के मुताबिक मामले में मिली शिकायत की जांच के बाद सहायक प्राध्यापक पर केस दर्ज किया गया है, आरोपित की तलाश की जा रही है। वास्तविक घटनाक्रम कब का है अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो करीब 10 दिन पहले वायरल हुआ था। वहीं कन्नौद महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रेमपाल गंगवार का कहना है कि इस मामले में हुई एफआईआर व अन्य जानकारी वरिष्ठ स्तर पर भेज दी गई है, आगामी कार्रवाई वहीं से होगी। घटना कब की है, यह मुझे नहीं पता है।

## पेज 1 का शेष...

### सरकार के खजाने...

गुड्स से रेवेन्यू 13.56 प्रतिशत बढ़कर 46,919 करोड़ रुपए रहा। मार्च के दौरान कुल रिफंड 41 प्रतिशत बढ़ गया और यह 19,615 करोड़ रुपए हो गया। रिफंड समायोजित करने के बाद मार्च, 2025 में नेट जीएसटी रेवेन्यू 1.76 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जो एक साल पहले इसी महीने की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक है।

### 675 सार्वजनिक ...

एक्सप्रेसवे और दिल्ली-जयपुर हाईवे शामिल हैं। इन रूटों पर सफर करने वाले लोगों को अब पहले से ज्यादा टोल देना होगा।

### 64 टोल: बैतूल...

और ट्रकों से 340 रुपए की वसूली होगी। माछलिया घाट पर ज्यादा रुपए खर्च करने पड़ेंगे। खंडवा और मुंबई हाईवे के रेट में वृद्धि आने वाले समय में की जाएगी। इंदौर-देवास बायपास और मांगलिया टोल के 20 किमी के गैर कमर्शियल स्थानीय वाहनों को 350 रुपए में मासिक पास की सुविधा दी जाएगी।

### मप्र के सीएम राइज ...

चलें हम' राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सबसे पहले विद्यार्थियों से संवाद किया और इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी भी देखी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में केजी-2 में प्रवेश लेने वाली नन्ही बालिकाओं को माला पहनाकर उनके विद्यालय में प्रवेश की औपचारिकता पूर्ण करवाई। उन्होंने नव प्रवेशी बालिकाओं को उपहार दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान किया। डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार विद्यार्थियों को गणवेश, लैपटॉप, ई-स्कूटी, साइकिल, कोचिंग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा कर सही अर्थ में रामराज की कल्पना को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में भी विकास कर रहा है।

### मैं योगी हूं, हमेशा...

तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं में सीएम योगी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है।

### दोनों ट्रेनों के इंजन...

पहुंचकर आग को बुझाया। हादसे में जिन 2 लोको पायलट की मौत हुई है उनमें से अंबुज महतो बोकारो के रहने वाले थे। वहीं बीएस मॉल बंगाल के रहने वाले थे। इस घटना के कारण उस रेलवे लाइन पर मालगाड़ियों का परिचालन रोक दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि लाइन को ठीक करने में दो से तीन दिन लग सकते हैं। इस बीच, रेलवे विभाग घटना की जांच कर रहा है। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि दोनों गाड़ियां एक ही पटरी पर कैसे आ गईं। रेलवे ने मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की भी घोषणा की है।

### यौन उत्पीड़न केस...

ग्लोरी एंड विजडम का संस्थापक है। वो खुद को यीशु मसीह का दूत बताता है और चमत्कारिक इलाज का दावा करता है। पिछले दिनों उनका एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वो मारपीट करता नजर आ रहा था।

**पीड़िता बोली-ये केस 7 साल से दबा हुआ था:** बजिंदर पर आरोप है कि वह विदेश में बसाने के बहाने महिला को अपने घर ले गया, उसके साथ गलत हरकत की और वीडियो भी बनाया। महिला ने आरोप लगाया है कि बजिंदर ने उसे धमकी दी थी, कि अगर उसने विरोध किया, तो उसका गलत हरकत वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता ने सजा पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि ये केस 7 साल से दबा हुआ था, मगर उनके वकीलों, पुलिस और कोर्ट ने इसमें जान डाल दी। मोहाली कोर्ट ने बजिंदर सिंह के खिलाफ यह सजा का फैसला ऐसे समय पर दिया है, जब बजिंदर सिंह एक और यौन उत्पीड़न और एक अन्य महिला से मारपीट के मामलों में फंसा हुआ है।

### छात्रों को पात्र ...

का कहना था कि कई कॉलेजों ने सीबीआई जांच के दौरान किसी भी छात्र के प्रवेश से इनकार किया था। हालांकि, बाद में बैकडेट में एडमिशन दिखाकर परीक्षा में बैठाने की कोशिश की गई। नर्सिंग फर्जीवाड़े मामले में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से जनहित याचिका लगाई गई है।

### राजधानी सहित ...

डिग्री बढ़कर 37 डिग्री रहा, जबकि रात का तापमान एक डिग्री गिरकर 18.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.8 डिग्री कम रहा। इससे मौसम में सहूलियत घुली रही। मौसम केंद्र के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहेगा। इसके बाद पारे में बढ़ोतरी होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी सिस्टम सक्रिय होने से 5 अप्रैल तक प्रदेश में आंधी, बारिश, बादल का दौर रहेगा। इसके बाद मौसम साफ होने से गर्मी में बढ़ोतरी होगी।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना शाहजहाँनाबाद जिला - भोपाल**

क्रमांक/था.प्र./शाह.बाद/भो./गुम इं.क्र.-16/25 दिनांक 01.04.25

// सूचना //



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शाहजहाँनाबाद, भोपाल के गुम इंसान क्र. 16/25 मे गुमशुदा रईसा बी पति छोटे खाँ उम्र 75 साल निवासी खोकरा कला तहसील कालापीपल जिला शाजापुर (म.प्र.) दिनाँक 31/03/25 के 08.00 बजे म.न. 64 गली न. 02 बाग मुशी हुसैन खाँ थाना शाहजहानाबाद भोपाल मे बाहर खडी थी जो बिना बताये कही चली गई है जिनकी दिमागी हालात ठीक नहीं है जो घर नहीं आई जिनका हुलिया कद 05 फीट रंग गोरा, बदन ईकहरा पीले रंगे सलवार सूट पहने व नंगें पैर है दाँत टूटे है सिर के बाल अधपके है यदि इस गुमशुदा के संबंध मे कोई जानकारी हो तो थाना प्रभारी थाना शाह.बाद, भोपाल के संपर्क नंबर 9479990573, एवं थाने के संपर्क नंबर 0755,2443250 तथा जाँच अधिकारी के मोबाईल नंबर 7049105167 पर सूचित करने का कष्ट करें।

थाना प्रभारी
थाना शाहजहाँनाबाद
जिला - भोपाल

G-11041/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**OFFICE OF THE SECRETARY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI, BHOPAL**
**DISTT. - BHOPAL**

**No./Nirman/24-25/254** **Dated : 27.03.2025**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Name & Place **Annual Repair Maintenance work of Existing Structure at Sub Market Yard Bhaisakhedi and Staff Quarters mandi Bhopal. of work 01 Tender Number : 2025_MPSAM_413004_1 (PAC amount Rs. 12.64 Lac),** The following works Tender to be **received Online up to 5:30 PM on Dated 23.04.2025** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/119470/2025 **SECRETARY**

**आम सूचना**

**कृषि भूमि खसरा क्रमांक 108, 110, 113, 114 एवं 115 रकबा 1.32 एकड स्थित ग्राम बोरदा कोलार रोड़ भोपाल के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार इकबाल खान पुत्र श्री अब्दुल रऊफ खान आयु -व्यस्क निवासी ग्राम बोरदा कोलर रोड भोपाल ने श्रीमती बसंती बाई पत्नी श्री परसराम आयु वयस्क निवासी एवं कृषक ग्राम बोरदा कोलार रोड़ भोपाल (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा क्रमांक 108, 110, 113, 114, 115 में से रकबा 1.00 (एक) एकड़ स्थित ग्राम बोरदा, कोलार रोड़ प.ह.नं-29, जिला भोपाल (म.प्र.) को दिनांक 07/03/2019 को विक्रय अनुबंध पत्र के द्वारा क्रय कर विक्रय मूल्य 60,00,000/- (साठ लाख रुपए) की सम्पूर्ण राशि आर.टी.जी.एस. बैंकर्स चैक एवं नगद अदा कर भूमि का भौतिक आधिपत्य प्राप्त लिया है। वर्तमान में उपरोक्त वर्णित भूमि पर मेरे पक्षकार का ही मालिकना एवं भौतिक आधिपत्य है। विक्रेता द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि की मूल ऋण पुस्तिका (बहीं) भी मेरे पक्षकार को सौंप दी गई है केवल उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन होना शेष है। विक्रेता श्रीमती बसंती बाई एवं उसके पति परसराम लालचवश कुछ लोगों के बहकावे में आकर मेरे पक्षकार के पक्ष में उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि का विक्रय पत्र निष्पादन न कराकर किसी अन्य व्यक्ति को बढ़े हुए दामों में विक्रय करने हेतु प्रयासरत है जिसका उन्हें कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। अतः कोई व्यक्ति, अथवा संस्था उपरोक्त भूमि के संबंध में श्रीमती बसंती बाई से संव्यवहार, लेनदेन न करें। अन्यथा उक्त संव्यवहार अवैध व शून्य माना जावेगा।

भवदीय **खालिद हफीज** अधिवक्ता
एडवोकेट कार्या. 3, अहाता मनकशाह पुल बोगदा, भोपाल (म.प्र.)
मो. 9993374688 , 9300754326






**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

**आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना**
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

**नाम परिवर्तन**

मैं, दौलत सिंह पुत्र श्री परसराम सिंह राजपूत आयु वयस्क निवासी ग्राम परसवाड़ा ढांडिया बनखेड़ी म.प्र. का निवासी हूं। मेरे पुत्र के आधार कार्ड कं 3280 7224 5649 में नाम साहिलसिंह राजपूत नाम (Shail Singh Rajput) है। व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम अजय (Ajay) है भविष्य में मेरे पुत्र को अजय (Ajay) के नाम से जाना पहचाना जाये । शपथ पत्र क्रमांक –BF 413295

**नाम परिवर्तन**

मैं, उमेश डिंगरा पुत्र खेमचंद डिंगरा वर्तमान में फ्लैट नंबर 603, ब्लॉक-ए4, एचआईजी आकृति ग्रीन्स सोसायटी, गर्म सलैया, बावड़िया कलां, भोपाल, (म.प्र.) पिन-462026 में रहता हूं, मैंने अपना नाम उमेश कुमार डिंगरा से बदलकर उमेश डिंगरा कर लिया है। दोनों नाम उमेश कुमार डिंगरा और उमेश डिंगरा एक ही व्यक्ति के हैं। अतः मुझे इसी नए नाम उमेश डिंगरा से जाना पहचाना जाए। शपथ पत्र संख्या-बीएफ 787758 दिनांक 31/03/2025 भोपाल न्यायालय।

**नाम परिवर्तन**

मैं, जतिन कुमार सिंह बैस (JATIN KUMAR SINGH BAIS) आ. नरेन्द्र सिंह बैस (NARENDRA SINGH BAIS) आयु-वयस्क, निवासी 14-ए, बैंक कॉलोनी के पास, न्यू सारिका नगर, आर. के. पुरी, ग्वालियर म.प्र. मैं नेशनलाइज बैंक में वर्तमान में कार्यरत हैं। मेरे 10वी, 12वी की अंकसूची एवं पासपोर्ट, एल. आई.सी. पॉलिसी एवं आई.सी.आई.सी.आई. बैंक ऑफिशियल रिकॉर्ड के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम जतिन कुमार सिंह (JATIN KUMAR SINGH BAIS) अंकित है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम जतिन सिंह बैस (JATIN SINGH BAIS) है जिसे मैं सुधरवाना चाहता हूँ। मेरे शेक्षणिक दस्तावेज एवं सर्विस के रिकॉर्ड में मेरा सही नाम दर्ज नहीं है, इसलिये मैं अपने दस्तावेजों एवं सर्विस के रिकॉर्ड में सही नाम जतिन सिंह बैस (JATIN SINGH BAIS) दर्ज कराना चाहता हूँ।

**नाम परिवर्तन**

मैं, प्रवीण राव करनाके (PRAVEEN RAO KARNAKE) आ. नामदेव राव करनाके (NAMDEV RAO KARNAKE) आयु-वयस्क, निवासी मकान न. 28, सतगुरू काम्प्लेक्स, डी.आई.डी. बंगलौ बैरसिया रोड, भोपाल म.प्र. मैं आर्मी विभाग में वर्तमान में कार्यरत हूँ। मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम प्रवीण राव (PRAVEEN RAO)-प्रवीण करनाके (PRAVEEN KARNAKE) अंकित है। जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम प्रवीण राव करनाके (PRAVEEN RAO KARNAKE) है यह कि मेरे शेक्षणिक दस्तावेज एवं सर्विस के रिकॉर्ड में मेरा सही नाम दर्ज नहीं है, इसलिये में अपने दस्तावेजों एवं सर्विस के रिकॉर्ड में सही नाम प्रवीण राव करनाके (PRAVEEN RAO KARNAKE) दर्ज कराना चाहता हूँ।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पवन कुमार विश्वकर्मा पुत्र श्री रघुनाथ प्रसाद विश्वकर्मा निवासी-मकान नं. 178, रीगल कलश, खजूरी कलॉ, अवधपुरी भोपाल यह कि मेरी 10वी हाईस्कूल एवं 12 वी हायर सेकेण्डरी अंकसूचियों में मेरा नाम 'पवन कुमार' लिखा है एवं मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम ₹पवन कुमार विश्वकर्मा₹ अंकित है। मेरा पूरा नाम पवन कुमार विश्वकर्मा ही है एवं वर्तमान में मुझे इसी नाम से ही जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है अतः भविष्य में मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा यहीं नाम 'पवन कुमार विश्वकर्मा' अंकित किया जावे।

**नाम परिवर्तन**

मैं, मो. इसरार खान (MO. ISRAR KHAN) आ. मो. मुमताज खान (MO. MUMTAJ KHAN) आयु-वयस्क, निवासी मकान न. एमआईजी-24, सतगुरू कॉम्प्लेक्स, बैरसिया रोड, हुजूर भोपाल म.प्र. मैं जवाहरलाल नेहरू अस्पताल गैस राहत भोपाल में ड्रायवर के पद पर वर्तमान में कार्यरत हूँ। 2. यह कि समस्त दस्तावेजों में मेरा सही नाम अंकित है परंतु मेरी सर्विस बुक में मेरा नाम केवल मो. इसरार(MO. ISRAR) अंकित है जबकि मेरा वास्तविक पूर्ण नाम मो. इसरार खान (MO. ISRAR KHAN) है। मैं अपनी सर्विस के रिकॉर्ड में सही नाम मो. इसरार खान (MO. ISRAR KHAN) दर्ज कराना चाहता हूँ।

**नाम परिवर्तन**

मैं कुमेर सिंह पुत्र श्री अमर सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी म.न. 7/1. देहरीबामन, तह. राजगढ़, जिला राजग, मध्यप्रदेश का निवासी हूँ। मेरे शासकीय व अशासकीय दस्तावेजो में नाम व सरनेम व जन्म तिथी दुलेसिंह (DULE SINGH) पुत्र श्री अमर सिंह (AMAR SINGH) है। व अन्य शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम कुमेर सिंह (KUMER SINGH) पुत्र श्री अमर सिंह (AMAR SINGH) है। मैं भविष्य में कुमेर सिंह (KUMER SINGH) पुत्र श्री अमर सिंह (AMAR SINGH) के नाम व सरनेम से जाना पहचाना जाउंगा। शपथ पत्र क्रमांक –BF 413296




R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**

**साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910**

**Medical Help Line**

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



**सफेद दाग गारंटेड इलाज**

Timing 10:30 am to 8:00 pm

**Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC**

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409

5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियावत के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह:** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या:** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ:** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5823



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5822 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | रुक | ■ | मा | ठि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | इ | क | र | ना | ■ |

## सूडोकू नववाल- 5833

सरल



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के बॉक्स में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नववाल- 5832 का हल



## छात्रों के शैक्षिक भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका

# आकाश एजुकेशनल ने दिल्ली के नजफगढ़ में खोला कोचिंग केंद्र

**प्रतियोगी परीक्षाओं की सफलता के लिए आत्मविश्वास से सशक्त बनाना : डॉ. यशपाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजफगढ़ (दिल्ली)

नीट और जेईई के लिए परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने दिल्ली के नजफगढ़ में शुभारंभ करते हुए खुशी व्यक्त की है। इस प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के केंद्र का उद्घाटन एमएलए नजफगढ़ (दिल्ली) में नीलम कृष्ण पहलवान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र महत्वाकांक्षी छात्रों के शैक्षिक भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही आकाश इंस्टीट्यूट की उपस्थिति छात्र समुदाय के लिए असाधारण सीखने के अवसर प्रदान करेगी और बहुत लाभ पहुंचाएगी। इस विस्तार के साथ, एईएसएल का लक्ष्य क्षेत्र के अधिक छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है। यह कदम शीर्ष स्तरीय तैयारी सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उठाया गया है, ताकि अधिक महत्वाकांक्षी छात्र आकाश इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान की जाने वाली बेहतरीन कोचिंग तक पहुंच सकें।



**मटेरियल और एडवांस्ड टेस्ट सीरीज का लाभ मिलेगा**

आकाश इंस्टीट्यूट जो देश भर में अपने बेहतरीन शिक्षण और उत्कृष्ट परिणाम के लिए जाना जाता है, अब नजफगढ़ के छात्रों को भी नीट और जेईई जैसी कठिन परीक्षाओं की तैयारी में मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस नए सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुभवी फैकल्टी, नवीनतम स्टडी मटेरियल और एडवांस्ड टेस्ट सीरीज का लाभ मिलेगा।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के डॉ.यशपाल (चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड) ने कहा कि हमें नजफगढ़ में अपने नए केंद्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे मिशन का एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्रों के करीब गुणवत्तापूर्ण कोचिंग लाना। हमारा मुख्य ध्यान छात्रों को एक मजबूत शैक्षिक नींव, वैचारिक स्पष्टता और नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए आत्मविश्वास से सशक्त बनाना है। यह केंद्र अनुभवी शिक्षकों, व्यापक अध्ययन सामग्री और छात्रों की क्षमता को अधिकतम करने के लिए डिजाइन किए गए एक आदर्श सीखने का वातावरण से युक्त होगा।

## *नए वित्तीय वर्ष में व्यापारियों ने बदले बही खाते*

# व्यापारिक प्रतिष्ठानों में गणेश-लक्ष्मी की पूजा के साथ नए खाते खोले गए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आज से नया वित्तीय वर्ष का प्रारंभ हो गया है। अतः व्यापार जगत से जुड़े सभी व्यापारियों ने आज सुबह ही नए बही-खातों की पूजा-अर्चना करके नए बही खातों में लिखा पढ़ी की। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मध्यप्रदेश के महासचिव अनुपम अग्रवाल ने बताया कि कुछ वर्ष पहले दीपावली पर पूजन के उपरांत नई लीखा -पढ़ी प्रारंभ होती था। लाल रंग के बही खातों पर बाररू के पेन से स्याही में डुबोकर खातों को लिखा जाता था। कई व्यापारियों द्वारा स्याही की मुफ्त



वितरण भी किया जाता था,लेकिन वक्त के साथ बहुत कुछ बदलाव आ गया है। रजिस्टर आदि ने अपनी जगह बना ली, बाररूकी जगह लीड, पेन ने ले ली, अब और भी एडवांस टेक्नोलॉजी के चलते सभी काम-काज लेपटॉप एवं बिल प्रिंटर के माध्यम से निकले जा रहे है। मगर वर्षों पुराने व्यापारी आज भी देसी पद्धति से लिखा-पढ़ी कर रहे है।

वहीं भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यकारिणी सदस्य दीपक पसारी माहेश्वरी ने कहाकि 1 अप्रैल 2025 - 26 नव वित्तीय वर्ष की शुरुआत हो गई है। इस दिन शहर में व्यापारी परंपरागत रूप से बही-खातों का पूजन किया। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में गणेश-लक्ष्मी की पूजा के साथ नए खाते खोले। पसारी ने व्यापारियों को मंगल शुभकामनाएं देते हुए कहाकि श्रीगणेश, लक्ष्मी सरस्वती सभी के व्यापार में वृद्धि करें और शुरू वित्तीय वर्ष व्यापार-व्यवसाय के लिए मंगलकारी हो।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम 41 रुपए हुए कम

### शहर के 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को राहत

# भोपाल में 1808 रुपए का 19 किलो वाला सिलेंडर 1769 रुपए का हुआ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कमी की घोषणा की,जिससे भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर के होटल कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी। राजधानी भोपाल में कमर्शियल सिलेंडर के दाम कम होने 10 हजार से अधिक कमर्शियल सिलेंडर उपभोक्ताओं को राहत मिली है। भोपाल 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में 41 रुपए की कटौती हुई है। जिसके बाद 1808 रुपए का मिलने वाला एलपीजी सिलेंडर अब उपभोक्ताओं 1967 रुपए का मिलेगा।

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके गुप्ता के अनुसार कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में



यह कटौती हर महीने कच्चे तेल की कीमतों और अन्य बाजार कारकों के आधार पर किया जाने वाला मासिक संशोधन का हिस्सा है। इससे पहले कंपनियों ने 1 मार्च को सिलेंडर के दाम में 6 रुपए की वृद्धि और 1 फरवरी को 7 रुपए की कटौती की थी। वहीं दिसंबर में कॅमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की दरों में 62 रुपए की भारी वृद्धि हुई थी। हालांकि नए वित्तीय वर्ष यानी अप्रैल माह के शुरू दिन एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती से रेस्तरां, होटल और अन्य व्यवसाय,जो थोक एलपीजी आपूर्ति पर निर्भर हैं से जुड़े लोगों को कुछ राहत मिलेगी।

## एक्सिस बैंक की फॉर्च्यून 500 कंपनी के साथ साझेदारी

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने घोषणा की है कि उसने एनबीबीएल के भारत कनेक्ट का उपयोग करके बी2बी कलेक्शन प्रदान करने के लिए भारत में फॉर्च्यून 500 कंपनी के साथ साझेदारी की है। इस कदम के साथ, एक्सिस बैंक इस अत्यंत महत्वपूर्ण समाधान को लागू करने वाला पहला बैंक बन गया है, जो अपनी अत्याधुनिक, मजबूत एपीआई स्टैक का उपयोग कर रहा है।

यह समाधान एफएमसीजी, फार्मा, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के मल्टीपल ऑर्डरिंग एप्लिकेशन को एकीकृत कर सकता है, जिससे कंपनी के होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स और स्टॉकिस्ट्स के लिए कलेक्शन की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्जीक्यूटिव और हेड नीरज गंभीर ने कहाकि एक्सिस बैंक अपने ग्राहकों के लिए अग्रणी डिजिटल भुगतान और संग्रह शुरू करने में सबसे आगे रहा है।

## एनएचडीसी को हासिल हुई वित्तीय वर्ष 2024-25 में बड़ी उपलब्धि

# लक्ष्य से अधिक 5575.02 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनएचडीसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में समझौता ज्ञापन (एमओयू) में उत्कृष्ट रेटिंग के तहत 4900 मिलियन यूनिट के विद्युत उत्पादन लक्ष्य के मुकाबले 5575.02 मिलियन यूनिट का कुल वास्तविक विद्युत उत्पादन सफलतापूर्वक हासिल किया गया है, जो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के वास्तविक विद्युत उत्पादन से 24.63 फीसदी अधिक रहा है। एनएचडीसी द्वारा यह रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन, कंपनी की स्थापना के बाद से दूसरा सबसे अधिक विद्युत उत्पादन भी है। एनएचडीसी के 8 मेगावाट सांची सोलर प्लांट ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्षमता उपयोग कारक (सीयूएफ) 21.42 फीसदी के साथ 15.021 मिलियन यूनिट के सौर ऊर्जा उत्पादन का उत्कृष्ट लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया है। इसी तरह एनएचडीसी के 88 मेगावाट ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट जिसकी 29 अक्टूबर 2024 को सफलतापूर्वक शुरूआत हुआ था ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 96.412 मिलियन यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया है।

**एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक ने कार्मिकों को दी बधाई**

**एनएचपीसी मप्र की अग्रणी विद्युत उत्पादन कंपनी**

एनएचडीसी लिमिटेड मध्यप्रदेश राज्य की अग्रणी विद्युत उत्पादन कंपनी है, जो कि एनएचपीसी लिमिटेड और मध्य प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम है। इस कंपनी की स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी। वर्तमान में एनएचडीसी लिमिटेड के दो जलविद्युत पावर स्टेशन-इंदिरा सागर पावर स्टेशन (1000 मेगावाट) और ओंकारेश्वर पावर स्टेशन (520 मेगावाट) मध्य प्रदेश राज्य के खंडवा जिले में संचालित हैं। एनएचडीसी के 08 मेगावाट का सांची सोलर प्लांट तथा 88 मेगावाट का ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट है संचालन में हैं। इन परियोजनाओं से उत्पादित 100 फीसदी विद्युत से मध्य प्रदेश राज्य को आपूर्ति की जाती है।

एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक राजीव जैन ने कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। यह असाधारण रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन कार्मिकों की कर्मठता एवं मशीनों के उत्कृष्ट स्थिति में रखरखाव के कारण प्राप्त हो पाया है। जैन ने मध्य प्रदेश शासन को भी धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से यह रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन हासिल किया जा सका। इससे एनएचडीसी के सभी हितधारकों को लाभ हुआ है।

## बिजनेस न्यूज

### जियो मार्ट ने लांच किया '99 स्टोर', दैनिक उपयोग की चीजें 99 रुपए से शुरू

**मुंबई।** ई-मार्केटप्लेस जियो मार्ट ने '99 स्टोर' पेश किया है। रिलायंस रिटेल का जियो मार्ट एक समर्पित ऑनलाइन शॉपिंग डेस्टिनेशन है। यहाँ रोजमर्रा की जरूरतों के लिए किफायती और बेहतरीन उत्पाद उपलब्ध है। अब घर में उपयोग होने वाली वस्तुएं, किचनवेयर, फैशन, मोबाइल एक्सेसरीज और अन्य दैनिक आवश्यक चीजें कम दाम पर मिलेंगी। यह स्टोर ग्राहकों को बेहतरीन बचत का अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां रुपए 99, रुपए 149 और रुपए 499 की मूल्य श्रेणियों में उपलब्ध उत्पाद, खरीदारों के लिए एक आकर्षक विकल्प हैं। अब ऑनलाइन सुविधा के साथ, अतुलनीय किफायत, विशेष रूप से चुने गए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद, सस्ती कीमतों पर, विविध उत्पाद श्रेणी-घर का जरूरी सामान, फैशन, किचन और टेक्नोलोजी से जुड़े कई उपयोगी उत्पाद। जियो मार्ट ऐप और वेबसाइट के जरिए होम डिलीवरी। अभी जियो मार्ट पर '99 स्टोर' पर कई ऑफर्स मिल रहे हैं। जियो मार्ट ऐप डाउनलोड करके जियो मार्ट '99 स्टोर' से खरीददारी कर सकते हैं। जियो मार्ट भारत का प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है, जो सुविधाजनक और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रिलायंस रिटेल का हिस्सा होने के नाते, जियो मार्ट किफायती दामों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है।

### अजीम प्रेमजी विवि की पब्लिक लेक्चर सीरीज के तहत प्रो. पुष्पेश पंत का व्याख्यान

**भोपाल।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की पब्लिक लेक्चर सीरीज के तहत जाने-माने लेखक और इतिहासकार प्रोफेसर पुष्पेश पंत का व्याख्यान होगा। यह व्याख्यान 5 अप्रैल को शाम साढ़े 5 से 7 बजे तक ईपीसीओ-ई-5 पर्यावरण परिसर, अरेरा कॉलनी, भोपाल में आयोजित किया जाएगा। प्रोफेसर पंत भोपाल के खान-पान के जायकेदार इतिहास पर चर्चा करेंगे। साथ ही वे भोपाल के खाने को अपनी पहचान दिलाने वाले ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रभावों को भी समझने-समझाने में हमारी मदद करेंगे। इसमें वे भोपाल के खान-पान की लंबी परंपरा का दिल्ली, रामपुर, अवध जैसी रियासतों के साथ उसके गहरे ऐतिहासिक रिश्तों को भी समझाएंगे। प्रोफेसर पंत एक प्रख्यात खाद्य इतिहासकार, लेखक हैं और वे अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर भी रह चुके हैं। उन्हें रिसर्चका 50 से ज्यादा वर्षों का अनुभव है, जिसमें उन्होंने भारतीय व्यंजन, प्रवास, व्यापार और शाही संरक्षण के बीच जटिल संबंधों की गहरी खोजबीन की है।

### फोकस लाइटिंग को रिलोटो ऑटोमेशन से 15 करोड़ का बड़ा ऑर्डर

**मुंबई।** फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर लिमिटेड ने रिलोटो ऑटोमेशन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड से एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त किया है।कंपनी को रिलोटो ऑटोमेशन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड से 14.59 करोड़ (जीएसटी को छोड़कर) का ऑर्डर प्राप्त हुआ है, जो लाइटिंग और फिक्स्चर्स के निर्माण, आपूर्ति और डिलीवरी से संबंधित है। यह डोमेस्टिक कमर्शियल ऑर्डर अगले एक वर्ष में पूरा किया जाएगा। यह अनुबंध कंपनी की उच्च गुणवत्ता और अत्याधुनिक तकनीक वाली लाइटिंग सॉल्यूशंस प्रदान करने की विशेषज्ञता को दर्शाता है, जो विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए अनुकूलित हैं। फोकस लाइटिंग एंड फिक्स्चर्स के प्रबंध निदेशक, अमित शेठ ने कहा कि हमें रिलोटो ऑटोमेशन सॉल्यूशंस से एक और महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त करके अत्यंत हर्ष हो रहा है, जिससे हमारे व्यावसायिक संबंध और अधिक सशक्त हुए हैं। पहले से ही 5.72 करोड़ के ऑर्डर के साथ, यह नया अनुबंध हमारे कौशल पर विश्वास और उच्च गुणवत्ता व अत्याधुनिक तकनीक से युक्त प्रकाश समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।

### जियो हॉटस्टार पर आईपीएल मुफ्त, जियो ने 15 अप्रैल तक बढ़ाया क्रिकेट ऑफर

**मुंबई।** जियो अपने मौजूदा और नए ग्राहकों के लिए जो विशेष क्रिकेट ऑफर लेकर आया था, उसे कंपनी ने 15 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दिया गया है। पहले यह ऑफर 31 मार्च को समाप्त होने वाला था। ऑफर के तहत 299 रुपए या अधिक के प्लान वाला नया जियो सिम कनेक्शन लेने पर या फिर कम से कम 299 रुपए का रिचार्ज कराने पर जियो ग्राहक, जियो हॉटस्टार पर मुफ्त में आईपीएल क्रिकेट सीजन का मजा ले सकते हैं। इस अनलिमिटेड क्रिकेट ऑफर में ग्राहकों को टीवी,मोबाइल पर 90-दिन का मुफ़्त जियो हॉटस्टार सब्स्क्रिप्शन मिल रहा है और वो भी 4के क्वालिटी में। जिससे ग्राहक आईपीएल क्रिकेट सीजन का मुफ्त में आनंद उठा पा रहे हैं। इसके साथ ही जियो घरों के लिए जियो फाइबर या जियो एयरफाइबर का मुफ्त ट्रायल कनेक्शन भी देगी। अल्ट्रा-फास्ट इंटरनेट का मुफ्त ट्रायल कनेक्शन 50 दिनो तक फ्री रहेगा। ग्राहक 4के में क्रिकेट देखने के बेहतरीन अनुभव के साथ शानदार होम एंटरटेनमेंट का लाभ भी उठा सकेंगे। ऑफर का फायदा अब 15 अप्रैल 2025 तक उठाया जा सकता है। ऑफर का लाभ उठाने के लिए मौजूदा जियो सिम उपयोगकर्ता को कम से कम 299 रुपए वाला रिचार्ज कराना होगा।

## सेवाएं यूज करने में दिक्कत

# एसबीआई की सेवाएं पड़ी ठप, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम में बैंकिंग काम नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की सेवाएं मंगलवार को अचानक ठप पड़ गई हैं और इस बैंक को बड़े आउटेज का सामना करना पड़ा है। अचानक आई इस दिक्कत के चलते यूजर्स को पैसे ट्रांसफर करने, मोबाइल बैंकिंग करने और एटीएम तक की सेवाएं यूज करने में दिक्कत आई। कंपनी ने इस मामले में बयान जारी किया है।

एसबीआई ने आधिकारिक बयान में इस दिक्कत का जिक्र किया है। बैंक ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अकाउंट पर बताया कि एनुअल क्लोजिंग ऐक्टिविटीज के चलते इसकी सेवाएं दोपहर 1 बजे से लेकर शाम के 4




बजे तक प्रभावित रहेंगी। एसबीआई ने बताया है कि 1 अप्रैल को इसकी सेवाएं प्रभावित रहने के दौरान यूजर्स को यूपीआई लाइफ और एटीएम यूज करने की सलाह दी है।

एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) ने भी आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा कि वित्तीय वर्ष खत्म होने और क्लोजिंग के चलते कई बैंकों की वित्तीय सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

## बाजार की 2020-21 के बाद सबसे खराब वित्त वर्ष की शुरुआत

# सेंसेक्स 1390 अंक टूटा, निफ्टी 23,165 पर बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के 2 अप्रैल से लागू हो रहे टैरिफ से पहले घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार (1 अप्रैल) को बड़े पैमाने बिकवाली देखने को मिली। जिससे बाजार बड़ी गिरावट लेकर बंद हुआ।

कोविड प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 के बाद किसी भी वित्त वर्ष के पहले दिन यह बाजार की सबसे खराब शुरुआत है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 500 से ज्यादा अंक गिरकर 76,882.58 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 75,912.18 अंक तक फिसल गया। अंत में सेंसेक्स 1390.41 अंक या 1.80 फीसदी की बड़ी गिरावट लेकर 76,024.51 पर



**निवेशकों के 4 लाख करोड़ डूबे**

बाजार में मंगलवार को आई गिरावट से निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप मंगलवार को घटकर 4,09,64,821 करोड़ रुपए पर आ गया। जबकि पिछले ट्रेडिंग सेशन (शुक्रवार) में यह 41,375,586.20 करोड़ रुपए था। इस तरह इसमें आज 4,10,765 करोड़ रुपए की गिरावट आई।

बंद हुआ।इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ़्टी-50 में भी बड़ी गिरावट आई। इंडेक्स कारोबार के दौरान 23,136.40 अंक के नीचले स्तर तक फिसल गया था। अंत में यह 353.65 अंक या 1.50 फीसदी फिसलकर 23,165.70 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर गिरावट में चल रहे हैं। सबसे ज्यादा गिरावट बजाज फिनसर्व में देखने को मिल रही है।

इसके अलावा इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, टीसीएस, सन फार्मा के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में थे।दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक का 5 फीसदी से ज्यादा की बढ़त लेकर कारोबार कर रहा था। साथ ही जोमाटो, नेस्ले इंडिया, आईटीसी, भारती एयरटेल और पावर ग्रिड के शेयर हरे निशान में थे।

## *चौक बाजार के सराफा व्यापारियों ने दिया जोर*

# अक्षय तृतीया पर आयोजित हो व्यापार महोत्सव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अक्षय तृतीया 30 मार्च को है जो अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन बिना मुहूर्त के भी शुभ कार्य किए जा सकते हैं। इस दिन विवाह, गृह प्रवेश, सोना-चांदी खरीदना, कारोबार शुरू करना, वाहन खरीदना शुभ होता है। मध्यप्रदेश सहित देशभर की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार अभी कृषि ही है। देश में फसल आने के बाद सभी तरह की उपभोक्ता वस्तुओं की मांग बढ़



जाती है। व्यापारिक सीजन अक्षय तृतीया से प्रारंभ होकर लगभग दो माह तक चलता है। अतः पुराने भोपाल के चौक बाजार स्थित सराफा व्यापारियों ने व्यापारिक संस्था श्रीसराफा एसोसिएशन भोपाल से मांग की है कि चौक बाजार में अक्षया तृतीया के सुअवसर पर तीन दिवसीय व्यापार महोत्सव आयोजित किया है।

सराफा कारोबारी संजीव गर्ग (गांधी) और नवनीत अग्रवाल ने कहा कि ज्वेलरी व्यावसायी सहित अन्य ट्रेडों के व्यापार से जुड़े पुराने शहर के व्यापारियों ने व्यापारिक संगठनों के माध्यम मांग की है कि बाजारों में अक्षय तृतीया व्यापार महोत्सव आयोजित करने की योजना बनाए और इस पर कार्य करें, जो व्यापारी और व्यापार दोनों के हित में हैं।

नवनीत अग्रवाल ने कहा कि संगठन के नेतृत्व में विभिन्न ट्रेडों के व्यापारी आकर्षक डिस्काउंट ऑफर, एक्सचेंज ऑफर, उपहार योजनाओं के मार्फत ग्राहकों को लाभांवित करें। उन्होंने कहाकि समुचित पार्किंग और व्यवस्थित बाजार निश्चित ही उपभोक्ता को पुराने शहर की ओर आकर्षित करेंगे और इसका प्रतिसाद व्यावसायियों को मिलेगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **फतेह अली पुत्रः श्री अकरम अली, पताः** मकान नं. सी–103, गली नं. 10 मुल्तानी ढाड़ा, पहाड़ गंज, दिल्ली और वार्ड नं. 18, संजय नगर मदरसा मोहल्ला, रायसेन, मध्य प्रदेश ने **FIR No. 162/2019, U/s 420/419/34 IPC,** थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फतेह अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फतेह अली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 162/2019, U/s 420/419/34 IPC,** थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **फतेह अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं. 26, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3914/CD/2025
(Court Matter)

## सोने की ओर भाग रहे निवेशक

# अक्षय तृतीया पर लखपति हो जाएगा सोने का भाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रंप रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद कई तरह के और टैक्स लगाने की धमकी दे चुके हैं। जिसके बाद पूरी दुनिया के निवेशकों में दबाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में निवेशक सोने की ओर भाग रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के दाम 3150 डॉलर के साथ लाइफ टाइम हाई पर पहुंच गए है। जिसके वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 3500 डॉलर के पहुंचने का अनुमान है। अगर ऐसा होता है तो भारत में सोने की कीमतें 1 लाख रुपए पर पहुंच सकती है।

बाजार जानकारों का कहना है कि सोने की कीमतें अक्षय तृतीया पर 1 लाख रुपए पर आ सकती हैं। आंकड़ों के अनुसार गोल्ड फ्यूचर एक फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 3,149.80 डॉलर प्रति ओंस पर कारोबार कर रहा है। वैसे कारोबारी सत्र के दौरान गोल्ड फ्यूचर 3158 डॉलर प्रति ओंस की तेजी के साथ रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। खास बात तो ये है बीते एक साल में गोल्ड फ्यूचर के दाम 40 फीसदी से ज्यादा बढ़ चुके हैं।

### वैश्विक वित्तीय जोखिम में सोना बना सुरक्षित विकल्प

वित्तीय दुनिया में अनिश्चितता के चलते सोने की कीमत 3,100 डॉलर के ऐतिहासिक मूल्य को पार कर गई है। जो ट्रम्प के व्यापार युद्ध को लेकर चिंताओं के बीच मजबूत सुरक्षित-हेवन मांग के कारण अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्टों के अनुसार ट्रम्प कई देशों पर उच्च व्यापार शुल्क लगाने पर विचार कर रहे हैं।

Phone No. 07578-292027 Fax No. 07578-299441

**कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER**
**CANTONMENT BOARD PACHMARHI**

No. 40/PW/RSP/06 Dated 01 April 2025

Cantonment Board Pachmarhi" invites Expression of Interest (EoI) from interested bidders/companies for setting up of "rooftop solar power plant", with net metering facility under RESCO / CAPEX mode in Pachmarhi Cantonment.

All the details related to EoI will be uploaded on Def-procurement site on 28-03-2025 at 17.00 hrs.

Important Dates

| | |
|---|---|
| 1. Name of Work | Installation of Rooftop solar panel of 20 Kw capacity |
| 2. Processing fee | Zero |
| 3. Start date of online submission of EOI | 1st April 2025 |
| 4. Site Visit | Before 15th April 2025 |
| 5. Pre-bid meeting | 8th April 2025 |
| 6. Last date for online submission of EoI | 16th April 2025 17.00 hrs |
| 7. Opening date of EOI | 17th April 2025 17.00 hrs |

For complete details refer Defence e-procurement portal http://defproc.gov.in/cppp and Cantonment Board website pachmarhi.cantt.gov.in.

Rahul Gajbhiye I.D.E.S.
Chief Executive Officer
Cantonment Board Pachmari

## चिंतन

# किसी का घर गिराना आश्रय के अधिकार का उल्लंघन

बुलडोजर जस्टिस पर देश की सुप्रीम अदालत एक बार फिर से सख्त है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के बुलडोजर एक्शन को असंवैधानिक व असंवेदनशील करार दिया है। प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन महिला याचिकाकर्ताओं के घरों को 2021 में बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि घर गिराने की प्रक्रिया असंवैधानिक थी। घर ध्वस्त करने की ये मनमानी प्रक्रिया हमारी अंतरात्मा को झकझोरता है, राइट टू शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है। कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण को आदेश दिया है कि पांचों पीड़ितों को 10-10 लाख रुपए का हर्जाना दिया जाए। दरअसल, किसी का घर गिराना संविधान के आश्रय के अधिकार का उल्लंघन है। गत माह 24 मार्च को यूपी के अंबेडकर नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान एक तरफ झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था तो दूसरी तरफ 8 साल की एक बच्ची अपनी किताबें लेकर भाग रही थी। यह मार्मिक दृश्य था, इस तस्वीर ने सबको हैरान-परेशान कर दिया था। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने इस घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जहां अवैध रूप से तोड़फोड़ की जा रही थी और इसमें शामिल लोगों के पास निर्माण कार्य करने तक की क्षमता नहीं है। किसी भी राज्य सरकार का संवैधानिक कर्तव्य नागरिकों की सुरक्षा है, अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई नागरिकों के आश्रय अधिकार व मौलिक अधिकार की अवहेलना करके नहीं की जा सकती है। यह सही है कि प्रशासनिक हीलाहवाली के चलते शहरों में अनेक अवैध निर्माण हुए हैं, इसमें हमारा पूरा प्रशासनिक तंत्र जिम्मेदार है। सवाल है जब अवैध निर्माण हो रहा होता है, तब प्रशासन सोया क्यों रहता है? दूसरा प्रश्न भी है कि यदि कोई आपराधिक आरोपित है, इसका मतलब यह नहीं कि उसके आवास पर बुलडोजर चला कर समूचे परिवार को सजा दी जाए। राज्य सरकार को न कानून हाथ में लेने का अधिकार है, न किसी आरोपित को दोषी मानने का हक है। आरोपित के खिलाफ कानून सम्मत फैसला करने का अधिकार अदालत का है। अतीत में यूपी समेत कुछ राज्यों द्वारा अवैध कब्जे व अतिक्रमण ड्राइव के नाम पर अनेक आपराधिक रिकार्ड वाले आरोपियों के घरों व ठिकानों पर बुलडोजर एक्शन लिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान भी 13 जून 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से लोगों के घर गिराए जाने को असंवैधानिक बताया था। अदालत ने कहा था कि यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति का मकान केवल इस आधार पर गिरा देती है कि वह अभियुक्त है, तो यह कानून के शासन का उल्लंघन है। यहां तक कि गंभीर अपराधों के आरोपी और दोषी के खिलाफ भी बुलडोजर की कार्रवाई बिना नियम का पालन किए नहीं की जा सकती। शीर्ष अदालत ने सख्त लहजे में कहा था कि किसी एक की गलती की सजा पूरे परिवार को नहीं दे सकते, सिर्फ आरोपी या दोषी होने पर घर नहीं गिराया जा सकता। प्रशासन को ये बताना होगा कि बुलडोजर एक्शन क्यों जरूरी है? हालांकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बाद भी महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात में बुलडोजर एक्शन देखे गए थे, जबकि गाइडलाइन टूटने पर अफसर के खिलाफ कार्रवाई की बात सुप्रीम कोर्ट ने कही थी। सरकार कानून के दायरे में ही काम करे और किसी परिवार के आश्रय का अधिकार नहीं छीने।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# म्यांमार भूकंप विकास के लिए खतरा

इस भूकंप के झटके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में भी अनुभव किए गए। चीन, वियतनाम, ताइवान, लाओस और श्रीलंका में भी भूकंप की तरंगें अनुभव की गई। याद रहे, भारत के भुज में 24 साल पहले आया भूकंप भी 7.7 तीव्रता का था, जिसमें 20 हजार लोगों की मौतें हुई थीं और डेढ़ लाख लोग घायल हुए थे। तीन लाख से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ था। म्यांमार के भूकंप का केंद्र भूमि के 10 किमी नीचे था। भूकंप के केंद्र वाला म्यांमार का क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र के रूप में पूर्व से ही चिन्हित है। बावजूद यहां आवास और उद्योगों के लिए आलीशान अट्टालिकाएं खड़ी की जा रही हैं। भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराने का परिणाम इस भूकंप को माना जा रहा है।

म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के ताकतवर भूकंप ने 1700 से भी ज्यादा लोगों की जान ले ली और 2500 से भी ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के प्रभाव में आकर जिस तरह से बहुमंजिला इमारतें ढहीं, सड़कें, पुल और बांध टूटे, बिजली और इंटरनेट सेवाएं ठप हो गईं, यह प्रकृति की एक ऐसी नजीर है, जो बढ़ते शहरीकरण के लिए चेतावनी है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आए कुछ पलों के झटकों ने ही दुनिया के इस सुंदर शहर को थर्रा दिया। इसी बीच अमेरिका की भूगर्भीय सर्वेक्षण एजेंसी ने आशंका जताई है कि मरने वालों की संख्या 10 हजार से भी अधिक पहुंच सकती है। इस भूकंप के झटके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में भी अनुभव किए गए। चीन, वियतनाम, ताइवान, लाओस और श्रीलंका में भी भूकंप की तरंगें अनुभव की गई। याद रहे, भारत के भुज में 24 साल पहले आया भूकंप भी 7.7 तीव्रता का था, जिसमें 20 हजार लोगों की मौतें हुई थीं और डेढ़ लाख लोग घायल हुए थे। तीन लाख से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ था। म्यांमार के भूकंप का केंद्र भूमि के 10 किमी नीचे था। भूकंप के केंद्र वाला म्यांमार का क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र के रूप में पूर्व से ही चिन्हित है। बावजूद यहां आवास और उद्योगों के लिए आलीशान अट्टालिकाएं खड़ी की जा रही हैं।

भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराने का परिणाम इस भूकंप को माना जा रहा है। दिल्ली राजधानी क्षेत्र में 17 फरवरी 2025 की सुबह 5.36 बजे रिएक्टर स्केल पर चार तीव्रता वाले भूकंप के झटके और धमाकों जैसी आवाजें सुनी गईं थीं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौलाकुआं के झील पार्क क्षेत्र में 5 किमी की गहराई में था। इस कारण इसकी तीव्रता भूगर्भ में ही कमजोर पड़ गई और सतह पर नहीं आने पाई। बिहार में भी भूकंप के झटके अनुभव किए गए। इसका केंद्र धरती की सतह से 10 किमी नीचे था। इसलिए असर केवल अनुभव हुआ। बावजूद भविष्य में भूकंप का यह संकेत दिल्ली के लिए विनाश की चेतावनी है। क्योंकि दिल्ली, हरिद्वार और महेंद्रगढ़ ,देहरादून के ऐसे पठारनुमा टीले पर बसा हुआ है, जहां से भूकंप की भ्रंश रेखा गुजरती है। अतएव यहां हमेशा भूकंप का खतरा बना रहता है। यह संकट इसलिए भी है, क्योंकि यमुना नदी के मैदानी क्षेत्र में भूमि की परत नरम है। हालांकि इस भूकंप को विवर्तनिक परत (टेक्टोनिक्स प्लेट) में किसी बदलाव के कारण आना नहीं माना गया था। इसके आने का कारण स्थानीय भूगर्भीय विविधता को माना जा रहा है। याद रहे हिमालय के उत्तरी तलहटी में स्थित चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र शिगात्से के निकट तिंगरी काउंटी में 7 जनवरी 2025 को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 126 लोग मारे गए थे। भूकंप से तिब्बत में किसी बांध या जलाशय को हानि नहीं पहुंची थी।

गौरतलब है कि भूकंप ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की योजना ने भारत और बांग्लादेश को चिंता में डाल दिया है। क्योंकि यह पूरा क्षेत्र भारत और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों में टकराव के कारण चीन के दक्षिण-पश्चिम हिस्से नेपाल और उत्तर-भारत में अकसर भूकंप आते रहते हैं। भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देशों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही



दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, चीन और अन्य देशों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों असफल हैं ? जबकि वैज्ञानिक इस दिशा में लंबे समय से कार्यरत हैं। अमेरिका एवं भारत समेत अनेक देश मौसम व भूगर्भीय हलचल की जानकारी देने वाले उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित कर चुके हैं। दरअसल दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में मानवीय हस्तक्षेप शामिल है। इसीलिए इस भूकंप को स्थानीय भू-गर्भीय विविधता का कारण माना गया है। दरअसल प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन और फिर शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के लिए शैतानी निर्माण से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है, उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। जापान और फिर क्वोटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चला है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भूकंप के मुहाने पर खड़े हैं। हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है।

ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेषिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है, जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया की वजह से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं।

विकास के लिए पानी, गैस, खनिज, इस्पात, ईंधन और लकड़ी जरूरी हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। इस वजह से वायुमंडल में इकतरफा दबाव बढ़ रहा है। इस कारण धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है। ऐसे में सीमेंट, लोहा और कंक्रीट के भवन जब गिरते हैं, तो मानव त्रासदी ज्यादा होती है। जैसे कि हमें अमेरिका के लॉस एंजीलिस शहर में लगी आग में देखने में आ रहा है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
गिरीश चन्द्र पाण्डे



# जलवायु परिवर्तन की अनदेखी हानिकारक

हाल ही में नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया था। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने किया। एनजीटी का कार्य पर्यावरण से जुड़े विवादों को प्रभावी एवं सुविधाजनक तरीके से शीघ्र निपटाना है। इसलिए इस सम्मेलन की महत्ता स्वयंसिद्ध है। सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण तथा सतत विकास सहित पर्यावरण के समक्ष चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। इन सभी सत्रों का उद्देश्य भारत और विश्व में पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के बीच अर्थपूर्ण संवाद और सहयोग को आगे बढ़ाना था। सम्मेलन में पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील जीवन शैली अपनाने के महत्व. को रेखांकित किया गया। साथ ही इस सम्मेलन में भावी पीढ़ियों को स्वच्छा पर्यावरण उपलब्ध कराने का एक नैतिक दायित्व भी माना गया। चूंकि सभी के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही पर्यावरण का संरक्षण और उसका संवर्धन संभव है, इसलिए इसके लिए नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह भी किया गया। क्लाइमेट चेंज की भयावह समस्या किसी एक राष्ट्र तक सीमित नहीं है, इसलिए सम्मेलन में वैश्विक पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने के लिए सीमा पार सहयोग और नवाचारी नीतियों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया ताकि एक साथ पारिस्थितिक संसाधनों के संरक्षण और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया जा सके। जहां तक भारत का सम्बन्ध है, केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार भारत कम कार्बन वाली प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और मंत्रालय का मानना है कि विकासशील देशों के लिए त्वरित पर्यावरणीय आर्थिक विकास ही जलवायु परिवर्तन से सर्वश्रेष्ठ बचाव है। निश्चित तौर पर इस सम्म्लेन को हम क्लाइमेट चेंज की समस्या से निपटने में सहयोग को बढ़ावा देने, जागरुकता लाने तथा पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कह सकते हैं।

हम यह भी देख रहे हैं कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, इससे न केवल ग्लेशियर पिघल रहे हैं बल्कि जंगल की आग भी बड़े पैमाने पर तबाही मचा रही है। ग्लेशियरों के पिघलने से न केवल पर्यावरण बल्कि मानव जीवन और अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। समुद्र के स्तर में वृद्धि होने से तटीय क्षेत्रों और द्वीपीय देशों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। इसीलिए भारत में मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों को अधिक खतरा है। नदियों में पानी की मात्रा अचानक बढ़ने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा भी बढ़ जाता है। यही नहीं, ग्लेशियरों से पिघलकर आने वाला पानी नदियों का मुख्य स्रोत होता है, खासकर गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के लिए। ये तीनों नदियां देश को 63 प्रतिशत के आसपास पानी देती हैं जिनमें अकेले गंगा का हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत है। इसलिए ग्लेशियर खत्म होने की स्थिति में इन नदियों में पानी की मात्रा घट जाएगी, जिससे भविष्य में भारत, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में जल संकट गहरा सकता है। कई जीव-जंतु और पौधे ठंडी जलवायु में जीवित रहते हैं। ग्लेशियरों के पिघलने से उनका आवास नष्ट हो जाता है, जिससे कई प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा भी बढ़ जाता है। जैव विविधता पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नदियों में पानी की कमी होने से सिंचाई पर प्रभाव पड़ता है, जिससे कृषि और खाद्य सुरक्षा भी प्रभावित होती है। जलवायु परिवर्तन के मूल कारण ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को पहले नियंत्रित करना होगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ना, ऊर्जा दक्षता में सुधार करना तथा पौधरोपण को बढ़ावा देना दीर्घकालिक समाधान हो सकते हैं। कुछ विश्व नेता अभी भी जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को नज़रअंदाज़ कर रहे हैं और इस संकट को हल करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रति पूरी तरह उदासीन दिखाई देते हैं। वे भूल जाते हैं कि क्लाइमेट चेंज की रफ्तार यदि ऐसी ही बनी रही तो उसके समक्ष अथर्व्यवस्था बौनी साबित होगी। अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल की भांति इस बार भी अपने को पेरिस जलवायु समझौते से अलग कर लिया है। निश्चित तौर पर इस कदम से वैश्विक प्रयासों में बाधा पड़ती है। उम्मीद करें कि विश्व समुदाय मिलकर पेरिस जलवायु समझौते जैसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों के प्रति अपना वचनबद्धता की पुनः पुष्टि करते हुए निर्णायक कार्रवाई करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

(लेखक साहित्यकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# एक सत्संग ऐसी भी



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

## सटाका




## आज की पाती

### जनप्रतिनिधियों को वेतन पेंशन देने का औचित्य

भारत एक गौरवशाली लोकतांत्रिक गणराज्य है। हालांकि, विषय विचारणीय है कि संविधान में उल्लिखित आदर्श और सिद्धांत, जिनका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना था, उनके अर्थों को समय-समय पर स्वहित में तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति भी उतनी ही पुरानी हो गई है। लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन इस विश्वास के साथ करती है कि वे उनके अधिकारों और कल्याण के लिए कार्य करेंगे। इन्हें जनसेवक कहा जाता है, लेकिन व्यवहार में इनका कार्य सेवा से अधिक 'सुविधा और लाभ' की ओर झुका हुआ है। संसद में हो रहे व्यवधान से प्रश्न उठता है कि क्या इन्हें वेतन और पेंशन दी जानी चाहिए या नहीं? भारत की समूह जनता को इस विषय पर चिंतन करना है।

*- विवेक सक्सेना, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### 'ओडिशा दिवस' हर वर्ष



दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि हर वर्ष 'ओडिशा दिवस' को भव्य रूप से मनाया जाएगा। ओडिशा की संस्कृति, परंपराओं और योगदान का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। हम इसे और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नशे के खिलाफ़ कदम



पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले 1 महीने में नशे के खिलाफ़ ऐसे सख्त कदम उठाए हैं, जो पिछले 75 सालों में नहीं हुए। अब इसे जनआंदोलन बनाकर पंजाब के गांव-गांव में जागरूकता फैलाएंगे और लोगों को जोड़ेंगे, हर पिंड से नशे को खत्म करना ही हमारा संकल्प है।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### उत्कल दिवस



प्राकृतिक सुंदरता, प्राचीन शिल्पकारी और अनूठी संस्कृति से समृद्ध ओडिशा राज्य, भारत का गौरव है। सभी प्रदेशवासियों को उत्कल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### महाभारत का मंच



महाभारत एक ऐसा मंच होना चाहिए जो कई कहानियाँ कहने का समर्थन करता हो.. यह क्वांटम कहानी कहने के सबसे करीब है.. पात्र पात्रों से विकसित होते हैं.. चलो बात करते हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# तीन मुस्लिम देशों का दौरा आखिर क्या है ट्रंप का प्लान

डोनाल्ड ट्रंप इमिग्रेशन से लेकर टैरिफ तक लगातार सख्त फैसले ले रहे हैं। हालांकि ट्रंप कई देशों से रिश्ते सुधारने में भी जुट गए हैं और इसी एवज में वो तीन मुस्लिम देशों का दौरा करने जा रहे हैं। इस बात की जानकारी खुद ट्रंप ने दी और कहा कि सत्ता में वापसी के बाद पहली विदेश यात्रा सऊदी अरब की हो सकती है। अगले महीने ही डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब की यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा कि उनकी सत्ता में वापसी के बाद पहली विदेश यात्रा सऊदी अरब की हो सकती है। ट्रंप ने कहा कि अगले महीने ये यात्रा हो सकती है, या थोड़ा बाद में। उन्होंने इसी के साथ कतर समेत कुछ अन्य देशों में भी जाने की संभावना जताई रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यूएई बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए मैं यूएई और कतर में रुकेंगे। सऊदी अरब के अधिकारियों ने हमारी अमेरिकी कंपनियों में लगभग एक ट्रिलियन डॉलर खर्च करने पर सहमति व्यक्त की है, जिसका अर्थ मेरे लिए नौकरियां हैं। अमेरिकी कंपनियां सऊदी अरब और मध्य पूर्व के अन्य स्थानों के लिए उपकरण बनाएंगी। बता दें कि जनवरी में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी व्यापार और निवेश में 600 बिलियन डॉलर जमा करने का वादा किया था।



## ऑफ बीट

# दिन में तीन पहरों में रूप बदलती है ज्ञान की देवी मां शारदा

बुंदेलखंड के जालौन जिले में ज्ञान की देवी मां शारदा का ऐसा मंदिर है जिसके बारे में मान्यता है कि एक कुंड से प्रकट हुई आदि शक्ति दिन के तीन पहरों में अलग अलग रुपों में अपने भक्तों को दर्शन देती हैं। जिला मुख्यालय उरई से लगभग 30 किमी दूर ग्राम बैरागढ़ में स्थित इस मंदिर में ज्ञान की देवी सरस्वती मां शारदा के रूप में विराजमान हैं। किवदंतियों के अनुसार, यह मंदिर आदिकाल में निर्मित हुआ था और मां शारदा की मूर्ति मंदिर के पीछे बने एक कुंड से निकली थी। इस कारण इस स्थान को शारदा देवी सिद्ध पीठ कहा जाता है। मान्यता है कि देवी प्रतिमा दिन में तीन रूपों में दिखती है, सुबह के समय कन्या के रूप में, दोपहर को युवती के रूप में और शाम को मां के स्वरूप में। इन अद्भुत दर्शनों के लिए श्रद्धालु पूरे देश से यहां आते हैं। पुजारी शारदा शरण द्विवेदी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पाखर का वृक्ष नवरात्र के समय हरा भरा हो जाता है जहां श्रद्धालु पेड़ के नीचे तप और ध्यान भी करते हैं। भक्त मानते हैं कि पेड़ के नीचे बैठकर जो अपनी मन्नत होती है वह पूर्ण होती है। मां शारदा शक्ति पीठ ऐतिहासिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पृथ्वीराज चौहान और आल्हा-उदल के युद्ध की साक्षी रही है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा ईश्वर का साक्षात दर्शन है

**मंडीदीप।** जहां श्रीमद्भागवत कथा होती है, वहां पर 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्वयं ईश्वर का साक्षात स्वरूप होती है। यह बात भागवताचार्य कुलदीप कृष्ण आचार्य ने वार्ड 4 विमान चौक में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कही। उन्होंने कहा हमारी भक्ति सच्चे हृदय से परमात्मा में लीन हो जाती है, तो जीवन में आने वाले विशाल और कठिन दुखों का प्रभाव भी कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही भागवत कथा का श्रवण कराएं।

### नवरात्रि पर्व पर कन्या पूजन कर ओढ़ाई चुनरी



**औबेदुल्लागंज।** नारी शक्ति की अध्यक्ष, महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष, पूर्व पार्षद आरती यादव ने मंगलवार को नवरात्रि पर्व के दौरान कन्याओं की पूजा कर उन्हें चुनरी ओढ़ाई और भोजन कराया कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सचिन को आईजी जबलपुर का अतिरिक्त प्रभार

**भोपाल।** 2007 बैच के आईपीएस अफसर सचिन अतुलकर को जबलपुर जोन के आईजी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। फिलहाल अतुलकर छिंदवाड़ा रेंज के डीआईजी हैं, लेकिन वे तीन माह पहले ही आईजी रैंक पर प्रमोट हो चुके हैं। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार जबलपुर आईजी का अतिरिक्त प्रभार संभालने के बाद भी वे छिंदवाड़ा रेंज के डीआईजी बने रहेंगे। जबलपुर के आईजी रहे अनिल सिंह कुशवाह 31 मार्च को रिटायर हो गए हैं, जिसके बाद अतुलकर को इस पद का आतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अतुलकर इससे पहले भोपाल में एडिशनल पुलिस कमिश्नर के साथ सागर, बालाघाट और उज्जैन में एसपी भी रहे हैं।

### नीलम पार्क में मिला युवक का शव

**भोपाल।** नीलम पार्क में मंगलवार के दिन एक युवक का शव मिलने का मामला सामने आया है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्त प्रमोद बाथम निवासी भोईपुरा के रूप में हुई है। जहांगीराबाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### समाजसेवी रविंद्र जैन को दी श्रद्धांजलि



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में समाजसेवी सचिन्द्र जैन, जितेन्द्र जैन, अनूप जैन, अनुभव जैन के भाई व कर्तिक व आयुष के पूज्य पिताजी रविन्द्र जैन के आकस्मिक निधन हो गया। वे लम्बे समय से नगर में व्यापार जगत में भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष विमल जैन, राजदीप ने दिंवगत पुण्यात्मा को श्रद्धांजिल अर्पित की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4038 | | |
| दिन: | 460 | 04 | 356 |
| रात: | 170 | 89 | 126 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 467 | 75 | 249 |
| रात: | 160 | 76 | 169 |

# सीएम राइज स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव... विधायक पटवा ने छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत, पुस्तकें भी बांटीं

स्कूलों में 1 से 4 अप्रैल तक मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव
विद्यार्थियों का जीवन शिक्षाकों द्वारा ही संवरता है: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

शासकीय सीएम राइज विद्यालय में मना प्रवेश उत्सव। नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ 1 अप्रैल मंगलवार को किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पटवा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। विधायक पटवा ने छात्र एवं छात्राओं को तिलक लगाया एवं पुस्तकें भी वितरण की। शाला की प्राचार्या चंद्रावती अतुलकर ने बताया कि 1 से 4 अप्रैल तक प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों का जीवन शिक्षकों द्वारा ही संवरता है। हेमराज मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे द्वारा भी छात्रों को प्रवेश के लिए प्रोत्साहन किया।



### विधायक ने बच्चों के साथ नृत्य किए

विधायक पटवा ने छात्रों स्कूल भेजने के लिए पालकों से कहा। उन्होंने कहा स्कूल आकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। सीएम राइज विद्यालय के शिक्षक बहुत मेहनत कर रहे हैं। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए विधायक ने बच्चों के साथ नृत्य भी किए। कार्यक्रम में शाला की उपलब्धियां और गतिविधियों के बारे में जानकारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने दी। कार्यक्रम में शहर के सभी गणमान्य नागरिक एवं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन सीमा सोनपुरे एवं पूजा वर्मा द्वारा किया गया। अंत में शिक्षिका प्रतिभा सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नापा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमिता वागीश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, सोनू चौकसे, नरेंद्र शर्मा, अशोक यादव, ओपी मीणा, हेमराज मीणा, रामकिशोर चौहान तामोट, भारती नरेश सेठी, सर्वेश गौर, माधव यादव, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत बिल्ले, राम किशोर नंदवंशी, नंदू शर्मा, सुजीत यादव, रवि राय, जीतू नंदवंशी, गजेन्द्र नागर, मनोज चौरसिया, शिक्षक अनिल नगरिया, एसएस तिवारी, जितेन चौहान, प्रत्यूष पाल, विजेंद्र यादव, कपिल दास मेश्राम, अशोक राजवैध, आनंद तिवारी, वंदना पुरोहित, स्वाति श्रीवास्तव, नीलम पटेल, प्रतिभा सिंह, शिप्रा केशरवानी, संध्या श्रीवास्तव, सुनीता यादव, सीमा सोनपुरे, पूजा वर्मा, निक्की मौर्य, साधना सिंह, नीता चौरे, शिल्पा मिश्रा, रेनू साहू, प्रमिला कैसे एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## नपा अध्यक्ष ने छात्राओं को तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं छात्राओं को नियमित स्कूल आने के लिए किया प्रेरित

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में स्कूलों में 1 अप्रैल मंगलवार से नया शिक्षा शुरू हो गया है। इस दौरान स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। पहले दिन स्कूल स्तर पर क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने स्कूलों में दौरा किया। शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया किया। इस दौरान स्कूलों में बच्चों की नवीन प्रवेश प्रक्रिया के साथ बाल सभा भी की गई। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने छात्राओं को शुभकामना देते हुए लक्ष्य बनाकर पढ़ने, नियमित रूप से स्कूल आने और अपने शिक्षक, माता-पिता के प्रति आदर भाव रखने की बात कही। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत सभी पालकों से विद्यार्थियों को नियमित स्कूल भेजने



और उन्हें घर पर भी अध्ययन करने का समय देने एवं बच्चों को विद्यालय में आकर केवल पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा त्रिवेदी ने कहा कि आज 1 अप्रैल से शिक्षण सत्र शुरू हो गया है, आज हम प्रवेश उत्सव मना रहे हैं। पहले दिन स्कूल आने वाली छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्राचार्य प्रतिभा त्रिवेदी ने बताया कि बुधवार 2 अप्रैल को भविष्य - से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के सफल व्यक्तियों को बुलाकर बच्चों को प्रेरित किया जाएगा। स्कूल चले हम कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। भविष्य से भेंट कार्यक्रम में स्कूल को लोग उपहार देंगे और उनका सम्मान किया जाएगा। किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाएगा। 3 अप्रैल को स्कूलों में स्कूल स्तरीय सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियां संपन्न कराई जाएंगी।

साइबर क्राइम ब्रांच ने यूपी से दोनों भाइयों को किया गिरफ्तार

# नौकरी दिलाने के नाम पर दो भाई बेरोजगार युवक से की 12 लाख 68 हजार रुपए की ठगी

◆ आरोपी ने फीस के रूप में वसूलते थे रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के सरगना को उसके साथी के साथ गिरफ्तार किया है, जो बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था। पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई हैं। उनके द्वारा बीते साल ऐसे ही एक मामले में भोपाल के एक युवक के साथ भी साढ़े बारह लाख रुपए से अधिक की ठगी की गई थी।

पुलिस के मुताबिक उप्र के 307 ड्रीम होम्स 3 सेक्टर 73 नोएडा गौतम बुद्ध नगर निवासी 32 वर्षीय नितेश सिन्हा पिता स्व.लाल मोहन सिन्हा और उसके छोटे भाई 29 वर्षीय राज सिन्हा को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों भाइयों ने बीते साल अल्ट्राटेक कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर भोपाल के एक युवक से 12 लाख 68 हजार 407 रुपए ठग लिए थे। यह राशि नौकरी लगने के एवज में अलग-अलग समय पर अलग-अलग खातों में डलवाकर ठगी की गई थी। पुलिस ने दोनों भाइयों के पास से 8 मोबाइल फोन, 9 सिम कार्ड, 1 लेपटॉप, 1 राउटर व अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

**खास बात**

- पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 मोबाइल, 9 सिमकार्ड और 1 लैपटॉप बरामद किया

### विभिन्न कंपनियों से खरीदा था डाटा



आरोपियों द्वारा ठगी के लिए बेरोगार युवाओं का डाटा विभिन्न कंपनियों से खरीदा जाता है। इसके बाद खुद को इंडीड कंसलटेंसी कंपनी का कर्मचारी बताकर अल्ट्राट्रेक कंपनी में नौकरी दिलवाने के नाम पर फोन और मेल करते हैं। बातचीत के दौरान झांसे में लेकर यह बताया जाता कि वे उनकी नौकरी अल्ट्राट्रेक कंपनी में लगवा सकते हैं। बेरोजगार युवकों को बातों में फंसाया जाता। इसके बाद उन्हें मेल कर चयन की जानकारी दी जाती। बाद में उनसे अलग-अलग खातों में कंपनी में रजिस्ट्रेशन, मेडिकल कराने, रहने व अन्य फीस के नाम पर पैसा ऑनलाइन के माध्यम से जमा करवाते हैं।

**दोनों ने बांट रखे हैं काम**

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि दोनों भाइयों ने ठगी के लिए काम बांट रखे हैं। राज सिन्हा का काम लोगों को कॉल और मेल करना है, जबकि नितेश सिन्हा द्वारा फर्जी खाते, सिम, डाटा और मोबाइल उपलब्ध कराना एंव पैसे का सेटलमेंट करना है। अहम बात यह है कि राज 12वीं तक और उसका भाई दसवीं तक ही पढ़े हैं। राज करीब पांच साल पहले उड़ीसा की भुवनेश्वर पुलिस द्वारा भी साइबर अपराध के मामले गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ऐसे करते थे ठगी

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी ऑनलाइन नौकरियों के इच्छुक लोगों का डाटा खरीदकर बैरोजगार लोगों को बड़ी-बड़ी कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर कंपनी के फर्जी मेल भेजता था। नौकरी करने के इच्छुक लोगों से कंपनी में रजिस्ट्रेशन कराने व मेडीकल, ट्रेनिंग कराने के नाम, कंपनी में रहने खाने के नाम पर अलग-अलग फीस के लेते थे। उक्त प्रकरण में मुख्य सरगना नितेश सिन्हा बड़ी-बड़ी कंपनियों की फर्जी मेल बनाकर कंपनियों के ज्वॉयनिंग लेटर तैयार करता था, इसके बाद अन्य आरोपी राज सिन्हा को देता था। राज सिन्हा लोगों को नौकरी देने की बात करता था।

### 14 साल की किशोरी पर पड़ोसी ने डंडे से किया हमला, एफआईआर दर्ज

**भोपाल।** बजरिया इलाके में एक 14 साल की किशोरी को पड़ोसी ने डंडे से मारा। घटनाक्रम में बच्ची के हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक श्यामा बाई राजेन्द्र नगर में रहती है। सोमवार शाम 14 साल की बच्ची पड़ोसी के घर के सामने उसकी बच्ची के साथ खेल रही थी। इस दौरान पड़ोसी बृजेश यादव की बच्ची को आवारा कुत्ते ने काट लिया। इस दौरान बृजेश ने इसी बात को लेकर श्यामाबाई से विवाद करना शुरू कर दिया। वहीं उसकी बच्ची को डंडे से हाथ में मारा, जिसमें अंगूठा फैक्चर हो गया। सूचना के आधार पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

## दोस्त से कराई रैपिडो की बुकिंग फिर चालक से मोबाइल लूटा

**पुलिस ने रिकॉर्ड खंगाला तो पुराना बदमाश निकला आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी इलाके में एक रैपिडो चालक के साथ लूट का मामला सामने आया है। आरोपी ने दोस्त से रैपिडो बाइक बुक की और फिर उसे लूट का शिकार बना लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे लूट का मोबाइल बरामद कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक बिहार निवासी 24 वर्षीय अमित सिंह पिता उदय सिंह स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित चांदबड़ में किराए के मकान में रहता है। वह एलएनसीटी कॉलेज से एमसीए का कोर्स कर रहा है। पार्ट टाईम में पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए रेपिडो चलाता है। 24 मार्च को उसके पास एक बुकिंग आई थी, जिसमें उसने सवारी को मीनाल रेजीडेंसी से छोला छोड़ा था। अमित बाइक लेकर बताए गई जगह पर स्थित एक स्पा सेंटर पर पहुंचा। वहां बुकिंग करने वाले ऋषि रजक ने खुद जाने से इंकार करते हुए बताया कि उसके दोस्त को छोड़ना है। अमित उसके दोस्त शुभम कहार को लेकर जैसे ही चला तो आरोपी उसे इधर-उधर चलने का बोल कर घुमाता रहा।

### ऐसे खुला मामले का राज

पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद बुकिंग करने वाले स्पा संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया की लूट की वारदात 25 वर्षी शुभम कहार पुत्र पप्पू ने की है। वह शिवनगर छोला का रहने वाला है। मंगलवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उससे लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। आरोपी पुराना बदमाश है। उसके खिलाफ पूर्व से मारपीट, दुष्कर्म आदि के करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड निकाल लिया है।

### भेल के खंडहर में लेकर जाकर गर्दन पर अड़ा दी छुरी

इसके बाद वह उसे रत्नागिरी चौराहे के समीप एक भेल के खंडहरनुमा मकान में ले गया। यहां उसकी गर्दन पर छुरी अड़ाकर उससे मोबाइल झपट लिया और बगैर किराया दिए ही फरार हो गया। बाद में पीड़ित ने इसकी जानकारी बिहार में रहने वाले अपने परिजनों को दी। उसने रात होने के कारण मामले की शिकायत 1 मार्च को पुलिस से की गई, जिसके बाद मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

महिलाओं ने गणगौर माता की झांकी सजाई

## महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर की गणगौर माता की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना के लिए सोलह श्रृंगार कर गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने नखराली म्हारी गणगौर, म्हारी गणघोरिया को लाख भरो चुड़ला जैसे मनमोहक गीत गाए।

महिलाओं ने काजलियो, घूमर और कालबेलिया नृत्य कर गणगौर माता को प्रसन्न किया। महिलाओं ने गणगौर माता की झांकी सजाई। तोरण, वरमाला, अगवानी आदि रस्मों-रिवाजों से पूजा की। वेद पुराणों के अनुसार 16 दिन गणगौर



का पर्व मनाया जाता है। इन दिनों मां पार्वती अपने मायके आई हैं। समापन पर भगवान शंकर उन्हें लेने आते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद रही।



### महिलाओं ने धूमधाम से मनाया गणगौर पर्व

**औबेदुल्लागंज।** नगर में गणगौर का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर माता गौरी से अखंड सुहाग की प्रार्थना की। यह त्यौहार हर वर्ष वैश्य समाज की महिलाओं द्वारा मनाया जाता हैं। मंगलवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर माता की पूजा कर कथा का पाठ किया और भगवान शंकर एवं माता गौरा अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की।



## सल्फास की गोली खाने से युवती की मौत परिजन बोले- गलती से गोलियां खा गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया इलाके में रहने वाली युवती की उपचार के दौरान सोमवार रात देर रात को मौत हो गई। मृतका ने सोमवार की शाम को ही घर पर सल्फास की गोलियां खा ली थीं। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उधर, परिजनों का कहना है कि उसने गलती से गोलियां खाई थीं। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक बरखेड़ा अब्दुल्ला निवासी 18 वर्षीय नेहा कुशवाहा पुत्री मल्लू कुशवाहा ने सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे घर में ही सल्फास की गोलियां खा ली थी। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए थे, जहां पर उसकी इलाज के दौरान रात में ही मौत हो गई। मृतका ने आठवीं कक्षा पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को फसल कटने के बाद घर में गेहूं के बोरे आए थे। उसके पिता गेहूं में सल्फास की गोलियां रख रहे थे। इस दौरान नेहा भी इसी कमरे में थी। कुछ देर बाद ही पिता कमरे से बाहर चले गए। जब पिता वापस आए तो उन्हें नेहा लगातार उल्टियां करती हुई मिली। परिजन उसे तुरंत ही पटेल नगर इलाके के एक निजी अस्पताल में ले गए थे, जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस को मामले की सूचना अस्पताल से मिली थी।

### आर्थिक तंगी से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाई

बिलखिरिया इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर मंगलवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक कोकता ट्रांसपोट नगर निवासी 42 वर्षीय लक्ष्मण पुत्र उमराव प्रजापति ने शाम करीब पांच बजे मवेशी बांधने वाले कमरे में फांसी लगाई है। उस समय उसके बच्चे दूसरे कमरे में थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह आर्थिक रूप से परेशान चल रहा था। मृतक मजदूरी करता था और उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल है। बेटा सबसे छोटी है।

पिछले एक माह से भोजपुर के इमलिया ग्राम के रहवासी दहशत में थे

# वन विभाग की टीम ने दो टाइगरों का किया सफल रेस्क्यू स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर के ग्राम इमलिया मार्ग पर विगत एक माह से दो बाघों का लगातार विचरण बना हुआ था। ग्रामीणों की लगातार आ रही शिकायत के बाद मुख्य वन संरक्षक भोपाल के मार्गदर्शन एवं वनमंडल अधिकारी औबेदुल्लागंज के नेतृत्व में परिक्षेत्र चिकलोद स्टाफ द्वारा सोमवार को बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए।

मंगलवार को वनविहार भोपाल एवं सतपुड़ा टाइगर



रिजर्व की रेस्क्यू टीम, पशुचिकित्सकों एवं स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से दो टाइगरों का सफल रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के उपरांत दोनों टाइगरों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया।

### 5 मवेशियों का किया था शिकार

टाइगरों के मूवमेंट के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। बाघों के आने से ग्रामीण फसल भी नहीं काट पा रहे थे। इस बीच टाइगरों ने 5 मवेशियों का शिकार भी किया। खेतों एवं वनक्षेत्र के मध्य से रास्ता निकलता है, जो ग्रामीणों का मुख्य मार्ग है। ग्रामीणों का भोजपुर, मंडीदीप, बंगरसिया आना-जाना लगा रहता है। कुछ ग्रामीण मंडीदीप फैक्ट्रियों में नोकरी करने इसी रास्ते से आते-जाते हैं। बाघ के रोजाना आने के कारण सभी ग्रामीण डरे-सहमें रहते थे। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने वन विभाग के आला अधिकारियों से की थी और वन विभाग से बाघों के रेस्क्यू करने की मांग कर रहे थे। साथ ही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर भी शिकायत की थी। इसके बाद वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दोनों टाइगर के रेस्क्यू का निर्णय लिया गया।

सातवीं बटालियन का 76वां स्थापना दिवस

## एडीजी वेलफेयर ने फीता काटकर किया पुलिस कैंटीन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्थित 7वीं बटालियन के 76वां स्थापना दिवस पर चार दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मंगलवार को स्थापना दिवस के मौके पर बटालियन में पुलिस कैंटीन का शुभारंभ किया गया। एडीजी वेलफेयर अनिल कुमार और एडीजी एसएएफ चंचल शेखर ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया।

इस कैंटीन में पुलिस स्टाफ और उनके परिवारों को रियायती दर पर सामान मिलेगा। इस उद्घाटन समारोह में बटालियन के कमांडेंट हितेश चौधरी के साथ अधिकारी,



कर्मचारी और उनके परिजन शामिल हुए। स्थापना दिवस के पहले दिन मंगलवार को बटालियन की कॉलोनी और परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अफसरों ने कॉलोनियों का भ्रमण कर पुलिस के परिजनों की समस्याओं को सुनकर तत्काल निराकरण किया। स्थापना दिवस समारोह के दौरान वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबले हुआ।



# हास्य और ठहाकों के बीच दिखा समाज का विरोध झेलता प्रेमी जोड़ा

## शहीद भवन में हरिशंकर परसाई की हास्य व्यंग्य रचना 'प्रेमियों की वापसी' पर नाट्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक प्रेमी जोड़ा सामाज के प्रेम विरोध के चलते आत्महत्या कर लेता है। वो जब मर कर उस लोक मेंपहुंचता है तो वहां प्रेमिका को किसी ओर लड़के से प्रेम हो जाता है। प्रेमियों की इसी कहानी को कहता हरिशंकर परसाई की हास्य व्यंग्य रचना 'प्रेमियों की वापसी उर्फऐ इश्क तेरी जय हो' का मंचन मंगलवार को शहीद भवन सभागार में किया गया। पिंक बर्ड सोसायटी द्वारा भोपाल में पहली बार प्रस्तुत नाटक में निर्देशन कमलेश दुबे ने किया। डेढ़ महीने की रिहर्सल के बाद इस प्रस्तुति को नाट्य रूप में प्रस्तुत किया।



### नाटक की कहानी

नाटक में दिखाया कि दो प्रेमी आत्महत्या करते हैं, यह सोचकर कि यह दुनिया अत्यंत क्रूर है और प्रेमियों का मिलन नहीं होने देती है। पर जब वे दूसरे लोक में पहुंचते हैं तो उन्हें वह लोक भी पसंद नहीं आता है। उन्हें लगता है कि इस लोक में स्वतंत्रता कुछ ज्यादा ही है और कोई किसी के प्रति सच्चा नहीं है तो वे वापस पृथ्वी पर आना चाहते हैं। पर विधाता का यह निर्णय होता है कि जो आत्महत्या करके आते हैं उन्हें पुनः मनुष्य बनाने का नियम नहीं है। इसलिए वे मानव के रूप में नहीं बल्कि जानवर के रूप में जन्म ले सकते हैं। यह एक हास्य प्रस्तुति है।



### नए दृश्यों को संजोकर दिया नाट्य रूप

कमलेश कहते हैं कि इस रचना को नाटकीय रूप देने के लिए मैंने कुछ नए दृश्यों को जोड़ा है, जो इस कहानी में हमें पढ़ने को नहीं मिलते हैं। लेकिन इस कहानी के पात्रों के जीवन में घटित महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाने की कोशिश की। साथ ही नए दृश्यों को जोड़कर इस प्रस्तुति को नया रूप दिया है।

### 'आनंदम' जहां न केवल ऑटिस्टिक बच्चों को मिला आवास, बल्कि उसकी प्रतिभा को निखारने में भी बना कारगर

# अपना हुनर तराशते ऑटिस्टिक बच्चे, जो बनाते हैं होम डेकोरेटिव आइटम्स, कुकिंग में भी हैं खासे एक्सपर्ट

### वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऑटिज्म नाम सुनते ही लगता है कि इस समस्या से ग्रसित बच्चे का विकास कैसे होगा, ऑटिज्म जिसे मेडिकल भाषा में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर कहते हैं। यह विकास संबंधी गड़बड़ी है जिसमें बच्चे को बातचीत के साथ पढ़ने-लिखने में और समाज में मेलजोल बनाने में परेशानियां आती हैं। लेकिन यदि एक ऐसा आधार मिल जाए जहां न केवल यह बच्चे बात-चीत कर पाएं बल्कि अपने हुनर को तराश भी सकें तो क्या कहने। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला भोपाल के बैरसिया तहसील के बंदीखेड़ी गांव में बनें 'आनंदम ऑटिज्म मित्र सोसायटी' परिसर में। जिसमें ऑटिज्म पीड़ति बच्चे न केवल ब्लाक प्रिंट, पेंटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, मोतियों से माला तैयार करने में एक्सपर्ट हैं बल्कि मठरी लड्डू जैसे कुकिंग आइटम्स भी बनाने में उस्ताद हैं।













### इसलिए खास है आनंदम

- सीसीटीवी कैमरे के जरिए अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा व देखभाल पर निगाह रखते हैं।
- योग-व्यायाम, खेलकूद, नृत्य, संगीत, आर्ट एवं क्राफ्ट समेत कई गतिविधियां उनके मानसिक विकास के लिए कराई जाती हैं।
- रविवार को सभी बच्चों का पूरा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है।
- यहां पीड़ितों को आक्यूपेशनल थेरेपी, सेंसरी थेरेपी दी जाती है।

### सर्वसुविधायुक्त आवासीय परिसर 'आनंदम'



तीन एकड़ में बने इस खूबसूरत आवासीय स्थल में बड़ा सा खेल मैदान, मंदिर, स्विमिंग पूल, झूले, क्रिकेट नेट, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, ओपन स्टेज आदि बने हैं। इन छह लोगों ने आपस में राशि एकत्र कर डेढ़ करोड़ रुपये से जुलाई 2021 में इसे तैयार किया है।

## संस्था अध्यक्ष श्रीवास्तव बोले- अपने बेटे की हालत देख कुछ कर गुजरने की इच्छा हुई

संस्था के प्रेसिडेंट एसके श्रीवास्तव ने बताया कि मेरा बेटा मनु ऑटिस्टिक डिस्आर्डर से ग्रसित है, उसके इलाज के लिए हमने काफी प्रयास किए, उसी दौरान मुझे लगा कि ऑटिस्टिक डिस्आर्डर से ग्रसित बच्चों के जिन पैरेंट्स के पास साधन नहीं होते होंगे वो किस तरह से अपने बच्चे का इलाज कराते होंगे। इसके बाद हमने सोशल मीडिया पर एक ग्रुप बनाया, जिसमें कई ऑटिस्टिक बच्चों के पैरेंट्स जुड़े।



### आटिज्म पीड़ित बच्चे की मौत ने सभी को झकझोर दिया

इसके बाद 2020 में कोरोना काल में चीन में एक आटिज्म पीड़ित बच्चे की मौत ने हमें झकझोर दिया। उस बच्चे के माता-पिता का निधन कोरोना से हो गया था और बाद में बिना देखभाल आटिज्म पीड़ित बच्चे की भी मौत हो गई। इसी से सबक लेकर एसके श्रीवास्तव और अन्य पांच लोगों ने मिलकर आनंदम संस्था का निर्माण कराया, इन सभी फाउंडर्स के स्वयं के बच्चे भी ऑटिज्म पीड़ति हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि 50 बच्चों तक क्षमता वाली इस संस्था में अभी देशभर के 23 बच्चे हैं।

### बच्चों के आइटम्स से होम डेकोर करते या मित्रों को देते हैं भेंट

श्रीवास्तव ने कहा, हमारे इस आवासीय परिसर में बच्चों के लिए न केवल बिहेवियरल थेरेपी होती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया जाता है। जिसमें यह बच्चे ब्लाक प्रिंट, पेंटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, मोतियों से माला तैयार करना, पेपर बैग, की-चेन, लिफाफे के साथ साथ मठरी, लड्डू भी बना लेते हैं। जिसमें इन बच्चों द्वारा बने इन आइटम्स को आनंदम में आने वाले लोगों द्वारा या अन्य पैरेंट्स खरीदकर घरों में डेकोरेट करते हैं या कई बार यह लोग इन्हें अपने मित्रों को भेंट स्वरूप भी देते हैं।

### वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर चैंपियनशिप और वेव्स अवॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस के फाइनलिस्ट की घोषणा




# प्रथम विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन 1 से 4 मई तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रथम विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स) का आयोजन भारत सरकार द्वारा 1 से 4 मई तक मुंबई, महाराष्ट्र में किया जाएगा।

वेव्स 2025 में आयोजित होने वाले क्रिएटर इन इंडिया चैलेंज्स से संबंधित घोषणाओं के लिए एक मीडिया ब्रीफिंग मंगलवार को दूरदर्शन केन्द्र में की गई। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ संयुक्त भागीदारी में इंडियन कॉमिक्स एसोसिएशन ने वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर चैंपियनशिप और इंटरनेशनल एनिमेटेड फिल्म एसोसिएशन असिफा इंडिया ने वेव्स अवार्ड्स ऑफ एक्सीलेंस के फाइनलिस्ट की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि इन्हें मुंबई में 1 से 4 मई, तक आयोजित होने वाले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) में पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।

### कन्टेंट निर्माण बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार में करेंगे स्थिति मजबूत

कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पीआईबी, भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो पेशेवर उद्यमी, निवेशक, निर्माता और नवप्रवर्तकों को मनोरंजन क्षेत्र में जुड़ने, सहयोग करने, नवप्रवर्तन करने और योगदान करने के लिए शानदार वैश्विक मंच प्रदान करता है। यह कन्टेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करेगा।

# मप्र के 6 प्रतिष्ठित स्थलों पर एक साथ दिखेगी भगवान श्रीराम की महिमा

## श्री रामनवमीं के अवसर पर प्राकट्य पर्व 6 को आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन अनूपपुर, पन्ना, सतना, निवाड़ी, शहडोल, उमरिया के सहयोग से श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन 6 अप्रैल को मध्यप्रदेश के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर एक साथ सायं 7 बजे से किया जाएगा। सभी स्थलों पर सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम की महिमा दिखेगी। संचालक, संस्कृति डॉ. पूजा शुक्ला ने बताया कि मप्र के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व के आयोजन का उद्देश्य आम जन को सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का आस्वादन और भगवान राम के सम्बन्ध में पौराणिक मान्यताओं से परिचित कराना है।



### नृत्यनाटिका शबरी के साथ दिखेगी राम की शक्ति पूजा

सतना में बघेली लोकगायन,नृत्यनाटिका शबरी की प्रस्तुति जिला निवाड़ी के ओरछा स्थित राजा राम मंदिर में बुंदेली लोक गायन और रामजन्म की कथा का मंचन होगा। पन्ना के जुगल किशोर मंदिर में बुंदेली लोकगायन, अर्घ्य कला समिति भोपाल के कलाकारो राम की शक्ति पूजा की प्रस्तुति देंगे।

### अनूपपुर में बुंदेली लोकगायन व राम अर्पण नृत्यनाटिका

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला अनूपपुर के कोतमा में स्थित सीतामढ़ी में गोविंद सिंह यादव एवं साथी, गंजबासौदा द्वारा बुन्देली लोकगायन, इसके बाद आकृति जैन एवं साथी, भोपाल द्वारा राम अर्पण नृत्यनाटिका और अंत में पवन तिवारी एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।



राष्ट्रीय थीमेटिक सेमिनार का हुआ आयोजन

# आयुर्वेद एडवांस फोरम का किया गया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयुर्वेद के क्षेत्र में हो रही नवीनतम प्रगति और आधुनिक चिकित्सा के साथ इसके समन्वय पर चर्चा के लिए भोपाल में राष्ट्रीय थीमेटिक सेमिनार का आयोजन किया गया। ओजस फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. मधुसूदन देशपांडे ने बताया कि मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चंद्र वर्मा, अध्यक्ष, महर्षि समूह शैक्षणिक संस्थान, उपस्थित रहे। इस अवसर पर डायबिटिक रेटिनोपैथी में आयुर्वेद किस प्रकार हमें पर सभी को जागरूक किया गया कि नाड़ी परीक्षा से किस प्रकार सफल निदान होते हैं। इस अवसर पर आयुर्वेद के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और शोधकर्ता डॉ. विनायक तायड़े, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. लोकेंद्र दवे और डॉ. पी.सी. शर्मा की-नोट स्पीकर्स के रूप में अपने विचार साझा किए।

# राजभवन में झिझिया, सोहर चैती चैतावर गीत, कजरी के साथ छठ पूजा की गूंज

## बिहार स्थापना दिवस एक भारत श्रेष्ठ भारत में दी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिहार स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत राजभवन के सांदीपनी सभागार में मंगलवार को आयोजित किया गया। बिहार सांस्कृतिक परिषद, भोपाल के द्वारा बिहारी कला, संस्कृति एवं मातृभाषा को समर्पित लोकनृत्य झिझिया, सोहर, चैती चैतावर गीत, कजरी, छठ पूजा की झलक एवं बिहार गौरव गान प्रस्तुत किया गया।

संयोजक सतेन्द्र कुमार ने कहा कि मिथिला क्षेत्र का झिझिया नृत्य नवरात्र के समय महिलाएं अपने आराध्य देव को प्रसन्न करने समूह में लोक गीत गाते हुए नृत्य करती हैं।




### भगवान राम के जन्म पर गीत गाकर मनाते हैं खुशी

चैती चैतावर गीत को चैत माह में भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में गीत गा कर खुशी का इजहार किया जाता हैं। कजरी नृत्य सावन के महीने में महिलाएं बागों में झूला झूलते हुए गीत गाती हैं। लछठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना एवं छठी मैया की आराधना कर प्राकृतिक को धन्यवाद किया जाता है। इसी श्रृंखला में बिहार गौरव गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को राज्यों की योगदान का बखान किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों को खूब सराहा। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल का वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया।

### संस्कृति मंत्री लोधी रहे मौजूद

# पुस्तक अवधी लोक गीतों में सीता राम का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तुलसी मानस प्रतिष्ठान एवं रामायण केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय रामायण सम्मेलन के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में अंशुबाला मिश्रा की पुस्तक अवधी लोक गीतों में सीता राम का विमोचन मध्य प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र लोधी को अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुनन्दन शर्मा, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, मानस आरती के तुलसी मानस भारती के सम्पादक देवेन्द्र रावत, तुलसी प्रतिष्ठान सचिव कैलाश जोशी, हिन्दी भवन अध्यक्ष कैलाशचन्द पंत, एवं वरिष्ठ साहित्यकार मायापति मिश्र एवं लेखिका डॉ. अंशुबाला मिश्रा मंच पर उपस्थित थीं।

### भारत भवन में संसृति की सर्जना एकल चित्र प्रदर्शनी 8 अप्रैल से

**भोपाल।** विविध कलाओं के केन्द्र भारत भवन में 8 अप्रैल से संसृति की सर्जना एकल चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। रूपंकर कला केन्द्र के विशिष्ट कला प्रदर्शनियों की श्रृंखला के अंतर्गत यह प्रदर्शनी रंगदर्शनी दीर्घा में लगाई जाएगी।

इस प्रदर्शनी में वरिष्ठ चित्रकार आलोक श्रीवास्तव के चित्रों को प्रदर्शित किया जायेगा। प्रदर्शनी में आलोक द्वारा वॉटर कलर का उपयोग कर कैनवास पर उकेरी गई कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा। 20 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन करेंगे। प्रदर्शनी शाम 5 बजे शुरू होगी

### नौकरी छोड़ स्वास्थ्य जागरुकता के लिए मिलेट्स प्रोडक्ट तैयार कर रहीं भोपाल की आंकाक्षा

# 15 वर्ष तक किया मल्टी नेशनल कंपनी में काम, अब सीए स्टूडेंट स्वास्थ्य के प्रति कर रहीं जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चार्टर्ड अकाउंटेंट की पढ़ाई करना और फिर मल्टीनेशनल कंपनी (एमएनसी) में जॉब करना लाखों लोगों का सपना होता है। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो इतना सब कुछ पाने के बाद भी सफलता का पीछा नहीं छोड़ते। ऐसी ही एक शख्स हैं भोपाल की आकांक्षा गलहोत्रा। भोपाल से चार्टर्ड अकाउंटेंट की पढ़ाई के बाद मुंबई में रहकर उन्होंने 15 साल तक विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों में जॉब किया, लेकिन यह उनकी मंजिल नहीं थी। यही कारण है कि वहां नौकरी करते-करते पहले आकांक्षा ने श्रीअन्न की बारीकियों और इसके महत्व को समझा।



### आसपास के 15 किसान जोड़े

जब उन्हें इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी मिली तो उन्होंने नौकरी छोड़ने का फैसला किया और लोगों को मिलेट्स का उपयोग करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य आरंभ किया। वे अपने स्टार्टअप इंडस करघा से जहां श्रीअन्न का उत्पादन करने वाले छोटे किसानों को प्रोत्साहित कर रही हैं, वहीं अपने सपनों को पंख लगा रही हैं। उन्होंने बताया, मैंने भोपाल के आस पास के करीब 15 किसानों को अपने साथ जोड़ा है, जो मिलेट्स उत्पादन कर रहे हैं, मैं इन किसानों के प्रोडक्ट्स को मार्केट में ले जाने का काम करूंगी, ताकि इनको आजीविका मिले साथ ही मिलेट्स के प्रति लोग अवेयर भी हों।

**लोगों को देखा लाइफस्टाइल डिसीज से परेशान :** आकांक्षा कहती हैं कि मैंने मुंबई की भागदौड़ भरी लाइफ को बहुत करीब से देखा है। इस दौरान मैंने देखा कि लोग अपने काम और करियर के लिए कई बार अपने स्वास्थ्य के साथ लापरवाही कर जाते हैं। मैंने अपने आसपास कई लोगों को इस तरह की लाइफ स्टाइल डिसीज से परेशान देखा है। तभी से मैंने निर्णय लिया कि मैं मिलेट्स प्रोडक्ट के क्षेत्र में काम करूंगी।

### अच्छी सैलेरी थी, पर प्रदेश के लिए कुछ करने की थी चाह

लगभग 15 वर्ष तक विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों में फाइनेंस हेड रहीं आकांक्षा ने कहा कि इस जॉब में मुझे अच्छी सैलेरी जरूर मिलती थी, लेकिन मन में कुछ अपने और अपने प्रदेश के लिए करने की चाह थी। उन्होंने कहा कि मैंने अपने इस सफर की शुरूआत हथकरघा कारीगरों को प्रोत्साहन देने के साथ शुरू की थी। इस दौरान मैंने प्रदेश के पारंपरिक बाग, चंदेरी फैब्रिक का उपयोग कर यूटिलिटी के आइटम्स का निर्माण करवाया और उन्हें मार्केट उपलब्ध कराया। इस दौरान हमने बैग, पर्स, डिजाइनर झोले आदि तैयार करवाए। इससे एक तरफ जहां मैं जरूरतमंद कारीगरों को प्रोत्साहन देने का काम कर रही थी दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया।

## लेन-देन सुरक्षित और आसान किया

# डिजिटल भुगतान में देश को अग्रणी बनाने में आरबीआई की भूमिका अहम

**रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की 90वीं वर्षगांठ के समापन पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने भुगतान तंत्र को आधुनिक बनाने में अहम योगदान दिया है, जिससे लेन-देन सुरक्षित और आसान हुआ है। उन्होंने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के प्रभाव को उजागर करते हुए कहा कि इसने वित्तीय सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में क्रांति ला दी है, जिससे तुरंत और कम लागत में डिजिटल भुगतान संभव हुआ। इससे वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा मिला। राष्ट्रपति मुर्मू ने यह बातें मुंबई में आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह के दौरान कहीं।

**मुंबई में किया गया कार्यक्रम का आयोजन**

**यूपीआई के प्रभाव को भी उजागर किया**




### आरबीआई के योगदान की सराहना की

राष्ट्रपति ने कहा कि आरबीआई का योगदान भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में बहुत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने स्वतंत्रता से पहले की चुनौतियों से लेकर आज भारत के एक वैश्विक वित्तीय शक्ति बनने तक की यात्रा में आरबीआई की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि भले ही आम नागरिकों का आरबीआई से सीधा संपर्क नहीं होता, लेकिन उनके सभी वित्तीय लेन-देन इसी संस्था की निगरानी और सुरक्षा में होते हैं।

### इन वर्षों में जनता का विश्वास जीता

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बीते 90 वर्षों में आरबीआई की सबसे बड़ी उपलब्धि जनता का विश्वास जीतना रहा है। उसने मूल्य स्थिरता, आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के अपने लक्ष्य को मजबूती से निभाया है। उन्होंने 1990 के दशक में आर्थिक उदारीकरण से लेकर कोविड-19 महामारी के दौरान वित्तीय स्थिरता बनाए रखने तक, हर चुनौती में आरबीआई की भूमिका की सराहना की।

### भारत की वैश्विक वित्तीय स्थिति को और मजबूत बनाया

उन्होंने भारत के फिनटेक सेक्टर को आगे बढ़ाने में आरबीआई के योगदान की भी प्रशंसा की, जिससे भारत की वैश्विक वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' की परिकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार, अनुकूलनशीलता और सुलभ वित्तीय प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि आरबीआई देश की आर्थिक स्थिरता, वित्तीय नवाचार और जनता के भरोसे को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

### राष्ट्रपति ने 'सरहुल' पर्व की दीं शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जनजातीय समुदाय द्वारा विशेष उत्साह के साथ मनाए जाने वाले वसंत त्योहार सरहुल पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोग विकास के पथ पर आगे बढ़ते हुए प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने की सीख लेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट किया कि आदिवासी समुदाय द्वारा विशेष उत्साह के साथ मनाए जाने वाले 'सरहुल' पर्व के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह आपके जीवन में अपार खुशियां भर दे।

## खबर संक्षेप

### मिश्रा को झटका, दिल्ली दंगे में दर्ज होगा केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली दंगे से जुड़े केस में



अदालत ने कपिल मिश्रा के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगे में मिश्रा की भूमिका की जांच की मांग करते हुए दायर याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को यह आदेश जारी किया।

### शाहजहां गार्डन का नाम अब अहिल्याबाई होलकर

**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार महापुरुषों को उचित सम्मान देने के लिए लगातार कदम उठा रही है



आगरा किला के पास स्थित शाहजहां गार्डन का नाम बदलने की प्रक्रिया अब शुरू हो गई है। यह कदम ऐतिहासिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ समय से विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस तरह की मांग उठाई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की तुषार की याचिका

**नई दिल्ली।** गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार



गांधी की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। गुजरात हाई कोर्ट ने सितंबर 2022 में साबरमती आश्रम के पुनर्विकास को हरी झंडी दी थी। इस परियोजना पर 1200 करोड़ खर्च होने हैं। तुषार गांधी ने अपनी याचिका में इस परियोजना को ही चुनौती दी थी।

### ब्यावर में तेजाब फैक्ट्री से गैस लीक, 3 की मौत

**ब्यावर।** राजस्थान में अजमेर से अलग होकर नए बने जिले ब्यावर में एक दुखद घटना सामने आई



जब सुनील ट्रेडिंग कंपनी के टैंकर से नाइट्रोजन गैस लीक हो गई। कंपनी मालिक सुनील सिंघल सहित 3 लोगों की मौत हो गई। सोमवार देर रात इस हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि 60 से अधिक लोग अभी उपचाराधीन हैं।

### सेक्टर 18 में कॉम्पलेक्स में लगी भीषण आग

**नोएडा।** यहां के सेक्टर 18 स्थित कृष्णा अपरा प्लाजा मार्केट में एक दुकान में मंगलवार दोपहर भयंकर



आग लग गई। इससे मार्केट के आसपास अफरा-तफरी मच गई और सैकड़ों लोग बाहर निकल आए। आग लगने और धुआं भरने के बाद मार्केट से कई लोग नीचे कूद गए और इसमें कुछ चोटिल भी हो गए। अग्निशमन विभाग ने फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला।

## कांग्रेस स्थगन प्रस्तावों को खारिज होने से नाराज, टीएमसी सपा भी रहीं साथ

# लोकसभा में हंगामे के बीच बिरला की 3 चेतावनियों संग स्थगित हो गई कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद में अक्सर सरकार पर अपनी बात न रखने देने का आरोप लगाने वाले विपक्ष को मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में हंगामा रोककर कार्यवाही चलाने के लिए तीन बार चेतावनी दी। लेकिन सभी बेअसर रहीं और अंत में लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही को दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से लेकर दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। दरअसल यह पूरा मामला प्रश्नकाल की समाप्ति के बाद 12 बजे लोकसभा में उस वक्त घटा। जब स्पीकर बिरला ने शून्यकाल की शुरुआत से ठीक पहले जरूरी सरकारी कागजात लोकसभा के पटल पर रखवाने की प्रक्रिया शुरू की।

तभी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (एसपी) के सांसदों ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर अपनी-अपनी सीट पर खड़े होकर नारेबाजी के साथ हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान सपा सांसद अपने हाथ में 'सुमन की बात' लिखी हुई तख्ती लिए हुए थे। विपक्षी दलों द्वारा सदन में लगाए जा रहे नारों में झोलझाल नहीं चलेगा, नहीं चलेगा, नरेंद्र मोदी की तानाशाही नहीं चलेगी-नहीं चलेगी मुख्य थे।

### बिरला ने की सदन चलाने की अपील



हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों से अपील की कि शून्यकाल एक महत्वपूर्ण समय होता है। कई जनप्रतिनिधि इसमें अपने क्षेत्र से जुड़े हुए मुद्दों को उठाना चाहते हैं। ऐसे में हंगामा करना ठीक नहीं है। विपक्षी सांसद अपनी-अपनी सीटों पर बैठ जाएं जिससे कार्यवाही चलाई जा सके। लेकिन बिरला की अपील का विपक्ष पर कोई असर नहीं हुआ और वह लगातार हंगामा करते रहे। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ने 3 बार कार्रवाई स्थगित करने से पहले चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि सदन में तख्ती लेकर नारेबाजी और हंगामा करने की अनुमति नहीं है। यह सदन नियम-प्रक्रियाओं और मर्यादा से चलेगा। बिरला ने विपक्ष से सवाल किया कि क्या वह लोकसभा की कार्यवाही नहीं चलाना चाहते हैं? विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष की अपील और तमाम चेतावनियों को अनसुना कर हंगामा जारी रखा। जिसके बाद अंत में कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

### इन मुद्दों पर आक्रोशित थे तीनों दल

कांग्रेस के सांसद स्पीकर द्वारा अलग-अलग मामलों पर लगातार दिए जा रहे स्थगन प्रस्तावों को खारिज किए जाने का विरोध कर रहे थे। टीएमसी सरकार के दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश शर्मा का स्थानांतरण कोलकाता उच्च न्यायालय में करने के फैसले के खिलाफ आग बबूला थी। जबकि सपा अपने राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर की गई तोड़फोड़ को लेकर सदन में सरकार के खिलाफ नाराजगी के साथ अपना विरोध जता रही थी। बता दें सपा के वही सांसद हैं, जिनकी बीते दिनों संसद के उच्च सदन में भारत के महान योद्धा राणा सांगा को गद्दार बताने वाली टिप्पणी पर बवाल हो गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसका खुलकर विरोध करते हुए कहा था कि राणा सांगा का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। लोकसभा की कार्रवाई स्थगित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार ने कोलकाता उच्च न्यायालय को कूड़ाघर बना दिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश शर्मा संदिग्ध छवि वाले हैं और उनका कार्यकाल भी मात्र दो वर्ष का है। जिसके बाद वह सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इन कारणों की वजह से हम उनकी नियुक्ति का विरोध कर रहे हैं और यह सिलसिला जारी रहेगा।

**सांगा विवाद के बीच बोले उपराष्ट्रपति धनखड़**

## सभी सांसदों की सुरक्षा अहम, सुमन की सुरक्षा पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी मामले में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां उनकी टिप्पणी के चलते उन्हें कई तरह की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद राम गोपाल यादव से अपील की कि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अपने साथी सांसद रामजी लाल सुमन पर की गई धमकियों के मामले को शांत कराएं। सपा सांसद सुमन ने सदन में राणा सांगा को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिन पर भाजपा और एनडीए के सदस्य नाराज हो गए थे। सभापति ने टिप्पणियों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया था। इन टिप्पणियों को लेकर सुमन को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

## मथुरा-काशी पर संघ का बड़ा बयान

# कार्यकर्ता चाहें तो करें आंदोलन 'संगठन' उन्हें नहीं रोकेगा

### आरएसएस सरकार्यवाह होसबाले ने कहा

एजेंसी ⏭ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि मथुरा और काशी को लेकर संघ का कोई



योजना नहीं है, लेकिन अगर कार्यकर्ता चाहें तो वे आंदोलन कर सकते हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को संगठन नहीं रोकेगा। होसबाले ने स्पष्ट किया है कि अगर संगठन के सदस्य मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी विवाद से संबंधित प्रयासों में भाग लेते हैं तो संगठन को कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने सभी मस्जिदों को निशाना बनाकर प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी और सामाजिक कलह से बचने की आवश्यकता पर बल दिया। जब उनसे पूछा गया कि संघ के काम से प्रेरित होकर बहुत से लोग मस्जिदों और खंडहरों के नीचे मंदिर खोज रहे हैं और इन मामलों को उसी तरह सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं जिस तरह राम जन्मभूमि मामले को सुलझाया गया था तो यह बात कही।

### इसके अलावा कई समस्याएं मौजूद

होसबाले ने कहा कि अगर हम बाकी सभी मस्जिदों और संरचनाओं के बारे में बात करते हैं, तो क्या हमें 30,000 मस्जिदों को खोदना शुरू कर देना चाहिए और इतिहास को पलटने का प्रयास करना चाहिए? क्या इससे समाज में और अधिक शत्रुता और आक्रोश पैदा नहीं होगा? क्या हमें एक समाज के रूप में आगे बढ़ना चाहिए या अतीत में ही अटके रहना चाहिए? हम इतिहास में कितनी दूर चले गए हैं? अगर हम ऐसा करते रहेंगे, तो हम अन्य अहम सामाजिक परिवर्तनों पर कब ध्यान केंद्रित करेंगे? आज समाज के सामने धर्मांतरण, गोहत्या, लव जिहाद जैसी कई अन्य समस्याएं हैं। संघ ने कभी नहीं कहा कि इन मुद्दों को नजरअंदाज किया जाए।

### संघ-मुसलमानों की बात हो तो अच्छा: किशन

भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि ये तो अच्छी बात है अगर संघ मथुरा और काशी में अपने लोगों को भेजने की सोच रहा है। संघ हमेशा सनातन के लिए सोचता है। आगे भी ऐसा ही होता रहेगा। अगर संघ और मुसलमानों की बात होगी तो अच्छा होगा।

### आरएसएस सिर्फ देश को बांटना चाह रही: टैगोर

इस पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि भाजपा आरएसएस सिर्फ देश को बांटना चाहती है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जब मथुरा और काशी विवादित है तो क्या भाजपा और संघ को कानून पर विश्वास नहीं है? कोर्ट का ऑर्डर आने दीजिए। ऐसे विवादित बयानों से ये लोग क्यों देश को बांटना चाहते हैं?

## 'द प्रोटेक्शन ऑफ इंटरेस्ट्स इन एयरक्राफ्ट ऑब्जेक्ट्स बिल 2025'

# इससे हवाई यातायात हो जाएगा सस्ता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में 'द प्रोटेक्शन ऑफ इंटरेस्ट्स इन एयरक्राफ्ट ऑब्जेक्ट्स बिल 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने इस विधेयक के महत्व और इसके व्यापक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस विधेयक को भारत के विमानन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम करार देते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त केप टाउन कन्वेंशन और इसके प्रोटोकॉल को लागू करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। इस कन्वेंशन का उद्देश्य विमानन उपकरणों की खरीद, पट्टे (लीज़िंग) और वित्तपोषण



को सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है। मंत्री ने बताया कि इस विधेयक के लागू होने से विमानन कंपनियों को विमानों और उनके उपकरणों की लीजिंग में आसानी होगी। भारत में लीजिंग की लागत अधिक है। विधेयक के कानून का शक्ल अख्तियार करने के बाद, लीजिंग लागत में 8 से 10 प्रतिशत की कमी आएगी। इसका सीधा असर विमानन कंपनियों के परिचालन खर्च पर पड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप हवाई किराया कम हो सकता है।

### यह वैश्विक विमानन बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा

*उन्होंने उल्लेख किया कि यह विधेयक भारत को वैश्विक विमानन बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा। जब हमारे पास बेहतर कानूनी ढांचा होगा, तो अंतरराष्ट्रीय लीजिंग कंपनियां और वित्तीय संस्थान भारत के साथ व्यापार करने में अधिक विश्वास महसूस करेंगे। इससे न केवल विदेशी निवेश बढ़ेगा, बल्कि घरेलू विमानन कंपनियों को भी सस्ते और लचीले वित्तीय विकल्प मिलेंगे। चर्चा के दौरान विभिन्न दलों के 16 सांसदों ने कई सुझाव केंद्रीय मंत्री को दिए।*

## प्रयागराज विकास प्राधिकरण पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

# 'आश्रय का अधिकार' गिराने से हमारी अंतरात्मा को झटका लगा,10-10 लाख रुपए मुआवजा दें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण की आलोचना करते हुए कहा कि उसने कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना कुछ घरों को गिरा दिया और कहा कि इससे हमारी अंतरात्मा को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विकास प्राधिकरणों को याद रखना चाहिए कि आश्रय का अधिकार भी भारत के संविधान के आर्टिकल 21 का अभिन्न अंग है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह उन मकान मालिकों को 6 हफ्ते के अंदर 10-10 लाख रुपए का मुआवजा दे, जिनके घर गिराए गए हैं। 2021 में, प्राधिकरण ने प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन अन्य लोगों के घरों को गिरा दिया था।

### उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया



शीर्ष अदालत ने पहले प्रयागराज में कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना घरों को गिराए जाने की कार्रवाई पर उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की थी और कहा था कि इससे गलत संकेत गया है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा था कि राज्य सरकार ने यह सोचकर गलत तरीके से मकानों को ध्वस्त किया कि यह जमीन गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद की है।

### आवासीय ढांचों को इस तरह से नहीं गिराया जा सकता

तोड़फोड़ पर उच्चतम न्यायालय ने कहा कि देश में कानून का शासन है, नागरिकों के आवासीय ढांचों को इस तरह से नहीं गिराया जा सकता। प्रयागराज में बुलडोजर से घरों को गिराने पर उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यह हमारी अंतरात्मा को झकझोरता है। आश्रय का अधिकार और कानून की उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है। उच्चतम न्यायालय ने घरों को 'अमानवीय और अवैध' रूप से गिराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और प्रयागराज विकास निकाय को फटकार लगाई।

## अहमदाबाद में 8 को सीडब्लूसी, 9 को एआईसीसी की बैठक

# 'पटेल भवन' से निकलेगा कांग्रेस के जीत का मंत्र

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक अहमदाबाद के सरदार पटेल भवन में 8 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित है। बैठक कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगी। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन सांगठनिक स्तर पर आमूलचूल परिवर्तन की दिशा में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक समिति ठोस निर्णयों पर मुहर लगाती दिखेगी। जिसमें जिला अध्यक्षों को ताकत देकर देश भर की सूबाई सियासत में कार्यकर्ताओं में जोश भरने का मंत्र बैठक से निकलेगा। वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद अगले ही दिन 9 अप्रैल को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का सत्र भी आयोजित होगा।



गुजरात एक ऐसा राज्य है जहां 1998 से आज तक कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई। पीएम मोदी के गढ़ में दो दिनी बड़े सियासी जलसे का आयोजन कर कांग्रेस देशभर में खासकर साथी दलों के बीच एक मजबूत मैसेज देना चाहती है कि भाजपा को केवल कांग्रेस ही पटखनी दे सकती है। गुजरात से जो भी सियासी हवा चलती है उसका असर पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र पर भी पड़ता रहा है। महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव होने हैं। उसके लिए भी सियासी शमां बांधने का प्रयास होगा। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा और उसका नेतृत्व सरदार पटेल, बाबा साहेब आंबेडकर, सुभाष चंद्र बोस के नाम पर केवल सियासत करते हैं जब कि कांग्रेस सरदार पटेल की 150वीं जन्म जयंती और 75वीं पुण्यतिथि पर सरदार पटेल को उनकी धरती पर जाकर पार्टी के सभी नेता मन से याद कर शीश नमन करेंगे। उक्त नेता ने कहा कि स्वतंत्र भारत में सरदार पटेल देश के पहली कांग्रेस सरकार में गृहमंत्री थे जिन्होंने बतौर गृहमंत्री संघ पर बैन लगाया था। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता इतिहास को तोड़मरोड़ कर देश को गुमराह करते रहे हैं।

### गठबंधन की समीक्षा भी होगी

*बैठक के एजेंडे में विपक्षी गठबंधन के साथ समन्वय की समीक्षा होनी है जब कि उन क्षेत्रों की पहचान भी करनी है जहां पार्टी को मतदाता आधार को बढ़ाने के लिए नए तरीके अपनाने हैं। वर्ष 2025 में बिहार, बंगाल समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। गुजरात में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा, लेकिन उसकी तैयारी अभी से शुरू करना कांग्रेस के लिए जरूरी होगा। कांग्रेस ने हाल के वर्षों में संविधान बचाओ और लोकतंत्र बचाओ को अपने प्रमुख नारों में शामिल किया है। पटेल भवन में बैठक का प्रतीकात्मक महत्व है, क्योंकि पटेल को कांग्रेस भारतीय एकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रतीक के रूप में पेश करना चाहती है। यह बैठक भाजपा पर हमला करने और अपनी स्थिति को मजबूत करने का अवसर होगी।*

## इलाहाबादिया व चंचलानी को झटका

# जांच पूरी होने तक पासपोर्ट जब्त, नहीं जा सकेंगे विदेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें शो में शालीनता बनाए रखने की बात कही। रणवीर ने अपना पासपोर्ट जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई इंटरव्यू के सिलसिले में उन्हें विदेश जाना पड़ता है और कई मीटिंग करनी पड़ती है। इससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है।कोर्ट ने उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अगर वे विदेश जाते हैं तो इससे जांच प्रभावित होगी। इलाहाबादिया के अलावा आशीष चंचलानी ने भी अपना पासपोर्ट वापस पाने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई, लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका को भी खारिज कर दिया।



### कामरा की पोस्ट: कलाकार की हत्या कैसी की जाए?

स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध जताने वाले कलाकारों को चुप कराने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर 'लोकतांत्रिक तरीके से एक कलाकार की कैसे हत्या की जाए' टाइटल से पोस्ट किया।

ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत सतत सहायता कर रहा

# भारतीय नौसेना के आईएनएस सतपुड़ा और सावित्री 50 टन राहत सामग्री लेकर म्यांमार पहुंचे, घड़ियाल भी 442 टन वस्तुओं के साथ मदद देने रवाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भूकंप के चलते ढही इमारतों से शव निकलने का सिलसिला जारी है। युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चल रहा है। भारत भी 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत म्यांमार को सहायता प्रदान कर रहा है।

भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत, आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री, 50 टन राहत सामग्री लेकर म्यांमार के यांगून बंदरगाह सोमवार देर रात पहुंचे। म्यांमार में भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने मंगलवार की सुबह सामग्री को म्यांमार के अधिकारियों को सौंप दिया है।

म्यांमार में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है कि यांगून, नेपीडॉ और मांडले तक बड़े पैमाने पर राहत सहायता पहुंचाई गई। इसके लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और भारतीय वायुसेना के छह विमानों का इस्तेमाल किया गया

### खास बातें

- भारतीय वायुसेना का सी-130जे विमान 16 टन राहत सामग्री लेकर रवाना
- पहले हाइजीन किट, जनरेटर, दवाइयां, टेंट, खाने का सामान पहुंचाया



### भूकंप पीड़ितों को पहुंचाई जा रही सामग्री



29 मार्च को ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आईएनएस सतपुड़ा और सावित्री से म्यांमार राहत सामग्री भेजी गई थी। जो कि अब म्यांमार पहुंच चुका है। इस सामग्री से भूकंप पीड़ितों की सहायता की जाएगी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया है कि भारतीय नौसेना के दो जहाज सामग्री लेकर म्यांमार पहुंच गए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर मंगलवार को बताया कि विशाखापट्टनम से आईएनएस घड़ियाल 442 टन राहत सामग्री को लेकर म्यांमार रवाना हो गया है।

### सक्रिय हुई नौसेना और वायुसेना



भूकंप पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना और वायुसेना सक्रिय हैं। म्यांमार में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है कि यांगून, नेपीडॉ और मांडले तक बड़े पैमाने पर राहत सहायता पहुंचाई गई। इसके लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और भारतीय वायुसेना के छह विमानों का इस्तेमाल किया गया।

### इसरो की सैटेलाइट तस्वीरों से दिखी तबाही




*इसरो ने एक बयान में कहा है कि मेंडले और सेगेंग शहर में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। मेंडले में प्रमुख स्थल जैसे स्काइ विला, फेयानी पेगोडा, महामुनि पेगोडा और आनंद पेगोडा, मेंडले यूनिवर्सिटी और कई अन्य स्थानों को थोड़े से ज्यादा नुकसान हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनसुंधान संगठन (इसरो) ने कुछ तस्वीरें जारी की हैं, इन तस्वीरों में म्यांमार में आए भूकंप से हुई तबाही साफ देखी जा सकती है।*

### अब तक 2700 लोगों की हो चुकी मौत

*म्यांमार में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भूकंप के चलते ढही इमारतों से शव निकलने का सिलसिला जारी है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राजधानी नेपीडॉ में बताया कि अब तक 2,719 लोग मृत पाए गए हैं। 4,521 अन्य घायल हुए हैं और 441 लापता हैं। भूकंप से प्रभावित कई क्षेत्रों में अभी भी बचाव दल नहीं पहुंच पाए हैं। इसलिए संख्या बढ़ने की आशंका है। बचाव अभियान लगातार जारी है। राहत-बचाव कर्मियों के साथ स्थानीय लोग भी अपनों को खोजने के लिए खुद भी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। भीषण गर्मी के कारण शवों से दुर्गंध आनी शुरू हो गई है।*

### भारत की फर्स्ट रिस्पॉन्डर भूमिका

भारत ने 29 मार्च को म्यांमार में भूकंप पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा की शुरुआत की थी। जिसके बाद भारतीय वायुसेना और नौसेना लगाता राहत सामग्री म्यांमार पहुंचा रही है। भारतीय नौसेना ने अब तक 15 टन राहत सामग्री म्यांमार पहुंचाई है। जिसमें हाइजीन किट, जनरेटर, दवाइयां, टेंट, खाने का सामान कंबल, स्लीपिंग बैग और जरूरी चीजें शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पिता की जन्मभूमि पर जरूर जाऊंगी: सुनीता



**न्यूयॉर्क।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा भारत अंतरिक्ष से अद्भुत दिखता है। सोमवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान सुनीता ने कहा कि मैं आपको बताना चाहूंगी कि हम जब भी हिमालय के ऊपर से गुजरे तो बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं। बेहद अद्भुत है। मुझे आशा और यकीन है कि मैं अपने पिता के देश (भारत) जाऊंगी और लोगों से मिलूंगी।

### चीन और हांगकांग के 6 अधिकारी प्रतिबंधित



**हांगकांग।** अमेरिका ने चीन और हांगकांग के उन छह अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है जिन पर आरोप है कि वे 'अंतरराष्ट्रीय दमन' समेत ऐसे अन्य कृत्यों में शामिल थे जिससे हांगकांग की स्वायत्तता को और नुकसान पहुंचने का खतरा था। इस पर पलटवार करते हुए हांगकांग की सरकार ने मंगलवार को प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की आलोचना की। इस प्रतिबंध से अमेरिका और चीन में तनाव बढ़ेगा।

5 दिवसीय दौरे पर आए चिली के राष्ट्रपति बोरिक फॉन्ट ने की पीएम मोदी से मुलाकात

# व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत करेंगे भारत और चिली, दोनों देशों में बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक फॉन्ट पांच दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। अपने इस दौरे में वे भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संभावनाओं को तलाशेंगे, जिनमें व्यापार और रक्षा क्षेत्र भी शामिल हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हैदराबाद हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मुलाकात की।

इस मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से कई अहम मुद्दों पर बात हुई। भारत और चिली ने तय किया है कि दोनों देश व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे।

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत, चिली को अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के तौर पर देखता है। भारत, चिली के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अक्ष ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में अपना सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है*

- खाद्य सुरक्षा के मामले में एक दूसरे की क्षमता को करेंगे मजबूत
- महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं तलाशेंगे

### दोनों देश यूएन में सुधार के पक्षधर

*पीएम ने कहा कि संगठित अपराध, ड्रग तस्करी, आतंकवाद से मुकाबले के लिए भी हम सहयोग बढ़ाएंगे। वैश्विक मोर्च पर भारत और चिली का मानना है कि संघर्षों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के भी पक्ष में हैं। भारत और चिली के बीच भले ही बहुत दूरी है, लेकिन दोनों देश प्राकृतिक रूप से जुड़े हुए हैं।*



### पीएम मोदी से अशोक चक्र के बारे में पूछा



*चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट ने हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी से भारतीय ध्वज में चक्र के बारे में पूछा। हैदराबाद हाउस में चर्चा कक्ष में जाते समय फॉन्ट भारतीय ध्वज के पास खड़े थे और पीएम मोदी उन्हें अशोक चक्र का अर्थ समझाते हुए नजर आए।*

### मोदी की थाईलैंड यात्रा से रिश्तों को मिलेगी नई मजबूती

पीएम नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय थाईलैंड यात्रा गुरुवार से शुरू हो रही है। इस यात्रा से दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। जहां एक ओर भारत का तेजी से बढ़ता बाजार थाईलैंड के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, वहीं भारतीय कंपनियों का भी थाईलैंड में निवेश बढ़ रहा है।



### चिली में योग दिवस का ऐलान हमारे लिए प्रेरणा की बात

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बोरिक का यह पहला भारत दौरा है और उनका भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने का समर्पण अद्भुत है। बातचीत में हमने खाद्य सुरक्षा के मामले में एक दूसरे की क्षमताओं को मजबूत करने पर भी बात की। चिली में स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत विश्वसनीय साझेदार है। ये बेहद खुशी की बात है कि चिली में योग को अपनाया जा रहा है। चिली में 4 नवंबर को योग दिवस घोषित किया जाना, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। हमने चिली में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी बात की। रक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच बढ़ते आपसी विश्वास का प्रतीक है।

जयशंकर से मिले चिली के राष्ट्रपति

## 'दीर्घकालिक' द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर की चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक से मुलाकात कर खुशी हुई। हमारे दीर्घकालिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं।

### गार्ड ऑफ ऑनर दिया

*बोरिक पांच दिवसीय भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री (एमओएस) पाबित्रा मार्गेरिटा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हवाई अड्डे पर उतरने पर उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विदेश मंत्रालय ने पोस्ट किया कि आपका स्वागत है।*

### भारत के साथ अपने संबंध और मजबूत करेंगे

भारत पहुंचने के बाद चिली के राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया कि सुबह 6:30 बजे दिल्ली में। ऐसे समय में जब बहुपक्षीय सहयोग पहले से कहीं अधिक जरूरी है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक आबादी वाले देश के बारे में बात कर रहे हैं, जिसके साथ हम कृषि व्यवसाय, इनोवोवेशन, रचनात्मक उद्योगों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास के लिए समान आधार और अवसर साझा करते हैं।

यूनुस के बयान पर पर भड़के असम के सीएम हिमंत

# 'चिकन नेक' गलियारे को और अधिक मजबूत करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अंतरिम बांग्लादेश सरकार के बेतुके बयान पर मंगलवार को जमकर पलटवार किया। मोहम्मद यूनुस ने ढाका को क्षेत्र में समुद्र का एकमात्र संरक्षक कहा था। इस बयान को सीएम सरमा ने अपमानजनक और कड़ी निंदा योग्य बताया। सीएम सरमा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस का बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद यूनुस के ऐसे भड़काऊ बयानों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। वे गहन रणनीतिक विचारों और दीर्घकालिक एजेंडे को लेकर चलने वाले हैं।

### पूर्वोत्तर में रेलवे और सड़क नेटवर्क के नए मार्ग तलाशें



सरमा ने कहा कि चिकन नेक गलियारे के नीचे और उसके आसपास और अधिक मजबूत रेलवे और सड़क नेटवर्क विकसित करना जरूरी है। उन्होंने पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ने वाले वैकल्पिक सड़क मार्गों की तलाश और विकास को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया।

### बांग्लादेश बोला- हम समुद्र के एकमात्र संरक्षक

फेसबुक वीडियो में बांग्लादेश की अंतरिक सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने कहा कि भारत के सात राज्य, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, भूमि से घिरे हुए हैं। उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। हम इस क्षेत्र में समुद्र के एकमात्र संरक्षक हैं।

ओडिशा में मिला सोने का बड़ा भंडार

## पहली बार होगी नीलामी, मजबूत होगी अर्थव्यवस्था, नौकरी मिलेगी



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा जल्द ही भारत के सोने के खनन उद्योग में एक बड़ा नाम बन सकता है। राज्य के कई जिलों में सोने के भंडार पाए गए हैं, जिससे यह क्षेत्र तेजी से खनन के लिए तैयार हो रहा है। ओडिशा के खनन मंत्री विभूति भूषण जेना ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सोने की खोज से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। मंत्री जेना ने बताया कि देवगढ़, क्योंझर, मयूरभंज सुंदरगढ़, नबरंगपुर, अंगुल और कोरापुट जिलों में सोने के बड़े भंडार पाए गए हैं। इसके अलावा, मलकानगिरी, संबलपुर और बौध जिलों में भी सोने की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। इन खोजों से ओडिशा को भारत के सबसे समृद्ध खनिज क्षेत्रों में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। ओडिशा सरकार ने देवगढ़ जिले में अपने पहले सोने के खनन ब्लॉक की नीलामी की योजना बनाई है, जिससे राज्य के खनन क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

ट्रंप की धमकियों के बीच सरकार ने किया टैरिफ का बचाव

## मंत्री बोले- हम घरेलू उद्योगों की रक्षा चाहते, अपना रहे संतुलित दृष्टिकोण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की टैरिफ नीति का मकसद व्यापार को विनियमित करना, घरेलू उद्योगों की रक्षा करना और आयातित व निर्यातित वस्तुओं पर कर लगाकर राजस्व पैदा करना है। केंद्रीय केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि विनिर्माताओं को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए, घरेलू उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन स्थापित करते हुए टैरिफ उपायों पर निर्णय लेते समय एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाता है। सरकार ने शुल्क ढांचे को सुधारने के लिए व्यापक टैरिफ सुधार शुरू किए हैं।

### कई एफटीए समझौतों की ओर बढ़ रहे

*मंत्री प्रसाद ने कहा कि हालिया सुधारों में टैरिफ संरचना को सुव्यवस्थित करने और व्यापार को सुविधाजनक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत विश्व व्यापार संगठन का सदस्य है और किसी भी वस्तु लाइन पर लागू किए जा सकने वाले उसके अधिकतम टैरिफ से बंधा हुआ है।*

### कई देशों के साथ व्यापार वार्ता चल रही

*वर्तमान में भारत 13 एफटीए और 9 पीटीए का सदस्य है, इसके अलावा यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ओमान, न्यूजीलैंड और पेरू के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। टैरिफ कम करने से, विशेष रूप से इनपुट और मध्यम मूल्य वर्ग के वस्तुओं पर मदद मिलती है।*

चीन ने भारत के साथ मिलकर काम करने पर भी जोर दिया

# राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर हुआ बधाई संदेशों का आदान-प्रदान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन ने मंगलवार को अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर एक- दूसरे को बधाई संदेश भेजे। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी और पीएम ली कियांग के बीच भी बधाई संदेशों और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया। चीन के राष्ट्रपति ने अपने बधाई संदेश में भारत की राष्ट्रपति को कहा कि दोनों देशों के संबंधों को 'ड्रैगन-हाथी टैंगो' (दोनों प्रतीकात्मक जानवरों का मिश्रित डांस) का रूप ले लेना चाहिए। उन्होंने भारत और चीन के साथ मिलकर काम करने पर भी जोर दिया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने 1 अप्रैल को आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में दोनों देशों के बीच बधाई संदेशों से जुड़े एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

## राष्ट्रपति शी जिनपिंग बोले- दोनों देशों के संबंधों को 'ड्रैगन-हाथी टैंगो' का रूप ले लेना चाहिए

### कई बैठकें हो चुकीं

इसके पीछे पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच 2024 में रूस के कजान शहर में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद दिए गए निर्देशों का बहुत बड़ा योगदान है। जिनके आधार पर दोनों पक्षों के बीच बीते समय में कई उच्च स्तरीय बैठकें हो चुकी हैं। इनमें सीमाई तनाव घटाने के अलावा द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने पर जोर दिया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर यात्रा और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत का मुद्दा भी उक्त बैठकों में शामिल रहा है।

### दोनों ग्लोबल साउथ में शामिल महत्वपूर्ण देश

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि दोनों देश प्राचीन सभ्यताएं होने के साथ ही ग्लोबल साउथ में शामिल महत्वपूर्ण विकासशील देश हैं और वर्तमान में आधुनिकीकरण के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में द्विपक्षीय संबंधों के मद्देनजर एक-दूसरे की सफलता में साझेदार बनना और ड्रैगन और हाथी का मिश्रित डांस (टैंगो) दोनों के लिए वाजिब विकल्प है। उन्होंने पिछले साल 2024 में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच रूस में आयोजित किए गए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई द्विपक्षीय बैठक को संबंधों को आगे बढ़ाने में दिशा प्रदान करने वाली बताया।



### वैश्विक मंचों पर मजबूत हो संचार-समन्वय

चीन के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन भारत के साथ आपसी संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखने और संभालने के लिए उसके साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। दोनों देशों को हालांकि अहम वैश्विक मामलों में अपने संचार और समन्वय को मजबूत बनाना चाहिए। सीमा से लगे इलाकों में शांति बनाए रखने के अलावा संबंधों को सुदृढ़ता और स्थिर विकास के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष संबंधों को बढ़ाने के इच्छुक हैं। इससे संबंधित आयोजनों के बारे में जानकारी सही समय पर साझा की जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा ऐलान

## 'डर्टी-15' देशों पर लगाएंगे भारी रेसिप्रोकल टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के कई देशों पर जवाबी शुल्क यानी रेसिप्रोकल टैक्स लगाने का ऐलान किया है। यह उनकी सरकार का सबसे बड़ा टैरिफ कदम हो सकता है। इसे अमेरिका के मुक्ति दिवस के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। ट्रंप ने कहा है कि वह 2 अप्रैल यानी बुधवार से जवाबी शुल्क की एक श्रृंखला शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इसी सिलसिले में ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को विदेशी नीतियों और नियमों की एक सूची जारी की, जिसे वे अपने देश के लिए व्यापार बाधा मानते हैं। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव (खजाना मंत्री) स्कॉट बेसेन्ट ने 'डर्टी-15' नामक देशों के समूह का उल्लेख किया है और कहा है कि ये वे देश हैं जो अमेरिका के 15 फीसदी व्यापारिक साझेदार हैं लेकिन अमेरिकी वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगाते हैं और अन्य व्यापार बाधाएं खड़ी करते हैं।



# दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया और कहा कि अपने 15 वर्ष के सुनहरे कैरियर के शिखर पर वह विदा ले रही हैं। भारत के लिये 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर कटारिया ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं । उनके नाम 158 गोल भी दर्ज हैं । कटारिया ने कहा ,'' आज भारी लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं । यह फैसला सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है। मैं इसलिए नहीं हट रही हूँ क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने कैरियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।''




भारतीय फॉरवर्ड खिलाड़ी **वंदना कटारिया**

- वंदना ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्याद मैच खेले
- भारत के लिए 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर
- कटारिया के नाम 158 गोल दर्ज है

## कोच व मेंटर्स ने मेरी हॉकी को तराशा

कटारिया ने कहा ,'' अपनी साथी खिलाड़ियों, अपनी बहनों से मैं यही कहूंगी कि आपके लगाव और विश्वास ने मुझे बल दिया । मेरे कोचों और मेंटर्स ने अपनी सूझबूझ और मुझ पर भरोसे के सहारे मेरे कैरियर को तराशा ।'' हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कटारिया के बारे में कहा ,'' वह गोल ही नहीं करती थी बल्कि भारतीय आक्रमण की धड़कन थी । अथक परिश्रम करने वाली और मोर्चे से अगुवाई करने वाली ।''

## फारवर्ड पंक्ति को धार देती थी : टिर्की

टिर्की ने कहा ,'' उसकी मौजूदगी ने भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति को धार दी , खासकर भारी दबाव वाले मैचों में । वैश्विक स्तर पर भारतीय टीम की कामयाबी में उसका अहम योगदान रहा । उसने भावी पीढी के लिये नये मानदंड कायम किये हैं ।''

## विदाई थकान के वजह से नहीं

स्ट्राइकर ने कहा ,'' यह विदाई थकान की वजह से नहीं है । यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक विकल्प है, मेरा सिर ऊंचा रहेगा और मेरी स्टिक अभी भी आग उगल रही होगी। भीड़ की गर्जना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में गूंजता रहेगा।''

## 2009 में सीनियर टीम में किया प्रवेश

2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई । ऐसा करनी वाली वह पहली और इकलौती भारतीय महिला खिलाड़ी हैं ।

**टोक्यो के बारे में रोंगटे खड़े हो जाते हैं**

वंदना ने कहा ,'' टोक्यो के बारे में सोचकर अभी भी मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं । वह ओलंपिक खास था और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच मेरे कैरियर का सबसे जज्बाती मैच था । वह हैट्रिक खास थी और उससे भी महत्वपूर्ण यह था कि हमने साबित किया था कि हम वहां तक पहुंच सकते हैं ।''

## महिला नेशंस कप विजेता टीम का हिस्सा रही

कटारिया 2016 और 2023 महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के साथ एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2022 में स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा थी । उन्होंने 2018 एशियाई खेलों और 2018 चैम्पियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीता । वह 2022 राष्ट्रमंडल खेल, 2014 और 2022 एशियाई खेल और 2021 . 22 एफआईएच प्रो लीग में कांस्य जीतने वाली टीम में भी थी ।

## भुवनेश्वर में भारत के लिए आखिरी मैच खेला

हरिद्वार की रहने वाली कटारिया ने फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिये आखिरी मैच खेला । उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'' मेरे दिवंगत पिता मेरी चट्टान, मेरे मार्गदर्शक थे । उनके बिना मेरा सपना कभी पूरा नहीं होता । उनके बलिदानों और प्यार से मेरे खेल की नींव पड़ी । उन्होंने मुझे सपने देखने, लड़ने और जीतने के लिये मंच दिया ।''

खास खबर

## मैं हर मैच में अपने प्रदर्शन में सुधार लाना चाहता हूं: अर्शदीप




**लखनऊ।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय रचनात्मक आत्म-आलोचना को देते हुए कहा कि वह हर मैच में अपने प्रदर्शन में एक से डेढ़ प्रतिशत का सुधार करने की कोशिश करते हैं। आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ के तौर पर तेजी से उभर रहे इस 26 साल के गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ साई सुदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर टीम को पहले मैच में 11 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### टाइटंस का मुकाबला आज रॉयल चैलेंजर्स से

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरूआत की है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच हालांकि बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है।

### मैनी फोर्ड की टीम के लिए रेसिंग करेंगे

**माईपाथ (जर्मनी)।** भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी जर्मन टूरिंग कार रेसिंग सीरीज में अपने पांचवें साल में एचआरटी फोर्ड परफॉर्मेंस टीम के



लिए रेसिंग करेंगे। पिछले साल मैनी ने ड्राइवरों की तालिका में सातवां स्थान हासिल किया था जो डीटीएम (ड्यूश टूरेनवेगन मास्टर्स) करियर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा था। पिछले तीन सत्र (2021 से 2023 तक) में बेंगलुरु का यह 27 वर्षीय ड्राइवर क्रमशः 12वें, 19वें और 20वें स्थान पर रहा था। नए डीटीएम सत्र के लिए परीक्षण का आधिकारिक दिन बुधवार को मोटरस्पोर्ट एरिना ओशर्सलेबेन में होगा।

### सप्तक और थंगराज गोल्फ चैंपियनशिप में शीर्ष पर

**ग्रेटर नोएडा।** श्रीलंका के एन थंगराजा और अपने घरेलू कोर्स पर खेल रहे स्थानीय खिलाड़ी सप्तक तलवार ने मंगलवार को यहां अदानी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप के शुरुआती दौर के बाद पांच अंडर 67 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। डेढ़ करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामें में महू के ओम प्रकाश चौहान, दिल्ली के अर्जुन प्रसाद, गुरुग्राम के सुनहित बिश्नोई और बांग्लादेश के मोहम्मद सोमरत सिकदर जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिसॉर्ट में चार अंडर 68 के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर है।

पंजाब ने मात्र दो विकेट खोकर लक्ष्य किया हासिल

**प्रभसिमरन रहे प्लेयर ऑफ द मैच**

## लखनऊ ने सात विकेट खोकर 171 रन बनाए

# पंजाब किंग्स की लगातार दूसरी जीत लखनऊ को आठ विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर के तूफानी अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को आठ विकेट से हराकर दो मैच में दूसरी जीत दर्ज की।

सुपर जाइंट्स के 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन की 34 गेंद में तीन छक्कों और नौ चौकों से 69 रन की पारी और कप्तान श्रेयस अय्यर (52 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 84 रन की साझेदारी की बदौलत 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाकर जीत हासिल की।

### अय्यर व वढेरा ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया

अय्यर ने निहाल वढेरा (नाबाद 43, 25 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। लेग स्पिनर दिग्वेश राठी सुपर जाइंट्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए।




### अर्शदीप ने 43 रन देकर तीन विकेट चटकाए

पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 43 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन ने शारदुल ठाकुर के पहले ही ओवर में लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन प्रियांश आर्या (08) राठी की गेंद पर जीवनदान मिलने के बावजूद एक गेंद बाद शारदुल को कैच दे बैठे।



### प्रभसिमरन ने 23 गेंद में अर्धशतक किया पूरा

प्रभसिमरन ने आवेश खान पर छक्का जड़ने के बाद रवि बिश्नोई की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा और अय्यर के साथ मिलकर पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 62 रन तक पहुंचाया।

### बडोनी की रही अहम भूमिका

सुपर जाइंट्स ने इससे पहले निकोलस पूरन के 44 और आयुष बडोनी के 41 रन की बदौलत सात विकेट पर 171 रन बनाए। बडोनी ने डेथ ओवरों में अब्दुल समद (27) के साथ छठे विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंद में 47 रन जोड़कर टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन मारक्रम बो फर्ग्युसन | 28 | 18 | 4 | 1 |
| मिचेल मार्श का यानसेन बो अर्शदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| निकोलस पूरन का मैक्सवेल बो चहल | 44 | 30 | 5 | 2 |
| ऋषभ पंत का चहल बो मैक्सवेल | 02 | 05 | 0 | 0 |
| आयुष बडोनी का मैक्सवेल बो अर्शदीप | 41 | 33 | 1 | 3 |
| मिलर का प्रभसिमरन बो यानसेन | 19 | 18 | 3 | 0 |
| अब्दुल समद का प्रियांश बो अर्शदीप | 27 | 12 | 2 | 2 |
| शारदुल ठाकुर नाबाद | 03 | 03 | 0 | 0 |
| आवेश खान नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 07, कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर: 171 रन
**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-43-3, फर्ग्युसन 3-0-26-1, मैक्सवेल 3-0-22-1, यानसेन 4-0-28-1, स्टोइनिस 2-0-15-0, चहल 4-0-36-1

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्या का शारदुल बो राठी | 08 | 09 | 1 | 0 |
| प्रभसिमरन सिंह का बिश्नोई बो राठी | 69 | 34 | 9 | 3 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 52 | 30 | 3 | 4 |
| निहाल वढेरा नाबाद | 43 | 25 | 3 | 4 |

अतिरिक्त: 05, कुल : 16.2 ओवर में दो विकेट पर: 177 रन
**गेंदबाजी** : शारदुल 3-0-39-0, आवेश 3-0-30-0, राठी 4-0-30-2, बिश्नोई 3-0-43-0, सिद्धार्थ 3-0-28-0, समद 0.2-0-6-0

### दक्षिण अफ्रीका के कोच वाल्टर ने दिया इस्तीफा

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर निजी कारणों से इस महीने के अंत में अपने पद से हट जाएंगे। वाल्टर ने निजी कारणों से अपना इस्तीफा दिया जिसे क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने स्वीकार कर लिया है। मार्च 2023 से इस पद पर काबिज वाल्टर ने वैश्विक मंच पर दक्षिण अफ्रीका की हालिया सफलताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया जहां वे बारबाडोस में भारत से हारकर उपविजेता रहे।

### पुणेरी के जाने पर यूटीटी ने कोलकाता को किया शामिल

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) ने अगले महीने से शुरू होने वाले आगामी सत्र के लिए नई फ्रेंचाइजी कोलकाता थंडरब्लेड्स को शामिल किया है जबकि पुणेरी पल्टन के मालिक लीग से बाहर हो गए हैं। पुनीत बालन ग्रुप के स्वामित्व वाली बेंगलुरू स्मैशर्स ने पुणेरी पल्टन के बाहर होने के बाद अपना नाम बदलकर पुणे जगुआर रख लिया है। कोलकाता फ्रेंचाइजी के जुड़ने और पुणेरी पल्टन के बाहर होने के बाद टूर्नामेंट में आठ टीमें बनी रहेंगी।

### धीरे-धीरे खेल की गति से अभ्यस्त हो रहा हूं



**बेंगलुरू।** चोटों के कारण 2022 से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से दूर रहने के लिए मजबूर होने के बाद गुजरात टाइटन्स (जीटी) के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा धीरे धीरे खेल की गति के अभ्यस्त हो रहे हैं। जीटी के साथ अनुबंध के जरिए लीग में लौटे प्रसिद्ध ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 41 रन लुटाए जो तीन साल बाद टूर्नामेंट में उनका पहला मैच था। हालांकि, कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट का स्पैल डाला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध ने कहा, ''जितना मैं खुद को यह बताने की कोशिश कर रहा हूं कि यह सिर्फ एक और टूर्नामेंट है, सिर्फ एक और मैच है, उतना ही मुझे लग रहा है कि मैं कुछ साल के बाद आ रहा हूं।

विश्व मुक्केबाजी कप

## भारत की रही निराशाजनक शुरुआत, परेरा से हारा चाहर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहले विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के अभियान की शुरूआत निराशाजनक रही जब लक्ष्य चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में मेजबान ब्राजील के वांडरले परेरा से हार गए ।

- चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में ब्राजील के परेरा से हार

मौजूदा राष्ट्रीय लाइट हैवीवेट चैम्पियन चाहर को प्री क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलंपियन और विश्व चैम्पियनशिप 2023 रजत पदक विजेता परेरा ने सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में 5-0 से हराया । चाहर के लिये यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिये । चाहर ने 150 में से 149 अंक बनाये जबकि चाहर के 135 अंक रहे । भारत के जादूमणि सिंह एम (50 किलो), निखिल दुबे (75 किलो) और जुगनू (85 किलो) दूसरे दिन चुनौती पेश करेंगे । जादूमणि का सामना पिछले साल विश्व मुक्केबाजी कप के उपविजेता ब्रिटेन के एलिस ट्राउब्रिज से होगा । निखिल की टक्कर ब्राजील के काउ बेलिनी से होगी जबकि जुगनू फ्रांस के अब्दुलाये टी से खेलेंगे । विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित यह पहला टूर्नामेंट है । विश्व मुक्केबाजी को फरवरी में ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता मिली है ।

### एलीट मुक्केबाज पहली बार उतरी

पेरिस ओलंपिक के बाद भारत के एलीट मुक्केबाज भी पहली बार प्रतियोगिता में उतरे हैं । इसमें पहली बार के विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू किये गए नये भारवर्गों में खेलेंगे ।

## कोहली खेलेंगे 2027 का वनडे विश्व कप

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बीच विराट कोहली ने फैंस और क्रिकेट प्रेमियों को बहुत बड़ी अपडेट दी है। आईपीएल का 18वां सीजन खेलने में व्यस्त विराट कोहली ने एक इवेंट के दौरान बड़ा खुलासा कर दिया है। कोहली ने 5 सेकेंड में कुछ ऐसा कह दिया जिस पर उनके फैंस को यकीन ही नहीं हो रहा है। अब विराट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब भारत ने जीता था। फाइनल में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से मात दी थी। फैंस को डर था कि जीत के बाद कहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली संन्यास का एलान ना कर दें। हालांकि, प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए रोहित शर्मा ने साफ कर दिया था कि मैं अभी कहीं नहीं जाने वाला। वहीं अब विराट कोहली ने ना सिर्फ संन्यास पर बल्कि वनडे विश्व कप 2027 पर भी बड़ा अपडेट दिया है। एक इवेंट के दौरान जब विराट कोहली से पूछा गया कि वर्तमान को देखते हुए, क्या आप अगले बड़े कदम के बारे में कोई संकेत दे सकते हैं? इस पर विराट कोहली ने कहा, 'अगला बड़ा कदम? मुझे नहीं पता। शायद अगला विश्व कप 2027 जीतने की कोशिश करें।' इस जवाब के साथ ही कोहली ने साफ भी कर दिया है कि विराट कोहली अभी संन्यास के बारे में विचार नहीं कर रहे हैं।

संदिग्ध गेंजबाजी एक्शन की शिकायत झेलना पड़ा था मैट को

## क्लीन चिट के बाद कुहनेमन को मिला आस्ट्रेलिया का अनुबंध

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 16 विकेट लेने के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत झेलने वाले मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को हरी झंडी मिलने के बाद अब क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 2025 . 26 के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल किया है। कुहनेमन को श्रीलंका में फरवरी में श्रृंखला में प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया था।

कुहनेमन ने पांच टेस्ट में 25 विकेट लिये हैं जिसमें दो बार पारी के पांच विकेट शामिल है । उन्हें श्रीलंका दौरे के बाद गेंदबाजी एक्शन की जांच से गुजरना पड़ा और आईसीसी की जांच में उन्हें क्लीन



चिट मिल गई है । आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि कुहनेमन ने श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन किया और आगे भी वह इसे बरकरार रख सकते हैं ।भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास को भी अनुबंध दिया गया है । कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में 60 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी ।

### अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची

पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, एडम जम्पा ।

## पंजाब के इस तेज गेंदबाज ने कोलकाता के चार विकेट चटकाए

# अश्वनी ने आईपीएल में पदार्पण का श्रेय कप्तान हार्दिक को दिया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के नये खिलाड़ी अश्वनी कुमार ने मंगलवार को कहा कि कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण से पहले उन्हें यह याद दिलाकर उनकी घबराहट दूर कर दी कि 'पंजाबी निडर हैं' और उन्हें बस मैदान पर जाकर प्रतिद्वंद्वी टीम में खौफ पैदा करना चाहिए।पंजाब के झंजेरी के इस 23 वर्षीय वामहस्त तेज गेंदबाज ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सोमवार को 24 रन देकर चार विकेट झटककर टीम को आसान जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। वह इसके साथ ही आईपीएल में अपने पहले मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए।



### पहली ही गेंद पर लिया विकेट

वह पिछले 10 साल में आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे अश्वनी के धैर्य से काफी प्रभावित हुए।

### घबराहट के कारण दोपहर का खाना नहीं खाया

अश्वनी ने मैच के पहले घबराहट के कारण दोपहर का खाना नहीं खाया था और सिर्फ केला खाकर मैदान पर उतरे थे। उन्होंने खुद को सहज कराने का श्रेय अपने कप्तान को दिया। अश्वनी ने 'आईपीएलटी20डॉट कॉम से कहा, ''यह बहुत अच्छा अहसास है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना अच्छा प्रदर्शन करूंगा। हार्दिक भाई ने मुझसे कहा, 'तुम पंजाब से हो और पंजाबी निडर होते हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को डराओ और इसका मजा लो।''

### मेरा पसंदीदी विकेट रसेल का रहा

अश्वनी ने कहा, '' मनीष पांडे ने मेरे खिलाफ चौका जड़ा था। हार्दिक ने मुझे बल्लेबाज की शरीर के पास गेंदबाजी करने की सलाह दी थी। मेरा पसंदीदा विकेट आंद्रे रसेल का था क्योंकि वह बहुत बड़े खिलाड़ी है। हार्दिक भाई ने मुझे बेखौफ होकर खेलने की सलाह दी थी इसलिए मैंने अपनी योजना के साथ गेंदबाजी जारी रखी।'' अश्वनी की सफलता से उनके परिवार और दोस्त भी बहुत खुश हैं।

### मेरा पूरा गांव बहुत खुश है

अश्वनी ने कहा, ''मेरा पूरा गांव बहुत खुश है क्योंकि मुंबई सबसे अच्छी टीम है और इसमें कई बड़े खिलाड़ी हैं।''अश्वनी आईपीएल में मुंबई इंडियंस द्वारा खोजी गई युवा भारतीय प्रतिभाओं की लंबी और शानदार सूची में शामिल हो गए हैं। इसमें जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

# गोल्फर दीपिका तोमर ने पाया पहला स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की जूनियर गोल्फर दीपिका तोमर ने एप्टा आर्मी कोर्स मेरठ में बीती 28 मार्च को आयोजित शुभंकर शर्मा ऑल इंडिया सीरीज 2025 में सिटी क्लवालिफायर के रूप में प्रथम स्थान हासिल किया है। दीपिका ने बी कैटेगरी में 18 होल में 89 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं एप्टा आर्मी कोर्स मेरठ में ही 30-31 मार्च को आयोजित आईजीयू फीडर टूर 2025 के इवेंट-2 में दो दिन के खेल में 36 होल खेलते हुए 178 अंक अर्जित कर कंबाइंड ए+बी कैटेगरी में भी प्रथम स्थान अर्जित किया है।

दीपिका की इस उपलब्धि पर डीवायएसडब्ल्यू गोल्फ रेंज बिशनखेड़ी के हैड कोच देवेंद्र पटेल के साथ सीनियर खिलाड़ियों और परिवार के लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## हैदराबाद में संपन्न हुईं चौथी किओ राष्ट्रीय सीनियर और अन्डर-21 कराते चैम्पियनशिप 2025

# मध्यप्रदेश 7 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 12 पदक अर्जित कर बना ओवर ऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

चौथी किओ राष्ट्रीय कराते चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन 26 से 29 मार्च तक हैदराबाद में किया गया। इस चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 12 पदक अर्जित कर राष्ट्रीय चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया।

वहीं, दिल्ली 6 स्वर्ण, 4 रजत, 3 कांस्य सहित कुल 13 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर और हरियाण 4 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य सहित 11 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

### ये हैं मप्र के पदक विजेता खिलाड़ी



| इवेन्ट | खिलाड़ी का नाम | | पदक |
|---|---|---|---|
| अंडर- | 21 68 किग्रा. व्यक्तिग कुमीते | कु. कल्याणी विश्वकर्मा | 01 स्वर्ण |
| सीनियर | 68 किग्रा. | व्यक्तिग कुमीते | 01 कांस्य |
| सीनियर टीम कुमीते महिला कु. कल्याणी विश्वकर्मा, गार्गी सिंह परिहार,सपना पाण्डे, आरती मालवीय, ऋतु ठाकुर 1 कांस्य | | | |
| सीनियर | 60 किग्रा. व्यतिगत कुमीते | गौरव सिंधिया | 01 स्वर्ण |
| | इंटेलेक्च्युली इम्पेयर्ड के-22 | कीर्ति श्रीवास्तव | 01 स्वर्ण |
| अंडर-21 | 45 किग्रा. व्यक्तिग कुमीते | तृप्ति पाल | 01 स्वर्ण |
| अंडर-21 | 60 किग्रा. व्यक्तिग कुमीते | शशांक तिवारी | 01 स्वर्ण |
| अंडर-21 - | 75 किग्रा. व्यक्तिग कुमीते | प्रियांक भदौरिया | 01 स्वर्ण |
| सीनियर टीम कुमीते पुरूष राजवीर सिंह, केतन रायकवार, गौरव सिंधिया, साहिल बर्मन, प्रियांक भदौरिया, मोहित पीयूष, शिवम झारिया 01 स्वर्ण | | | |
| अंडर-21 | 50 किग्रा. व्यक्तिग कुमीते | आरती तिवारी | 01 रजत |
| अंडर-21 | व्यक्तिग काता | मुस्कान मांझी | 01 कांस्य |
| सीनियर | 67 किग्रा. व्यतिगत कुमीते | दीपक रौथान | 01 कांस्य |



# चंडीगढ़ में मप्र रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक





▲ ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रोइंग चैम्पियनशिप 2025

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रोइंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन 21 से 27 मार्च तक चंडीगढ में किया गया। इस प्रतियोगिता में मप्र रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण और 5 कांस्य सहित कुल 9 पदक अर्जित किए। इनमें मेन्स कॉक्सलेस 4 2000 मी. में बंटी सेंधव, राघब सरन, प्रयश, धीरज वर्मा ने 1 स्वर्ण पदक पदक हासिल किया। वहीं डबल कॉक्सलेस स्कल 2000मी. इवेन्ट में अर्जुन गुर्जर, वेदांश तहरिया ने भी 1 स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। डबल स्कल्स 2000मी. इवेन्ट में हरिओम ठाकुर, अमन सिंह की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी के साथ ओपन मेन्स क्वार्टरपुल स्कल्स 2000 मी.इवेन्ट में अमन सिंह, वेदांश तहरिया, अरविंद गुर्जर और हरिओम ठाकुर की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं ओपन मेन्स कॉक्सलेस -4 2000मी. इवेन्ट में गोपाल वर्मा, अक्षय यादव, भागीरथ कुशवाह और उदय प्रताप सिंह ने कांस्य पदक जीता। ओपन मेन सिंगल स्कल्स 500 मी. इवेन्ट में आदित्य सिंह ने कांस्य पदक पर और मेन सिंगल स्कल्स 500 मी. इवेन्ट में अमन सिंह ने कांस्य पदक और मेन्स डबल्स स्कल्स 500मी. इवेन्ट में हरिओम ठाकुर और अमन सिंह ने भी कांस्य पदक जीता। इसी तरह ओपन मेन्स कॉक्सलेस -4 500 मी. इवेन्ट में गोपाला वर्मा, अक्षय यादव, भागीरथ कुशवाह और उदय प्रताप सिंह ने भी कांस्य पदक पर कब्जा किया।

### प्रदेश के खेल मंत्री सारंग ने दी खिलाड़ियों को बधाई

खेल अकादमी के सभी पदक विजेता रोइंग खिलाड़ियों को प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी है। उल्लेखनीय है मप्र के रोइंग खिलाड़ी प्रशिक्षक दलबीर सिंह के मार्गदर्शन में खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत हैं।

## गौतम नगर में चल रहा क्रिकेट टूर्नामेंट

# अरेरा क्रिकेट अकादमी ने शिवाय क्रिकेट अकादमी को 29 रन से किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में गौतम नगर खेल मैदान पर आयोजित आयोजित अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को अरेरा क्रिकेट अकादमी और शिवाय क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। टॉस अरेरा क्रिकेट अकादमी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में पूरी टीम 133 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अरेरा के आदित्य ने 25 और रुद्र ने 14 रनों का योगदान दिया।



शिवाय के गेंदबाज हर्ष शिवम और अर्णव ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाय अकादमी की टीम 104 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह अरेरा क्रिकेट अकादमी ने 29 रन से मैच जीत लिया। शिवाय के बैटर भावेश ने 17 और सिविक तनेजा ने 11 रनों का योगदान दिया। अरेरा के गेंदबाज नकुल ने 4 और विवान ने 2 विकेट लिए।

## 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट

# अंकुर अकादमी ने एकतरफा मुकाबले मे रेलवे यूथ को 109 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार का मैच अंकुर क्रिकेट अकादमी और रेलवे यूथ के बीच खेला गया, जिसमें अंकुर अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.1 ओवर में 211 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

जवाबी पारी खेलने उतरी रेलवे यूथ की टीम 22.1 ओवर में 102 रन पर ही ढेर हो गई। अथर्व को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया।

उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटर इकबाल सिद्दीकी और जोन 10 के एचओ दिनेश पाल, जोन 12 के एचओ रवि बाथम ने पुरस्कृत किया।

## लाइफ स्टाइल



# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी'का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

लाइफ Style

# तमन्ना

## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ⏭ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942ः अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930